# कौमी पत्रिका
## राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली–हरियाणा–पंजाब–चण्डीगढ़–उत्तर प्रदेश से प्रसारित
शुक्रवार, 30 अगस्त 2024

VISIT:
www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक – गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 17 अंक 294 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)


## बलिदानी अग्निवीरों के परिवारों को पुलिस की तरह देंगे मुआवजा: सीएम सोरेन

**कौमी संवाददाता**

रांची, 29 अगस्त। झारखंड सरकार ने सर्वोच्च बलिदान देने वाले अग्निवीरों को लेकर गुरुवार को बड़ा फैसला लिया। सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड के बलिदानी अग्निवीरों के परिवारों को पुलिस की तरह मुआवजा दिया जाएगा। इसके अलावा



गरीबों का बकाया बिजली बिल भी माफ किया जाएगा। झारखंड के राजनीतिक घटनाक्रम पर उन्होंने कहा कि चुनाव नजदीक आ रहे हैं। इसलिए कुछ दिनों बाद धीरे–धीरे सभी मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। झारखंड में इसी साल विधानसभा चुनाव होने हैं। इसे लेकर सीएम हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली झारखंड सरकार नए फैसले लागू कर रही है। बलिदान देने वाले अग्निवीरों के परिवारों को पुलिस की तरह मुआवजा देने के फैसले को भी चुनाव से जोड़कर देखा जा रहा है। सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि सरकार ने गरीबों का बकाया बिजली बिल माफ करने का फैसला लिया है। इसके लिए जल्द ही कार्ययोजना बना दी जाएगी। इस फैसले को लागू करने से झारखंड सरकार पर बड़ा आर्थिक बोझ पड़ेगा। झारखंड के सरकारी अस्पतालों में अब निजी डॉक्टर मरीजों का इलाज करेंगे। राज्य सरकार ने अस्पतालों में कर्मचारियों की कमी को देखते हुए यह फैसला लिया है। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को नियुक्त पत्र वितरण के दौरान सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि सरकार स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए काम कर रही है। राज्य के स्वास्थ्य सचिव अजॉय कुमार सिंह ने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और जिला अस्पतालों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी को देखते हुए सरकार ने निजी डॉक्टरों को इलाज करने की अनुमति देने का फैसला किया। इसके एव में डॉक्टरों को प्रोत्साहन भी दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केंद्रों, अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों की सफाई, मरम्मत और रखरखाव के लिए पांच करोड़ रुपये का वार्षिक बजट आवंटित किया है। अग्निपथ योजना की घोषणा केंद्र ने जून 2022 में की थी। इस योजना के तहत भर्ती होने वालों को अग्निवीर कहा जाता है।

# कोलकाता कांड: अस्पताल से आए दो कॉल, पहले बीमार फिर आत्महत्या की

**सिम्मी कौर बब्बर**

कोलकाता, 29 अगस्त। कोलकाता के आरजी की मेडिकल कॉलेज में जूनियर डॉक्टर के साथ कथित दुष्कर्म और हत्या के मामले में शुरुआत से ही फोन कॉल की बात सामने आ रही है। पीड़िता और मृतक डॉक्टर के माता–पिता का कहना था कि नौ अगस्त की सुबह अस्पताल से उन्हें दो बार कॉल आया था। पहले फोन में कहा गया था, आपकी बेटी बीमार है। फिर दूसरे फोन में बताया गया कि आपकी बेटी ने आत्महत्या कर ली है। इसके बाद कोलकाता हाईकोर्ट में भी पीड़िता के परिवार के वकील ने भी यही दावा किया। अब उस बातचीत की तीन ऑडियो वायरल हो गईं हैं। फोन कॉल में एक महिला की आवाज के साथ एक पुरुष और एक अन्य महिला की आवाज भी सुनाई देती है। दावा किया जा रहा है कि ये ऑडियो आरजी कर की घटना के दिन पीड़िता के माता–पिता के साथ की गई बातचीत की है। हालांकि अमर उजाला किसी ऑडियो क्लिप की सत्यता की पुष्टि नहीं करता है। पहले ऑडियो क्लिप में एक महिला की आवाज सुनाई दे रही है जो किसी के बीमार होने की बात कर रही है। महिला कह रही है कि उसकी थोड़ी तबीयत खराब हो गई है। आप लोग तुरंत आ सकते हैं क्या? इसके बाद दूसरी ऑडियो क्लिप में यही महिला कह रही है कि मैं असिस्टेंट सुपर हूं, मैं




डॉक्टर नहीं हूं। इसके बाद तीसरे ऑडियो क्लिप में महिला कहती है कि उसने शायद आत्महत्या कर ली है या मर गई है। यह स्पष्ट नहीं है कि ये तीनों ऑडियो क्लिप एक ही फोन कॉल का हिस्सा हैं या अलग–अलग फोन कॉल हैं। इसके साथ ही यह भी स्पष्ट नहीं है कि ये कॉल उसी दिन की हैं या नहीं। लेकिन बातचीत पूरी तरह से तीन लोगों के बीच है। एक तरफ एक महिला की आवाज है, और दूसरी ओर एक पुरुष और एक महिला की आवाजें हैं। उल्लेखनीय है कि आरजी कर कांड में पीड़िता के माता–पिता ने घटना के बाद से ही आरोप लगाया था कि उन्हें अस्पताल से गलत जानकारी दी गई थी। उनका सवाल था कि पहले क्यों कहा गया कि उनकी बेटी बीमार है और बाद में कहा गया कि उनकी बेटी ने आत्महत्या कर ली है, जबकि उनकी बेटी से दुष्कर्म और हत्या की गई थी। पहले आरोप था कि कोलकाता पुलिस ने पीड़िता के माता–पिता को फोन कर खबर दी थी। कोलकाता पुलिस ने बताया कि उनकी तरफ से पीड़िता के घर पर कोई फोन नहीं किया गया था। अस्पताल के किसी व्यक्ति ने फोन किया था। बाद में मृतक के माता–पिता ने बताया कि एक असिस्टेंट सुपर पहचान बताकर फोन किया था। उसने पहले बेटी बीमार है कहा और फिर आत्महत्या की बात कही। सार्वजनिक हुई फोन कॉल में भी यही सुनाई दे रहा है। कोलकाता हाई कोर्ट में आरजी कर कांड की सुनवाई के दौरान, मृतक के परिवार के वकील विकासरंजन भट्टाचार्य ने भी यही कहा था। उन्होंने कहा था कि पहले परिवार को किसी ने फोन करके कहा कि आपकी बेटी बीमार है।

# सुप्रीम कोर्ट में मुख्य न्यायाधीश ने किया शिशु गृह का उद्घाटन

**सौरभ शर्मा**

नई दिल्ली, 29 अगस्त। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में शिशुगृह का उद्घाटन किया। उन्होंने बताया कि यहां बच्चों के लिए खेलने की जगह, सोने की जगह और एक भोजन क्षेत्र है। शिशुगृह का एकमात्र उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को न्यायिक क्षेत्र में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना और एक सुरक्षित और बेहतर माहौल बनाना है। चंद्रचूड़ ने कहा, हमारे पास कई सारे युवा वकील रोज काम करने आते हैं। हमारे पास 2500 सदस्यों का स्टाफ है। पुराना शिशुगृह 198 वर्गमीटर का था। यह शिशुगृह 450 वर्गमीटर में फैला हुआ है। यहां वकीलों और स्टाफ के 100 बच्चे रह सकते हैं। इसका उद्देश्य एक सुरक्षित और बेहतर माहौल बनाना है। उन्होंने आगे कहा, इस शिशुगृह में बच्चों के लिए खेलने, खाने और सोने की जगह है। इसका लक्ष्य ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को बच्चों की चिंता किए बिना न्यायिक क्षेत्र में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना है। मुख्य न्यायाधीश ने आगे कहा कि अन्य संगठनों को इससे सीख लेनी चाहिए। उन्होंने कहा, दूसरे संगठनों को हमसे सीख लेनी चाहिए, क्योंकि महिलाओं को प्रोत्साहित करने का यह एक तरीका है, जहां बच्चे सुरक्षित कामकाजी परिस्थितियों में रह सकते हैं। शिशुगृह का उद्घाटन करने के बाद मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने मामलों की सुनवाई शुरू की। उन्होंने कहा, माफी चाहता हूं कि कार्यवाही शुरू करने में समय लगा। हमने युवा पुरुष और महिलाओं के लाभ के लिए शिशुगृह का उद्घाटन किया। इससे पहले जो शिशुगृह था, उसमें 30 बच्चे ही रह सकते थे, लेकिन अब नए वाले में 100 बच्चे रह सकते हैं।

इससे पहले डीवाई चंद्रचूड़ ने सुप्रीम कोर्ट में बैंक ऑफ महाराष्ट्र के ब्रांच का भी उद्घाटन किया। इस दौरान मुख्य न्यायाधीश के साथ सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कपिल सिब्बल भी थे। सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम ने दिल्ली उच्च न्यायालय में न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति के लिए अधिवक्ता तेजस धीरेनभाई कारिया के नाम की सिफारिश की



है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और बीआर गवई सहित शीर्ष अदालत के कॉलेजियम ने कहा कि न्याय विभाग द्वारा प्रदान किए गए इनपुट से संकेत मिलता है कि उम्मीदवार की अखंडता के बारे में कुछ भी प्रतिकूल बात सामने नहीं आई है। उम्मीदवार की उम्र के संबंध में सामने आया है कि वह 45 वर्ष की आयु सीमा को पूरा करता है। कॉलेजियम ने कहा कि उम्मीदवार मध्यस्थता कानून में विशेषज्ञ है और मध्यस्थता कानून के मामलों के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय में विशेष हैंडलिंग की आवश्यकता है। 25 अक्टूबर 2023 को दिल्ली उच्च न्यायालय के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश ने अपने दो वरिष्ठतम सहयोगियों के परामर्श से सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम से अधिवक्ता कारिया के नाम की सिफारिश की थी। सुप्रीम कोर्ट ने एक अपील को कानूनी दुस्साहस बताते हुए अपीलकर्ता पर 1.2 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। शीर्ष अदालत ने कहा कि मामले को आगे बढ़ाने से मद्रास हाईकोर्ट का बहुमूल्य न्यायिक समय बर्बाद हुआ। शीर्ष अदालत एक ऋण विवाद और ऋणदाता के पक्ष में देनदार की ओर से संपत्तियों को गिरवी रखने के परिणामी विवाद में मद्रास हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ बी गोवर्धन की अपील पर सुनवाई कर रही थी। जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस एहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने हाईकोर्ट की खंडपीठ के फैसले को खारिज करते हुए न्यायिक समय बर्बाद करने के लिए अपीलकर्ता गोवर्धन की आलोचना की। जस्टिस अमानुल्लाह ने कहा कि कानूनी दुस्साहस के कारण हाईकोर्ट का कीमती समय बर्बाद हुआ, इसलिए हम अपीलकर्ता पर 1.2 लाख रुपये का जुर्माना लगाते हैं। जुर्माना छह सप्ताह के भीतर हाईकोर्ट की रजिस्ट्री में जमा कराया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने प्रेमिका की मदद से हत्या करने के आरोपी विवाहित व्यक्ति को तीन महीने के भीतर पटना हाईकोर्ट से मिली जमानत खारिज कर दी। शीर्ष अदालत ने कहा कि हाईकोर्ट को गवाहों के बयान का इंतजार करना चाहिए था। इसमें वे गवाह भी शामिल हैं जिन्होंने आरोपी को घटास्थल पर देखने का दावा किया और उसके विवाहेत्तर संबंध होने की भी जानकारी दी थी। जस्टिस सूर्यकांत व जस्टिस उज्ज्ल भुइयां की पीठ ने 20 अगस्त को दिए आदेश में कहा, चूंकि हाईकोर्ट ने जमानत देने में जल्दबाजी दिखाई है।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं संग अधीर रंजन का प्रदर्शन जारी

**तेजिन्दर कौर बब्बर**

कोलकाता, 29 अगस्त। पश्चिम बंगाल में कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज–अस्पताल में एक प्रशिक्षु महिला से दुष्कर्म और हत्या के मामले में राज्य में प्रदर्शन तेज हो गया है। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ सड़कों में उतरकर प्रदर्शन कर रहे हैं। पीड़िता के लिए न्याय की मांग करते हुए बंगाल की महिलाएं भी पोस्टर और बैनर के साथ सड़कों पर उतर आईं। केंद्रीय मंत्री और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने राज्य के मौजूदा माहौल को देखते हुए राज्यपाल सीवी आनंद बोस को



चिट्ठी लिखी। उन्होंने चिट्ठी में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ राज्य में हिंसा भड़काने का आरोप भी लगाया। सुकांत मजूमदार ने अपनी चिट्ठी में कहा, टीएमसी छात्र विंग के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी के बयानों पर आपका ध्यान आकर्षित करने के लिए मैं आपको चिट्ठी लिख रहा हूं। उन्होंने भीड़ को यह कहकर उकसाया कि, मैंने (ममता बनर्जी) कभी बदला नहीं चाहा, लेकिन अब जो करना जरूरी है वह करो। राज्य के शीर्ष अधिकारी की तरफ से इस तरह का बयान देना चिंता का विषय है। उन्होंने भड़काऊ टिप्पणी भी की। अगर बंगाल में आग लगी तो असम, बिहार, ओडिशा, झारखंड और दिल्ली में भी इसका प्रभाव दिखेगा। यह किसी संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति की आवाज नहीं है। यह किसी राष्ट्रविरोधी का बयान है। भाजपा नेता सुकांत मजूमदार ने राज्यपाल से मुलाकात भी की। राज्यपाल से मिलने के बाद उन्होंने मीडिया से भी बातचीत की। सुकांत मजूमदार ने कहा, नौ अगस्त से क्या–क्या हुआ, हमने इसका पूरा विवरण राज्यपाल को दे दिया। हमने उनसे कहा कि आप राज्य के संरक्षक हैं। बंगाल आपकी तरफ देख रहा है। राज्य में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जो भी करना पड़े आप कीजिए। बंगाल के लोगों को आपसे बहुत उम्मीद हैं। राज्यपाल दिल्ली जा रहे हैं। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज–अस्पताल में जूनियर डॉक्टर के साथ दरिंदगी की घटना गुरुवार–शुक्रवार की दरमियानी रात की है। मृतक मेडिकल कॉलेज में चेस्ट मेडिसिन विभाग की स्नातकोत्तर द्वितीय वर्ष की छात्रा और प्रशिक्षु डॉक्टर थीं। गुरुवार को अपनी ड्यूटी पूरी करने के बाद रात के 12 बजे उसने अपने दोस्तों के साथ डिनर किया। इसके बाद से महिला डॉक्टर का कोई पता नहीं चला। शुक्रवार सुबह उस वक्त मेडिकल कॉलेज में हड़कंप मच गया जब चौथी मंजिल के सेमिनार हॉल से अर्ध नग्न अवस्था में डॉक्टर का शव बरामद हुआ। घटनास्थल से मृतक का मोबाइल फोन और लैपटॉप बरामद किया गया। पोस्टमॉर्टम की शुरुआती रिपोर्ट से पता चला है कि महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म की घटना हुई थी। जूनियर महिला डॉक्टर का शव गद्दे पर पड़ा हुआ था और गद्दे पर खून के धब्बे मिले।


## तानाशाह की तरह कॉलेज चलाता था संदीप घोष, गेस्ट हाउस में होते थे अनैतिक काम

कोलकाता, 29 अगस्त। संदीप घोष पर भ्रष्टाचार का खुलासा करने वाले अख्तर अली ने अपने आरोपों में कहा कि संदीप ने 15 जूनियर डॉक्टरों का एक गैंग बनाया था, जो वसूली करता था। इस गैंग के सदस्य गेस्ट हाऊस में लड़कियां लाते थे, वहां रंगीन महफिल सजती थी और शराब परोसी जाती थी। आरजी मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल डॉ. संदीप घोष अस्पताल का बॉयोमेडिकल बेस्ट का अपने अधीन अधिकारी के माध्यम से बांग्लादेश तस्करी करवाता था। पता चला है कि वह रिसाइकल होकर बाजार में आ जाता था। संदीप घोष हर टेंडर पर 20 प्रतिशत का कमिशन लेता था। पैसे मिलते ही बिना अर्हता पूरा करने वालों के लिए रातों–रात आदेश जारी कर देता था। उसका रवैया एक तानाशाह की तरह था। उन्होंने सवाल उठाया, अगर दाल में कुछ काला नहीं था तो जूनियर डॉक्टर की हत्या वाली जगह पर उस दिन डॉ. देबाशीष सोम क्या कर रहे थे। संदीप ने अस्पताल में अनैतिक काम करने के लिए 15 जूनियर डॉक्टरों का एक गैंग बनाया हुआ था, जो विद्यार्थियों को पास फेल करने के एवज में पैसे बसूलता था। कॉलेज के विद्यार्थियों पर अन्याय और अत्याचार हो रहा था। ये आरोप किसी ओर ने नहीं बल्कि अमर उजाला के साथ खास बातचीत में आरजी कर मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल डॉ. संदीप घोष के खिलाफ वित्तीय अनियमितताओं को लेकर हाईकोर्ट जाने वाले कॉलेज के पूर्व डिप्टी सुपरिंटेंडेंड अख्तर अली ने लगाए हैं। अली की याचिका पर ही कलकत्ता हाईकोर्ट ने आरजी कर कॉलेज की जांच सीबीआई को सौंपी। उन्होंने कहा, विद्यार्थियों के साथ अन्याय हो रहा था। भ्रष्टाचार और अनियमितताएं बढ़ती जा रही थीं। मैंने हर जगह शिकायत की लेकिन किसी ने नहीं सुनी। आरजी कॉलेज को मैंने अपने जीवन के 16 बरस दिए। कॉलेज मेरे लिए मां जैसा है। मां के दामन में कोई दाग लगाएगा तो क्या कीजिएगा। बस मैंने वही किया। बस, चाहता हूं कि इस नेक्सेस का पर्दाफाश हो और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले। अख्तर ने बताया कि 2021 में संदीप घोष, आरजी कर मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल नियुक्त हुए। यहां प्रिंसिपल बनते ही इन्होंने अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया।

# मुस्लिम विवाह-तलाक से जुड़ा पुराने कानून को निष्प्रभावी करने वाला विधेयक पारित

**नरेश मल्होत्रा**

गुवाहाटी, 29 अगस्त। असम विधानसभा ने गुरुवार को एक विधेयक पारित किया है। इसमें मुस्लिमों के विवाह और तलाक पंजीकरण से संबंधित एक कानून को निष्प्रभावी किया गया है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने इस विधेयक के पारित होने पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने आज के दिन को ऐतिहासिक बताया और कहा कि उनका अगला लक्ष्य बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाना है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, बाल विवाह के खिलाफ लड़ाई के हमारे प्रयास में आज का दिन ऐतिहासिक है। असम विधानसभा ने असम अनिवार्य मुस्लिम विवाह और तलाक पंजीकरण विधेयक 2024 पारित कर दिया है। इस अधिनियम के तहत विवाह को सरकार के साथ पंजीकृत करना अनिवार्य होगा। अब लड़कियों के लिए 18 वर्ष और लड़कों के लिए 21 वर्ष की विवाह की कानूनी उम्र का उल्लंघन नहीं किया जा सकता है। इस विधेयक का समर्थन करने वाले सभी विधायकों का मैं समर्थन करता हूं। यह विधेयक राजनीति से ऊपर है। इसका उद्देश्य लड़कियों को सम्मान देना है। हमारा अगला लक्ष्य बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाना है। राजस्व और आपदा प्रबंधन मंत्री जोगेन मोहन ने 22 अगस्त को विधानसभा में असम निरसन विधेयक, 2024 पेश किया था, जिसमें असम मुस्लिम विवाह और तलाक पंजीकरण अधिनियम, 1935 और असम निरसन अध्यादेश 2024 को रद्द करने का




प्रावधान है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य केवल बाल विवाह को समाप्त करना नहीं, बल्कि काजी व्यवस्था से छुटकारा पाना भी है। हम मुस्लिम विवाह और तलाक के पंजीकरण को सरकारी तंत्र के तहत लाना चाहते हैं। उन्होंने आगे कहा कि सभी विवाहों का पंजीकरण सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार किया जाना चाहिए, लेकिन राज्य इस उद्देश्य के लिए काजी जैसे निजी निकाय का समर्थन नहीं कर सकता है। उन्होंने कहा कि सभी विवाहों का पंजीकरण उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुसार करना होगा, लेकिन राज्य सरकार इस उद्देश्य के लिए काजियों की तरह अलग से किसी निजी इकाई का समर्थन नहीं कर सकती। विपक्षी दलों ने इस फैसले की निंदा करते हुए इसे मुस्लिमों के साथ भेदभाव वाला तथा चुनावी साल में मतदाताओं के ध्रुवीकरण वाला बताया। असम सरकार ने मंगलवार को असम मुस्लिम विवाह और तलाक अनिवार्य पंजीकरण विधेयक, 2024 पेश किया था। मोहन ने निरसन विधेयक के उद्देश्य पर कहा कि 21 साल से कम उम्र (पुरुष के मामले में) और 18 साल (महिला के मामले में) के विवाह के पंजीकरण की गुंजाइश बनी हुई है। उन्होंने कहा कि पूरे राज्य में अधिनियम के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए शायद ही कोई प्रावधान था और इसकी वजह से अदालत में बड़ी संख्या में मामले आए। उन्होंने आगे कहा कि अधिकृत लाइसेंसधारी (मुस्लिम विवाह रजिस्ट्रार) के साथ–साथ नागरिकों द्वारा कम उम्र या नाबालिग विवाह और पार्टियों की सहमति के बिना जबरन विवाह की गुंजाइश है।


"ਜੇਹਾ ਚੀਰੀ ਲਿਖਿਆ ਤੇਹਾ ਹੁਕਮੁ ਕਮਾਹਿ ॥
ਘਲੇ ਆਵਹਿ ਨਾਨਕਾ ਸਦੇ ਉਠੀ ਜਾਹਿ ॥"



(1957-2024)

With profound grief and sorrow, we regret to inform you that our beloved

**Sdn. Joginder Kaur Ji**

(W/O Late Sd Inderjit Singh)

left for her heavenly abode on 27th August 2024

For the peace of departed soul

**Bhog and Antim Ardas**

will be held at

Gurdwara Shri Guru Singh Sabha, Bhai Parmanand Colony, Delhi 110009

on Saturday, 31 August 2024 from 12 pm to 1:30 pm

**Uprant Guru ka Langar**

**Grief Stricken**

Barinderjit Singh (Sonu) - 9711999521

Parminder Singh - 93557 53653

## बंगलादेश ने मांगी 08 अरब डॉलर की मदद

**एजेंसी**

**ढाका।** बंगलादेश की सरकार ने विदेशी कर्ज चुकाने और विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ाने के लिए दिसंबर तक अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) सहित अन्य भागीदारों से आठ अरब डॉलर की बजट सहायता की मांग की है। यह जानकारी मीडिया रिपोर्ट से गुरुवार को प्राप्त हुई। द डेली स्टार ने कहा कि सरकार एशियाई विकास बैंक (एडीबी) और विश्व बैंक से बाढ़ से क्षतिग्रस्त क्षेत्रों में पुनर्वास कार्यक्रमों के लिए धन भी मांग रही है।

देश में नुकसान और क्षति की प्राथमिक पूर्वानुमान के आधार पर, सरकार ने एडीबी को एक पत्र लिखा है, जिसमें बाढ़ पुनर्वास के लिए 30करोड डॉलर देने का अनुरोध किया गया है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, बंगलादेश विश्व बैंक से भी बड़ी रकम की मांग करेगा, लेकिन अभी तक औपचारिक अनुरोध नहीं किया गया है। बजट समर्थन के माध्यम से, वैश्विक ऋणदाता के मौजूदा 4.7 अरब डॉलर ऋण कार्यक्रम के लिए और इसके अलावा आईएमएफ से 03 अरब डॉलर आने की उम्मीद है। बंगलादेश के वित्त मंत्रालय और बंगलादेश बैंक के अधिकारियों के अनुसार, देश की सरकार विश्व बैंक, एडीबी, जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी (जेआईसीए) और एशियन इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक (एआईआईबी) सहित विभिन्न विकास भागीदारों से 5 अरब डॉलर मांगने की योजना बना रही है। बंगलादेश बैंक के गवर्नर अहसान एच मंसूर ने हाल ही में आईएमएफ से 03 अरब डॉलर मांग करने की योजना बनाने की घोषणा की थी।

## मध्य ईरान में आईआरजीसी संयंत्र में गैस रिसाव से एक की मौत, 10 घायल

**तेहरान।** मध्य ईरानी प्रांत इस्फ़हान में ईरान के इस्लामिक रेवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स की एक कार्यशाला में गैस रिसाव के कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई, और 10 अन्य लोग घायल हो गए। यह जानकारी अर्ध-आधिकारिक फ़ार्स समाचार एजेंसी ने गुरुवार को दी। फार्स एजेंसी ने इस्फ़हान में आईआरजीसी के साहेब अल-ज़मान कोर के एक बयान के हवाले से कहा कि कार्यशाला कोर के केंद्रों में से एक में स्थित थी, जिसमें घटना की तारीख या अधिक विवरण प्रदान नहीं किया गया।

## बोस्निया और हर्जेगोविना में सैन्य हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त

**साराजेवो।** बोस्निया और हर्जेगोविना के सशस्त्र बलों से संबंधित यूएफ-1एच हेलिकॉप्टर पूर्वाह्न लगभग 11:00 बजे देश के दक्षिणी भाग में जबलानिको झील में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, विमान में



चालक दल के सदस्यों में पायलट, सह-पायलट, उड़ान तकनीशियन और राहत एवं बचाव सेवा के विशेषज्ञ सवार थे। उन्हें तुरंत चिकित्सा उपचार के लिए कोन्जिक नगर पालिका के आपातकालीन कक्ष में ले जाया गया और उनकी हालत स्थिर है। दुर्घटना के समय हेलिकॉप्टर कोन्जिक नगर पालिका की नागरिक सुरक्षा सेवा के साथ गुरुवार के लिए निर्धारित अभ्यास के लिए रवाना हुआ था। रक्षा मंत्री ज़ुकन हेलेज़ स्थिति की निगरानी के लिए घटनास्थल के लिए रवाना हो गए हैं। जांच चल रही है।

## पाकिस्तान में अक्टूबर तक धीमी रहेगी इंटरनेट की रफ्तार : पीटीए

PTA Pakistan Telecommunication Authority

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान दूरसंचार प्राधिकरण (पीटीए) ने कहा कि पनडुब्बी केबलों में समस्याओं के कारण इस साल अक्टूबर तक पूरे पाकिस्तान में इंटरनेट की रफ्तार धीमी रहने की उम्मीद है। पीटीए ने एक बयान में कहा कि इंटरनेट की रफ्तार में कमी मुख्य रूप से दो पनडुब्बी केबलों में खराबी के कारण है। बयान में कहा गया है कि पनडुब्बी केबल एएई-1 की मरम्मत की गई है, जिससे इंटरनेट का अनुभव बेहतर हो सकता है और एसएमडब्ल्यू-4 पनडुब्बी केबल में खराबी अक्टूबर 2024 की शुरुआत तक ठीक होने की संभावना है। वायरलेस एंड इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर्स एसोसिएशन ऑफ पाकिस्तान और पाकिस्तान सॉफ्टवेयर हाउस एसोसिएशन ने कहा कि इंटरनेट की रफ्तार धीमी होने और व्यवधान के कारण फ्रीलांसरों, सूचना प्रौद्योगिकी पेशेवरों और व्यापक डिजिटल अर्थव्यवस्था के लिए गंभीर आर्थिक समस्याएं हुयी हैं।

# अल साल्वाडोर में भूकंप, 6.1 तीव्रता के तेज झटके किए गए महसूस

**एजेंसी**

**सैन साल्वाडोर** । अल साल्वाडोर में 6.1 तीव्रता का भूकंप आया है। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, अल साल्वाडोर में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 6.1 दर्ज की गई।

अधिकारियों के अनुसार, भूकंप की तीव्रता तेज होने के कारण लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। हालांकि, इसमें किसी के हताहत होने या बड़े नुकसान की कोई खबर नहीं है। समाचार एजेंसी के अनुसार, अल साल्वाडोर के पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधन मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट कर भूकंप की जानकारी दी है। उन्होंने लिखा- भूकंप दोपहर स्थानीय समयानुसार दोपहर 3:57 बजे आया। इसका केंद्र ला लिबर्टाड के तट से दूर मिज़ाता बीच के दक्षिण में था। इसकी गहराई 13 किलोमीटर नीचे दर्ज की गई है।

पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधन मंत्रालय ने कहा कि भूकंप के बाद अल साल्वाडोर में सुनामी का कोई खतरा नहीं है। साथ ही देश में भूकंपीय गतिविधियों पर बारीकी से नज़र रखी जा रही है।




बता दें कि अल साल्वाडोर प्रशांत रिंग ऑफ फायर पर स्थित है। इसलिए यहां भूकंप का खतरा बना रहता है।

हाल के वर्षों में अल साल्वाडोर ने कई भूकंपों का सामना किया है। देश के पश्चिमी क्षेत्र में एक सप्ताह के भीतर करीब 120 बार भूकंप के झटके दर्ज किए गए थे। 18 अगस्त को रूस के पूर्वी तट पर 7.0 तीव्रता वाला भूकंप आया था। भूकंप की तीव्रता तेज होने के बाद कामचटका क्षेत्र में स्थित शिवलुच ज्वालामुखी फट गया था।

अमेरिकी राष्ट्रीय सुनामी चेतावनी केंद्र ने शुरुआत में सुनामी का खतरा जारी किया था, लेकिन बाद में कहा था कि यह खतरा टल गया है। रूसी आपात मंत्रालय ने सुनामी की कोई चेतावनी जारी नहीं की थी।

# अमेरिका में लिस्टेरिया बीमारी से 8 की मौत, 50 से अधिक बीमार

**एजेंसी**

**लॉस एंजेलिस** । अमेरिका में लिस्टेरिया बीमारी से 8 लोगों की मौत हो गई है और 50 से अधिक लोग बीमार हो गए हैं। अमेरिकी रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र (सीडीसी) द्वारा जारी किए गए आंकड़ों ने इस बात की पुष्टि की है।

सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने बताया कि लिस्टेरिया एक ऐसा जर्म है जो मांस और खाद्य पदार्थों में फ्रिज के तापमान पर भी रह सकता है।

सीडीसी के अनुसार, इस बीमारी के लक्षण कुछ लोगों में दिखने में कम से कम 10 सप्ताह तक का समय ले सकता है। महामारी विज्ञान, प्रयोगशाला और ट्रेसबैक डेटा से पता चलता है कि काटे गए मांस, जिसमें बोअर हेड ब्रांड लिवर बुर्स्ट भी शामिल है, लिस्टेरिया से दूषित हैं और लोगों को बीमार कर रहे हैं।

लिस्टेरिया रोजमर्रा में इस्तेमाल किए जाने वाले उपकरणों में आसानी से फैलता है। जैसे, हाथों और भोजन के माध्यम से आसानी से फैलता है। लिस्टेरिया संक्रमण के कारण कुल 57 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और अब तक आठ मौतें हो चुकी हैं। लिस्टेरिया से बीमार



होने का जोखिम सबसे अधिक गर्भवती महिलाओं में होता है या 65 वर्ष या उससे अधिक आयु के लोग जिनकी प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर है। इस बीमारी से बचाव के लिए कटे हुए मांस को खाने से बचने का सुझाव दिया गया है।

नई मौतों में दक्षिण कैरोलाइना में दो और फ्लोरिडा, टेनेसी और न्यू मैक्सिको में एक-एक मौत शामिल है। इलिनोइस, न्यू जर्सी और वर्जीनिया में भी इस प्रकोप से मौतें हुई हैं। यूएस कृषि विभाग के अनुसार, बोअर हेड ब्रांड ने 30 जुलाई तक 71 विभिन्न मांस और पोल्ट्री उत्पादों के 7 मिलियन पाउंड से अधिक उत्पाद वापस मंगाया है।

# गाजा : इजरायली गोलीबारी से बाल-बाल बचे संयुक्त राष्ट्र कार्यकर्ता

**एजेंसी**

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र के एक प्रवक्ता ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के बख्तरबंद वाहन में सवार दो कार्यकर्ता गाजा में इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) की गोलीबारी में बाल-बाल बचे।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने आरोप लगाया कि मंगलवार की शाम को राहत सामग्री ले जा रहे संयुक्त राष्ट्र के वाहन पर आईडीएफ ने हमला किया। वाहन के फ्रंट विंडोज को निशाना बनाया गया।

समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार वर्ल्ड फूड प्रोग्राम ने कहा कि डब्ल्यूएफपी टीम पर गोलीबारी के बाद वह अगली सूचना तक गाजा में अपने कर्मचारियों की आवाजाही को रोक रहा है।

एजेंसी ने कहा कि यह घटना वाडी गाजा पुल पर एक इजरायली चेकपॉइंट से कुछ मीटर की दूरी पर हुई जब टीम गाजा के मध्य में




मानवीय सामान ले जाने वाले ट्रकों के एक काफिले को एस्कॉर्ट करने के बाद दो बख्तरबंद वाहनों में केरेम शालोम/करम अबू सलेम के एक मिशन से लौट रही थी। खाद्य एजेंसी ने कहा कि चेकपॉइंट तक पहुंचने के लिए इजरायली अधिकारियों से कई मंजूरी मिलने के बावजूद, जब वाहन चेकपॉइंट की ओर बढ़ रहा था तो उस पर सीधे गोलीबारी हुई। कार पर कम से कम 10 गोलियां- 5 ड्राइवर की तरफ, 2 यात्रियों की तरफ और 3 वाहन के अन्य हिस्सों पर लगीं। जहाज पर मौजूद कर्मचारी सुरक्षित रहे। डब्ल्यूएफपी ने सफेद एसयूवी वाहन के बाईं ओर की तस्वीर जारी की है, जिस पर बड़े काले अक्षरों में यूएन लिखा है और ड्राइवर और बाएं यात्री की बुलेट-प्रूफ खिड़कियों पर गोलियों के निशान हैं। डब्ल्यूएफपी के कार्यकारी निदेशक सिंडी मैक्केन ने कहा, यह पूरी तरह से अस्वीकार्य है और उन अनावश्यक घटनाओं में से एक है जिसने गाजा में डब्ल्यूएफपी की टीम के जीवन को खतरे में डाल दिया है। जैसा कि बीते मंगलवार रात की घटनाओं से पता चलता है, वर्तमान विघटन प्रणाली विफल हो रही है और यह अब और नहीं चल सकता। मैं इजरायली अधिकारियों और संघर्ष के सभी पक्षों से सभी सहायता कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तुरंत कार्रवाई करने का आह्वान करता हूं।

## कांगो में मंकीपॉक्स से अब तक 610 लोगों की मौत

**एजेंसी**

**किंशासा ।** कांगो के स्वास्थ्य मंत्री रोजर काम्बा ने कहा है कि कांगो लोकतान्त्रिक गणराज्य (डीआरसी) में मंकीपॉक्स के कारण कम से कम 610 लोगों की मौत हो गई है।

समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, मंत्री ने लोगों से सुरक्षात्मक उपायों को अपनाने के बारे में कहा है। इसके साथ ही उन्होंने लोगों से टीकाकरण करवाने को कहा है। देश में अब तक 17,801 संदिग्ध मामले सामने आए हैं।संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि संदिग्ध मामले संघर्ष प्रभावित प्रांतों से सामने आ रहे हैं, जहां देश के 7.3 मिलियन आंतरिक रूप से विस्थापित लोगों में से अधिकांश लोग रहते हैं, जिससे दशकों के संघर्ष से तबाह हुई आबादी के लिए पहले से ही असहनीय स्थिति और अधिक खराब होने का खतरा है। बता दें कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी मंकीपॉक्स (जिसे एमपॉक्स के नाम से भी जाना जाता है) को लेकर एक वैश्विक रणनीति तैयार की है। जिसमें वह इस वायरस को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसके लिए वह वैश्विक, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर काम करेगा। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक डॉ टेड्रोस एडहानोम गेब्रियेसस ने कहा था, 'डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो और आसपास के देशों में एमपॉक्स के प्रकोप को नियंत्रित किया जा सकता है। इसके लिए अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों और राष्ट्रीय व स्थानीय भागीदारों, नागरिक समाज, शोधकर्ताओं और निर्माताओं व हमारे सदस्य देशों के बीच एक व्यापक और समन्वित कार्य योजना की आवश्यकता है। डब्ल्यूएचओ आर एंड डी ब्लूप्रिंट, अफ्रीका सीडीसी, महामारी तैयारी नवाचार गठबंधन (सेपी), और राष्ट्रीय एलर्जी और संक्रामक रोग संस्थान, 29-30 अगस्त 2024 को एक आभासी वैज्ञानिक सम्मेलन आयोजित करेगा।

## बंगलादेश में बाढ़ से 31 लोगों की मौत

**एजेंसी**

**ढाका।** बंगलादेश में बाढ़ से मरने वालों की संख्या 31 तक पहुंच गई है और 58 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। यह जानकारी बंगलादेशी समाचार पोर्टल डेली ऑब्जर्वर ने दी है। ली ऑब्जर्वर ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि आपदा से प्रभावित क्षेत्रों को लगभग 3,80,000 डॉलर पहले ही आवंटित किए जा चुके हैं। भारतीय मीडिया ने पहले रिपोर्ट दिया था कि बंगलादेश की सीमा से लगे भारतीय राज्य त्रिपुरा में बाढ़ से कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई और लगभग 17 लाख अन्य लोग प्रभावित हुए। मॉनसून की शुरुआत में दक्षिण और दक्षिण पूर्व एशिया में लगातार मॉनसूनी बारिश हुई, जिससे बाढ़ और भूस्खलन हुआ, जिसके परिणामस्वरूप कई मौतें हुईं और संपत्ति और कृषि भूमि को नुकसान हुआ।

# दक्षिण अफ्रीका में बस पलटने से 10 लोगों की मौत

**एजेंसी**

**जोहान्सबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के लिम्पोपो क्षेत्र में एक बड़ा सड़क हादसा हुआ है। बस पलटने से दस लोगों की मौत हो गई। इसकी जानकारी स्थानीय अधिकारियों ने दी। लिम्पोपो प्रांतीय परिवहन एवं सामुदायिक सुरक्षा विभाग ने एक बयान में कहा कि बस पड़ोसी जिम्बाब्वे से जोहान्सबर्ग जा रही थी, तभी माखाडो के निकट एन 1 राजमार्ग पर यह दुर्घटना हुई।

समाचार एजेंसी कि अनुसार, विभाग ने कहा, मृतकों में पांच पुरुष और पांच महिलाएं शामिल हैं। कथित तौर पर सभी विदेशी नागरिक हैं।

जारी बयान में कहा गया है,




रिपोर्टों के अनुसार, बस तेज गति से माखाडो से पोलोकवाने की ओर जा रही थी। एक गोल चक्कर पर पहुंचने पर उसका नियंत्रण खो जाने से बस पलट गई। इस दौरान उसमें सवार यात्री मारे गए और घायल हो गए। बयान के अनुसार, ÷बस चालक का नए होने की वजह से वह आसपास के माहौल से परिचित नहीं था।सड़क यातायात प्रबंधन निगम (आरटीएमसी) द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, दुर्घटना में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि 20 अन्य को मामूली चोटें आईं तथा 22 यात्री सुरक्षित हैं। आर.टी.एम.सी. ने कहा, प्रारंभिक रिपोर्ट से पता चलता है कि बस दक्षिण की ओर जा रही थी। कथित तौर बस को ट्रैफिक सर्किल को पार करते समय बस पलट गई। सही कारण की अभी भी जांच की जा रही है। हम सभी सड़क उपयोगकर्ताओं से सावधानी बरतने का आग्रह करते हैं, खासकर जब वह ट्रैफिक सर्किल के पास जाते है तो और सतर्क रहें। बता दें कि इस साल की शुरुआत में लिम्पोपो प्रांत में दो बड़ी सड़क दुर्घटनाएं हुई। मई में एक भारी मोटर वाहन और एक मिनी बस टैक्सी की आमने-सामने की टक्कर में 13 लोगों की मौत हो गई थी। मार्च में बोत्सवाना से दक्षिण अफ्रीका जा रहे 45 लोग एक अन्य बस दुर्घटना में मारे गए थे।

# इजरायली हमले में वेस्ट बैंक में 9 और गाजा में 8 फिलिस्तीनियों की मौत

**एजेंसी**

**रामल्लाह ।** उत्तरी वेस्ट बैंक में बड़े पैमाने पर इजरायली सैन्य अभियान के दौरान नौ फिलिस्तीनी मारे गए हैं। साथ ही सेंट्रल गाजा में विस्थापित लोगों के एक स्कूल के पास इजरायली हवाई हमले में कम से कम आठ फिलिस्तीनी मारे गए।

फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों ने कहा कि अभियान में वेस्ट बैंक के जेनिन, टुबास और तुलकरम शहरों के साथ-साथ कई कैंप को निशाना बनाया गया, जिससे स्थानीय बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा न्यूज़ एजेंसी ने बताया, अभियान में बुलडोजर, हेलीकॉप्टर और ड्रोन का इस्तेमाल किया गया, साथ ही इजरायली बलों ने तीनों शहरों जेनिन, टुबास और तुलकरम की घेराबंदी कर दी। फिलिस्तीनी रेड क्रिसेंट सोसाइटी (पीआरसीएस) ने एक प्रेस बयान में कहा, ÷दक्षिणी जेनिन में एक वाहन पर इजरायली ड्रोन हमले में तीन युवकों की मौत हो गई। इस बीच, इजरायली सेना की जेनिन में ही स्थानीय लोगों के साथ झड़प हुई, जिसमें सेना की गोलियों से दो युवकों की मौत हो गई। मरने वाले युवक 25 वर्षीय क़स्साम जबरीन और 39



वर्षीय असिम दबया हैं। फिलिस्तीनी प्राधिकरण में जेनिन के गवर्नर कमाल अबू अल-रब ने कहा कि इजरायली सेना ने अस्पतालों पर धावा बोलने और शहर में चिकित्सा संस्थानों की घेराबंदी करने की धमकी दी है। इसके अलावा, पीआरसीएस ने कहा कि तुबास के दक्षिण में फरा शरणार्थी शिविर पर इजरायली ड्रोन द्वारा किए गए बम विस्फोट में चार युवक मारे गए। चिकित्सा सूत्रों के अनुसार, मृतकों की पहचान 13 वर्षीय मोराद, 17 वर्षीय मोहम्मद जयसा, 22 वर्षीय इब्राहिम घनीमी और 23 वर्षीय अहमद नबरीसी के रूप में हुई है।तुलकरम में, फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों ने सिन्हुआ न्यूज़ एजेंसी को बताया कि इजरायली सेना ने शहर पर धावा बोला और नूर शम्स शिविर के आसपास के जंगलों और खेतों में सेना और स्नाइपर टीमों को तैनात किया। इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ), इजरायल सिक्योरिटी अथॉरिटी और इजरायली पुलिस ने एक संयुक्त बयान जारी किया, जिसमें कहा गया कि इजरायली सुरक्षा बलों ने तीन शहरों में 'आतंकवाद विरोधी' अभियान चलाया है, जिसमें जेनिन और तुलकरम में पांच ÷सशस्त्र आतंकवादियों÷ और फ़ारा शरणार्थी शिविर में चार को मार गिराया गया।

इजरायली मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि उत्तरी वेस्ट बैंक में यह अभियान 2002 के बाद से अपनी तरह का सबसे बड़ा अभियान है। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, संघर्ष की शुरुआत के बाद से वेस्ट बैंक में इजरायली हमलों में 660 से ज़्यादा फ़िलिस्तीनी मारे गए हैं। उधर सेंट्रल गाजा में विस्थापित लोगों के एक स्कूल के पास इजरायली हवाई हमले में कम से कम आठ फिलिस्तीनी मारे गए और दर्जनों घायल हो गए। फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों ने सन्हुआ समाचार एजेंसी को बताया कि एक इजरायली युद्धक विमान ने डेर अल-बलाह शहर के पूर्व में अल-मनफालौटी स्कूल के आसपास मिसाइल से बमबारी की। इस बीच, इजरायल रक्षा बलों ने एक बयान में कहा कि इजरायली सेना ने नेत्ज़ारिम कॉरिडोर में दर्जनों आतंकवादियों को मार गिराया गया है और सैकड़ों बुनियादी ढांचे को नष्ट कर दिया गया है।

# ईरानी सरकार में पहली बार किसी महिला प्रवक्ता की हुई नियुक्ति

**एजेंसी**

**तेहरान** । नई ईरानी सरकार में पहली बार एक महिला सरकार का सार्वजनिक चेहरा होंगी। फतेमेह मोहजेरानी को मसूद पेजेशकियन शासन का सरकारी प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। ईरानी मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार कैबिनेट की बैठक में राष्ट्रपति पेजेशकियन के समाने यह नियुक्ति की गई।

54 वर्षीय मोहजेरानी, एडिनबर्ग से बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में डॉक्टर हैं और इससे पहले वह 11वीं सरकार में शरियाती (महिलाओं के लिए) के तकनीकी और व्यावसायिक प्रशिक्षण विश्वविद्यालय के प्रमुख के रूप में काम कर चुकी हैं। मोहजेरानी को 2017 में तत्कालीन शिक्षा मंत्री सैय्यद मोहम्मद बथाई ने सेंटर फॉर ब्रिलियंट टैलेंट का प्रमुख नामित किया था और उन्होंने शिक्षा मंत्रालय में अन्य पदों पर भी काम किया है।

पहली बार किसी वरिष्ठ पद पर महिला की नियुक्ति की गई है। राष्ट्रपति पेजेशकियन ने पिछले सप्ताह शिना अंसारी को पर्यावरण विभाग का प्रमुख नियुक्त किया था। अंसारी के लिंक्डइन प्रोफाइल



से पता चलता है कि उन्हें पर्यावरण सेवाओं में कार्य करने का अनुभव है। पर्यावरण विभाग के प्रमुख के रूप में वह अली सलाजेघे की जगह लेंगी। उन्होंने विज्ञान एवं अनुसंधान विश्वविद्यालय से पर्यावरण प्रबंधन में पीएचडी की है। वह वर्तमान में तेहरान नगर पालिका में वायु गुणवत्ता नियंत्रण केंद्र में सलाहकार थी और इससे पहले वह नगर पालिका में पर्यावरण और सतत विकास की प्रमुख और पर्यावरण विभाग में व्यापक पर्यावरण प्रदूषण निगरानी ब्यूरो की महानिदेशक रह चुकी हैं।

पेजेशकियन की कैबिनेट में (1979 की इस्लामी क्रांति के बाद) ईरान की दूसरी महिला मंत्री फरज़ाने सादिक मलवाजार्ड हैं उन्हें सड़क और शहरी विकास मंत्री के रूप में चुना गया है। इससे पहले, वह जनवरी 2019 से जुलाई 2023 तक शहरी नियोजन और वास्तुकला की उप मंत्री थी। जब उनका नाम संसद में पढ़ा गया तो कुछ विरोध के बावजूद, उन्हें 285 में से 230 वोट मिले। 48 वर्षीय सादिक ने मार्जीह वाहिद दस्तजेर्दी का स्थान लिया है, जो राष्ट्रपति महमूद अहमदीनेजाद की दूसरी सरकार में स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा मंत्री थे।

## ब्रिटेन जर्मनी 2025 तक रक्षा समझौते पर लगा सकते हैं मुहर

**लंदन।** ब्रिटेन और जर्मनी एक द्विपक्षीय रक्षा समझौते पर बातचीत कर रहे हैं और 2025 की शुरुआत तक इसे समाप्त करने की योजना बना रहे हैं।

**कौमी पत्रिका**

**संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।

**Corporate Office:**
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002

फोन : 011-41509689, 23315814
**मोबाइल नंबर** : 9312262300

**E - mail address :**
qpatrika@gmail.com
**Website:** www.qaumipatrika.in

**R.N.I. No.**
**UP-HIN/2007/21472**

**Legal Advisors:**
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

# पाकिस्तान में मनमाने कर और उच्च बिजली दरों के खिलाफ व्यापारी संघ का शटर डाउन

**एजेंसी**

**इस्लामाबाद** । पाकिस्तान सरकार द्वारा मनमाने करों और उच्च बिजली दलों के खिलाफ व्यापारी संघ ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। व्यापारी संघ से जुड़े लोगों ने हड़ताल पर जाने का ऐलान कर दिया है। राजधानी इस्लामाबाद और रावलपिंडी में विरोध रैलियां निकाली गई। व्यापारी सरकार के फैसले को पलटने की मांग कर रहे हैं और मांगें पूरी नहीं होने पर देश को ठप करने की धमकी दे रहे हैं।व्यापारियों की इन धमकियों ने शाहबाज शरीफ सरकार को मुश्किल में डाल दिया है। वह श्रमिक वर्ग और व्यापारिक समुदाय पर अधिक कर लगाने की सोच रही है। हाल में पाकिस्तान द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के साथ सात अरब अमेरिकी डॉलर के नए ऋण के लिए समझौता किया गया। इसके बाद से सरकार द्वारा लगातार बिजली दरों में बढ़ोतरी की जा रही है।

हालांकि, व्यापारी संघ और विपक्षी दल झुकने के मूड में नहीं हैं और उन्होंने व्यापारिक समुदाय पर और दबाव डालने के लिए सरकार की आलोचना की है, जो पहले से ही उसके कई हालिया फैसलों से नाखुश है।ऑल पाकिस्तान अंजुमन ताजरान के अध्यक्ष अजमल बलूच ने कहा, हम पीछे नहीं हटेंगे। मरकज़ी अंजुमन ताजरान के प्रमुख काशिफ़ चौधरी ने कहा कि अगर सरकार बातचीत करना चाहती है और व्यापारियों के साथ बातचीत करने के लिए गंभीर है, तो उसे सबसे पहले ताजिर दोस्त योजना की अधिसूचना वापस लेनी चाहिए।

व्यापारी और व्यापारिक समुदाय अपना विरोध प्रदर्शन जारी रखे हुए है। जमात-ए-इस्लामी (जेआई), जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम फजल (जेयूआई-एफ), पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) और अवामी सहित विपक्षी राजनीतिक दल नेशनल पार्टी (एएनपी) ने देश के व्यापारिक समुदाय के पीछे खड़ी है। हाफ़िज़ नईम ने कहा, देश को वित्तीय संकट से बाहर निकालने और आईएमएफ से छुटकारा पाने के लिए सरकार को बड़ी मछलियों को टैक्स के जाल में पकड़ना चाहिए। सरकार को जनता पर टैक्स का बोझ डालना बंद करना होगा। व्यापारी कभी भी मनमाना टैक्स नहीं देंगे।

# कालोनी वासियों ने पानी की निकासी की गुहार लगाई

एजेंसी

**सोनीपत।** सोनीपत काठमंडी स्थित भरतपुरी कालोनीवासी पिछले एक माह से सीवर के गंदे पानी से परेशान थे, बार-बार शिकायत के बावजूद नगर निगम अधिकारियों के कानों पर जूं नहीं रेंगी। मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं भाजपा नेता राजीव जैन ने मौके पर पंहुचकर निगम अधिकारियों को बुलाया और समस्या के समाधान के लिए कहा है। कॉलोनी की सीवर लाइन की निकासी रोहतक रोड की बड़ी सीवरलाइन में है। रोहतक रोड पर सड़क के निर्माण के समय ढक्क्न सड़क के निचे दब गए और जिस कारण सीवरों की सफाई नहीं हो पाई और समस्या गंभीर रूप धारण कर गई। राजीव जैन ने सड़क के नीचे दबे ढक्क्नों को खुलवाया और रात को सुपर सकर मशीने से मेन लाइन की सफाई करने को कहा।सीवर लाइन का पानी टैंकरों से निकालें ताकि कालोनी वासियों को तुरंत राहत मिल सके। राजीव जैन जटवाड़ा बस्ती में गौशाला के पास भी मेन रोड पर बरसात का पानी खड़ा होने की शिकायत मिलते ही मौके पर पंहुचे और निगम अधिकारियों से फोन पर पानी निकासी के लिए छोड़े गए मेन हॉल का कनेक्शन बड़ी लाइन में करवाने के निर्देश दिए।

# सीएनजी गेस्ट हाऊस में गोबिंद कांडा का हुआ स्वागत

**सिरसा।** अनाज मंडी स्थित सीएनजी गेस्ट हाऊस में गोबिंद कांडा के सम्मान में समाजसेवियों की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नरेश बनीवाला ने की। नरेश बनीवाल ने सर्वप्रथम गोबिंद कांडा को फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया। इसके बाद शहर के अनेक गणमान्य लोगों ने गुलाब के फूल देकर गोबिंद कांडा का अभिनंदन किया। नरेश बनीवाला ने कहा कि इस विधानसभा चुनाव में कांडा बंधुओं का तन-मन-धन से सहयोग कर उन्हें विधानसभा में पहुंचाने का काम करेंगे, ताकि शहर के विकास बाबत विधानसभा में आवाज को बुलंद किया जा सके। उन्होंने कहा कि शहर में कांडा बंधुओं के सहयोग से विकास कार्यों की झड़ी लगी हुई है। इस मौके पर श्याम बगीची के प्रधान पवन गर्ग ने भी गोबिंद कांडा का स्वागत करते हुए कुछ मांगें गोबिंद कांडा के समक्ष रखी, जिन्हें गोबिंद कांडा ने तुरंत प्रभाव से पूरा कर दिया। पवन गर्ग ने गोबिंद कांडा द्वारा मांगें स्वीकार करने पर आभार जताते हुए कहा कि वे चुनावों में पूर्ण सहयोग करेंगे। सम्मान से अभिभूत गोबिंद कांडा ने कहा कि कांडा परिवार सिरसावासियों की सेवा में सदैव तत्पर रहा है। विकास के मामले में सिरसा को अग्रणी बनाया है और करोड़ों रुपए के विकास कार्य पूरे करवाए और कुछ कार्य अभी भी शहर में चल रहे हैं। कांडा ने कहा कि 30 अगस्त को विधायक गोपाल कांडा दिल्ली पुल होते हुए सिरसा में पहुंचेंगे और रोड शो के जरिए उनका भव्य स्वागत कर शहर में लाया जाएगा।

# हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए 2 सितंबर को उम्मीदवारों के नाम की घोषणा : अजय सिंह चौटाला

**चरखी दादरी ।** हरियाणा में विधानसभा चुनाव का शंखनाद हो चुका है और सभी राजनीतिक दल चुनाव की तैयारियों में जुट गए हैं। इसी बीच, जननायक जनता पार्टी (जजपा) के सुप्रीमो अजय सिंह चौटाला ने एक महत्वपूर्ण घोषणा की है। उन्होंने ऐलान किया कि जजपा 2 सितंबर को अपने उम्मीदवारों की घोषणा करेगी और साथ ही पार्टी का घोषणा पत्र भी जारी किया जाएगा। दरअसल, जननायक जनता पार्टी (जजपा) सुप्रीमो अजय सिंह चौटाला दादरी पहुंचे, जहां उन्होंने राजदीप फोगाट के पक्ष में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने राजदीप को दादरी से जीत दिलाने के लिए कार्यकर्ताओं को फील्ड में उतरने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राजदीप की जीत प्रदेश में सरकार बनाने में अहम भूमिका निभाएगी। पत्रकारों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 2 सितंबर को पार्टी की कोर कमेटी की बैठक होगी। इस दौरान उम्मीदवारों के नामों का ऐलान किया जाएगा और पार्टी का घोषणा पत्र जारी होगा। उन्होंने कहा कि चुनाव में उनकी पार्टी महिलाओं और युवाओं को प्राथमिकता देगी। जितनी महिलाएं टिकट के लिए आवेदन करेंगी, हम उन्हें प्राथमिकता देंगे, युवाओं को प्राथमिकता देंगे। बहुत सारे लोगों ने टिकट के लिए आवेदन किया है।

# दो सितंबर को जेजेपी की बैठक, अधिकांश उम्मीदवारों के नाम हो जाएंगे फाइनल : दुष्यंत चौटाला

**चंडीगढ़।** हरियाणा के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि जननायक जनता पार्टी पूरी तरह से चुनावी मोड में है और युद्धस्तर पर चुनावी तैयारियां जारी हैं। उन्होंने कहा कि दो सितंबर को जेजेपी की पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक होगी और जिसमें अधिकांश सीटों पर उम्मीदवारों का चयन कर लिया जाएगा। वे सिरसा में पत्रकारों से रूबरू थे। पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि जेजेपी और एएसपी का गठबंधन हरियाणा को प्रगति के पथ पर लेकर जाएगा और गरीब, किसान, कमेरे की लड़ाई को दोनों पार्टियां मिलकर मजबूती से लड़ेगी। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि जेजेपी और एएसपी का गठबंधन होने से प्रदेशभर के युवाओं में जोश का संचार हुआ है। उन्होंने कहा कि इस बार विधानसभा चुनाव में त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिलेगा और जिसमें सबसे महत्वपूर्ण रोल जेजेपी-एएसपी गठबंधन का ही होगा।

# हरियाणा विधानसभा चुनाव जीतने निकल पड़ा भाजपा का विजय रथ, नारायगढ़ और पूंडरी में सीएम ने निकाला रोड शो

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा चुनाव में बहुमत से सरकार बनाने के लिए भाजपा का विजय रथ निकल चुका है। मुख्यमंत्री नायब सैनी और उनकी पूरी टीम कोई कसर नहीं छोड़ रही। नायब सैनी ने बिना थके दर्जनभर विधानसभाओं में नॉन स्टॉप हरियाणा जन आशीर्वाद रैली कर डाली। एक-एक दिन में तीन-तीन विधानसभाओं में जन आशीर्वाद लिया। हर विधानसभा में उमड़े अपार जनसमूह को देखकर मुख्यमंत्री और भाजपा पूरे जोश और उत्साह में है। जन आशीर्वाद रैलियों का सिलसिला तो जारी रहेगा ही, अब नॉन स्टॉप मुख्यमंत्री नायब सैनी जीत की ओर एक कदम आगे बढ़ाते हुए रोड शो के रूप में विजय रथ लेकर निकल चुके हैं। नारायणगढ़ और पुण्डरी में इस बार कमल खिलाने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विजयरथ की कमान खुद संभाली और भव्य रोड शो निकालकर भाजपा की ताकत दिखाई।

इस विजय रथ की शुरुआत उन्होंने नारायगढ़ विधानसभा से की। रोड शो में युवाओं, बुजुर्गों, महिलाओं की पहुंची भीड़ ने अपने जोश से मुख्यमंत्री को भी यह विश्वास दिलाया कि इस बार नारायणगढ़ और पुण्डरी में भी कमल खिलाकर देंगे। सभी भारत माता के जयकारे लगाते हुए हाथों में भाजपा का झंडा लहराकर भाजपा को वोट देने की अपील कर रहे थे।

नारायणगढ़ भाजपा के झंडों से सराबोर हो गया। जगह-जगह मुख्यमंत्री नायब सैनी का फूल बरसाकर जोरदार स्वागत किया गया। नारायणगढ़ के हर बाजार और हर गली में युवाओं ने संकल्प लिया कि हरियाणा में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाएंगे और नायब सैनी को दूसरी बार मुख्यमंत्री बनाकर चंडीगढ़ भेजेंगे। रोड शो में मुख्यमंत्री के साथ



हरियाणा भाजपा प्रदेशाध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली, सुमन सैनी, अंबाला जिला अध्यक्ष मंदीप राणा, धर्मवीर मिजार्पुर आदि मौजूद रहे।

पूंडरी में युवाओं ने एक क्रेन का प्रबंध किया हुआ था, इस क्रेन पर चढ़कर युवा मुख्यमंत्री नायब सैनी पर फूल बरसा रहे थे। पूंडरी के युवा नेता और समाज सेवी सतपाल जाम्बा की अगुवाई में बड़ी संख्या में रोड़ शो में शामिल हुए। ट्रेक्टरों का एक लंबा काफिला रोड शो में शामिल हुआ। युवाओं में दिवानगी इस प्रकार देखने को मिली कि उन्होंने अपने सीने पर अपने मुख्यमंत्री नायब सैनी और अपने नेताओं के नाम लिखे हुए थे। मुख्यमंत्री ने भी जगह-जगह रुककर लोगों से बातचीत की। लोगों ने उन्हें मांग पत्र के अलावा धन्यवाद पत्र भी सौंपा। रोड शो के दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जनता के इस अभूतपूर्व समर्थन के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा की लोकप्रियता और जनसमर्थन से हरियाणा में फिर से इतिहास रचा जाएगा। उन्होंने जनता को भाजपा की नीतियों और विकास कार्यों के बारे में जानकारी दी और उन्होंने कहा कि एक अक्टूबर को होने वाले चुनाव में जनता भाजपा को पूर्ण समर्थन देगी और हरियाणा की जनता भाजपा को पुनः सत्ता में देखने के लिए उत्सुक है।

पुण्डरी में मुख्यमंत्री ने बोलते हुए कहा कि मैं आप लोगों जताए गए विश्वास का सदा आभारी रहूंगा। उन्होंने यहां भाजपा सरकार के पिछले 10 वर्षों में किए गए विकास कार्यों को भी जनता के सामने रखा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम विकसित हरियाणा का संकल्प लेकर निकले हैं और जनता के आशीर्वाद से हम लगातार आगे बढ़ रहे हैं। नायब सिंह ने कहा कि भाजपा ने ही ऐसी सरकार दी है जिसने हर वर्ग और हर क्षेत्र का ध्यान रखा है। 2014 से पहले की सरकार एक क्षेत्र तक ही सीमित रहती थी, लेकिन भाजपा ने पूरे प्रदेश का समान रूप से विकास किया है। सबका साथ, सबका विश्वास, सबका विकास और सबका प्रयास के मंत्र पर चलते हुए भाजपा ने किसान, युवा, महिला और गरीब की भलाई के लिए दिन रात काम किया है। पण्डरी में जिला अध्यक्ष मुनीष कठवाड, सतपाल जांबा, दिनेश कौशिक आदि नेता मौजदू थे।

# बंगाल में एक महिला के साथ इतना बड़ा अपराध हुआ है लेकिन अखिलेश यादव की जुबान भी नहीं हिली : अनिल विज

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने आज समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि 'अखिलेश यादव एंड पार्टी को आलोचना करने के अलावा कोई काम नहीं आता है। बंगाल में इतना बुरा हाल हो रहा है और एक महिला के साथ इतना बड़ा अपराध हुआ है लेकिन अखिलेश यादव की जुबान भी नहीं हिली। न ही इंडिया गठबंधन से कोई बोला÷। वहीं, चंपई सोरेन के भाजपा में आने पर उन्होंने कहा कि जिसने 2047 के विकसित भारत के स्टेशन पर जाना है उसे भारतीय जनता पार्टी की गाड़ी में सीट लेनी ही होगी। विज आज पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब दे रहे थे। विज ने 12 में से 11 राज्यसभा सीटों पर एनडी ए के उम्मीदवारों की जीत पर भी खुशी जताई।

राहुल गांधी वैसे तो ज्ञान बांटते फिरते हैं लेकिन जो पश्चिम बंगाल में हुआ वो नजर नहीं आ रहा - विज

लखनऊ मंडल के 8 स्टेशनों के



आधिकारिक नाम बदले जाने की समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव द्वारा आलोचना किए जाने पर हरियाणा के पूर्व गृह मंत्री अनिल विज ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि 'अखिलेश यादव एंड पार्टी को आलोचना करने के अलावा कोई काम नहीं आता है। बंगाल में इतना बुरा हाल हो रहा है और एक महिला के साथ इतना बड़ा अपराध हुआ है लेकिन अखिलेश यादव की जुबान भी नहीं हिली। उन्होंने कहा कि ये जो इंडिया नामक गठबंधन बनाया हुआ है ये नहीं बोलते उस पर। राहुल गांधी वैसे तो ज्ञान बांटते फिरते हैं लेकिन जो पश्चिम बंगाल में हुआ वो नजर नहीं आ रहा। जिस डर और भय में पश्चिम बंगाल के लोग जी रहे हैं वो इनकी कंपनी को नजर नहीं आया। उसके लिए एक भी शब्द ये बोलने को तैयार नहीं हैं। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के भाजपा में शामिल होने पर अनिल विज ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक ऐसी गाड़ी है जो ठीक स्टेशन पर जा रही है। कोई भी राजनीतिक आदमी जिसने ठीक स्टेशन पर जाना है। विकास के स्टेशन पर जाना है। 2047 के विकसित भारत के स्टेशन पर जाना है। उसको भारतीय जनता पार्टी की गाड़ी में सीट लेनी ही पड़ेगी÷।राज्यसभा में 12 में से 11 सीटों पर एनडीए गठबंधन की जीत पर अनिल विज ने खुशी जताते हुए कहा कि राज्यसभा में भी भारतीय जनता पार्टी के सांसदों की गिनती बढ़ गई है। इससे बिल पास करवाने में आसानी होगी। जननायक जनता पार्टी के आज समाज पार्टी के साथ गठबंधन करने और इनेलो का बसपा के साथ गठबंधन कर चुनाव लड़ने पर अनिल विज ने कहा कि ÷जब पतंगों का मौसम आता है तो हर आदमी चाहता है कि मैं पतंग उड़ाऊ लेकिन इनकी पतंगें तो पहले ही कटी हुई हैं।

# विधानसभा चुनाव दृष्टिगत बीएसएफ ने फ्लैग मार्च निकाला




एजेंसी

**सोनीपत।** गोहाना शहर पुलिस उपायुक्त रविन्द्र तोमर के नेतृत्व में गोहाना शहर के थाना बरोदा, थाना शहर गोहाना, थाना सदर गोहाना, मोहाना के पुलिस कर्मचारियो नें मिलकर अपने अपने थाना क्षेत्रों में बीएसएफ की दो टुकडियों के साथ मिलकर फ्लैग मार्च निकाला। मुरथल थाना प्रभारी नें भी अपने क्षेत्र के गाँवों में अपने पुलिस कर्मचारियों के साथ मिलकर फ्लैग मार्च निकाला।विधानसभा चुनाव की रणभेरी बजने के साथ ही आमजन की सुरक्षाव शातिपूर्वक ढंग से चुनाव को सम्पन्न करवाने को लेकर सोनीपत पुलिस नें अपनी तैयारियां शुरु कर दी है। इसी तैयारी में गोहाना शहर पुलिस उपायुक्त व मुरथल थाना प्रभारी नें अपने अपने क्षेत्र में भारी पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च निकालकर लोगों को शांतिपूर्वक तरीके से चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। मार्च के दौरान पुलिस नें चुनाव के दौरान आपसी भाईचारे को बनाए रखने की अपील की व लोगो को बताया कि सोनीपत पुलिस आपकी सुरक्षा में दिन रात मुस्तैद है। किसी को भी कानून को हाथ में लेने की इजाजत नही है। सोनीपत पुलिस नें आमजन से अपराध को रोकने में सहायता करने के लिए कही पर भी किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि या कोई भी गैरकानूनी कार्य का पता लगते ही पुलिस कंट्रोल रुम सोनीपत को 7419410578 पर सुचित करे।

# आईएमटी पर धरना दे रहे किसानों को सीएम नायब सैनी से मिला मांगें मानने का आश्वासन

एजेंसी

**नूंह।** मुख्यमंत्री के चंडीगढ़ निवास पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी ज़ाकिर हुसैन पूर्व विधायक के प्रयासों से 9 गाँवों के किसानों ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात की। सीएम ने किसानों की माँगों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की तथा दो कमेटी बनाने का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक कमेटी किसानों के डेवलपमेंट आदि के कार्य देखेगी तथा दूसरी लीगल कमेटी सारे मामले की जाँच करेगी। उन्होंने 9 गाँवों के किसानों को आश्वस्त किया कि कमेटी द्वारा जाँच करने पर अगर स्पष्ट होता है कि कांग्रेस सरकार में 9 गाँवों के किसानों से धोखे से एफिडेविट लिए गए थे, अगर वो सही निकलते हैं तो हमारी सरकार किसानों की माँगों को पूरा करेगी। सीएम से बैठक के दौरान भाजपा नेता चौधरी ज़ाकिर हुसैन ने 9 गाँवों के किसानों की माँगों की जमकर वकालत की तथा सारे मामले



को मुख्यमंत्री के सामने विस्तार पूर्वक रखा।

आईएमटी धरना स्थल पर किसान यूनियन के अध्यक्ष हाफिज सिराजुद्दीन ने कहा कि 9 गाँवों के किसानों की किसी भी नेता ने सुध नहीं ली। सभी ने झूठे वायदों के अलावा कुछ नहीं दिया। भाजपा नेता चौधरी ज़ाकिर हुसैन ने उनकी परेशानी व दुख को समझा और पिछले कई दिन से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से इस अहम मामले पर किसानों की मुलाकात के लिए प्रयासरत थे। ज़ाकिर हुसैन की अगुवाई में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मुलाकात कर उनकी माँगों को सहानुभूतिपूर्वक सुना है और सारे मामले को दो कमेटी बनाकर बारीकी से देखने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि चौधरी ज़ाकिर हुसैन के प्रयासों से उन्हें विश्वास है कि उनकी माँगे पूरी होंगी।

उल्लेखनीय है कि सीएम से मुलाकात के दौरान 9 गाँवों के किसानों की यूनियन व धरना के अध्यक्ष हाफिज सिराजुद्दीन ने मुख्यमंत्री को आश्वासन दिया कि इस बार 9 गाँवों व आस-पास के दर्जनभर गाँवों से भाजपा प्रत्याशी के लिए 80 प्रतिशत से ज्यादा वोट देने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि इस बार नूँह विधानसभा में कमल जरूर खिलेगा। सीएम से मुलाकात के बाद 9 गाँवों के किसान बेहद खुश नजर आ रहे हैं। उन्हें उम्मीद जगी है कि चौधरी ज़ाकिर हुसैन पूर्व विधायक के प्रयासों से उनकी माँगे जरूर पूरी होंगी।

# नगर निगम के अधिकारी व कर्मचारी नहीं पहन सकेंगे ऑन ड्यूटी जींस

एजेंसी

**हिसार।** नगर निगम की नवनियुक्त आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने अधीनस्थ अधिकारियों व कर्मचारियों के ऑन ड्यूटी जींस पहनने पर रोक लगा दी है। उन्होंने अपने आदेशों में कहा है कि नगर निगम कर्मचारियों व अधिकारियों को ड्यूटी के दौरान जींस के बजाय फॉर्मल ड्रेस में आना होगा। इन आदेशों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली ने ये आदेश जारी किए। उनके आदेशों के बाद सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को आदेश की प्रति भेज दी गई। डॉ. वैशाली शर्मा ने एक दिन पूर्व ही हिसार में निगम आयुक्त का कार्यभार संभाला है। आदेश के पीछे डॉक्टर वैशाली ने कहा कि यहां कर्मचारी जींस-चप्पल पहनकर ऑफिस आ रहे थे, इस वजह से ये आदेश जारी करना पड़ा।

उन्होंने कहा कि जब वे जब मैं नगर निगम कार्यालय आई तो देखा कि कुछ कर्मचारी चप्पल और जींस में कार्यालय आए थे तो ये अच्छा नहीं लगा। जब हम ऑफिस में आते हैं तो अच्छे से आना चाहिए। प्रॉपर शूज पैंट-शर्ट होने चाहिए। उन्होंने हिसार नगर निगम में ही इस तरह की बात नोटिस की। इससे पहले औरजगह भी उन्होंने ड्यूटी दी है मगर ऐसा नहीं देखने को मिला।

# निडानी में शहीद कुलदीप को श्रद्धांजलि देने के लिए पहुंचे सीएम

एजेंसी

**जींद।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जींद के गांव निडानी में पहुंचे और गत 19 अगस्त को जम्मू में शहीद हुए सीआरपीएफ इंस्पेक्टर कुलदीप मलिक को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उनके साथ भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली, जींद विधायक डा0 कृष्ण मिड्ढा, जिलाध्यक्ष तिजेंद्र ढुल, अमरपाल राणा भी मौजूद रहे। सीएम कुलदीप मलिक के परिवार से मिले।

यहां सीएम नायब सिंह सैनी ने कहा कि हमारे नौजवान मजबूती के साथ आतंकियों का सामना करते हैं और देश की रक्षा करते हैं। कुलदीप मलिक बहादुर जवान थे, जो देश के काम आए। कुलदीप मलिक की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी। जिस तरह से आतंकियों का सामना कुलदीप मलिक ने किया, उन्हें कुलदीप मलिक पर गर्व है। कुलदीप मलिक ने ग्रामीण परिवेश से निकल कर देश सेवा कीए इसके लिए वह उन्हें नमन करते हैं। सीएम नायब सिंह सैनी समेत दूसरे भाजपा नेताओं ने कुलदीप मलिक की फोटो पर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी। इसके बाद सीएम गांव में ही कई लोगों के घर गए और वहां बातचीत की। शहीद



कुलदीप मलिक के घर से वापस जाते समय समय सीएम नायब सिंह सैनी एक बग्गी में बैठे और बग्गी चला रही महिला से बातचीत की। सीएम ने कुछ दूरी तक बग्गी भी चलाई। इसके बाद महिलाओं से बातचीत कर चले गए।

गौरतलब है कि 19 अगस्त को निडानी गांव निवासी सीआरपीएफ इंस्पेक्टर कुलदीप मलिक जम्मू-कश्मीर के उधमपुर के बसंत गढ़ इलाके में आतंकवादियों से हुई मुठभेड़ में शहीद हो गए थे। 54 वर्षीय कुलदीप मलिक जल्द ही डीएसपी के पद पर पदोन्नत होने वाले थे। 21 अगस्त को गांव में शहीद कुलदीप मलिक का पार्थिव शरीर पहुंचा था और सैन्य सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया था।

# उचाना से बीरेंद्र सिंह को सब मिलकर चाहते है घेरना : बृजेंद्र सिंह

एजेंसी

**जींद।** पूर्व सांसद एवं कांग्रेस नेता बृजेंद्र सिंह उचाना हलके के खटकड़ गांव के दौरे पर रहे। यहां पर कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। पत्रकारों से बातचीत में जेजेपी, एएसपी गठबंधन पर बृजेंद्र सिंह ने कहा कि बहुत दिन से कह रहा हूं कि मुकाबला सीधा-सीधा कांग्रेस, बीजेपी का है कोई तीसरा दल या कोई गठबंधन का कम से कम इस बार विधानसभा चुनाव में किसी के लिए कोई स्थान नहीं है। दुष्यंत चौटाला के उचाना सीट जीतने के दावे पर बृजेंद्र सिंह ने कहा कि अभी लोकसभा में उचाना हलके से 4200 वोट तो हिसार लोकसभा में 22 हजार आई। पूरे प्रदेश में एक प्रतिशत से कम वोट आई है। यहां से वो विधायक रहे साढ़े चार साल उप मुख्यमंत्री रहे तो लोगों से एक जबावदेही होती है वो हो जाएगी इस बहाने।

चुनाव का नतीजा जो रहेगा वो सबको पता है हर दल के नेता द्वारा उचाना से अपनी दावेदारी करने के सवाल पर बृजेंद्र सिंह ने कहा कि उचाना में बीरेंद्र सिंह है उनको सब मिल कर घेरना चाहते हैं। कांग्रेस उम्मीदवार की घोषणा कब तक होगी के सवाल पर बृजेंद्र सिंह ने कहा कि कोई तारीख तो पक्का पता नहीं कांग्रेस के उम्मीदवारों की पहली सूची एक या दो सितंबर तक जारी हो सकती है।

बीजेपी द्वारा चुनाव की तारीख को बढ़ाने के लिए चुनाव आयोग को लिखे पत्र पर पूर्व सांसद ने कहा कि चुनाव आयोग ने तारीख को लेकर सुनवाई करनी थी उसका क्या रहा पता नहीं है लेकिन चुनाव दो, चार दिन आगे हो जाएगा उससे जो भाजपा की हार होनी है वो तो होनी ही है। विनेश फोगाट महिला कुश्ती की देश की सबसे बड़ी खिलाड़ी हुई है। खेल के नाते लोगों में भी खासतौर पर उन्होंने जो संघर्ष किया वो भी अपने आप में एक मिशाल है। हमारे यहां खिलाड़ी बहुत कम होते है जो किसी सामाजिक मुद्दे पर भी आगे आकर संघर्ष करते है। मैं जरूर चाहूंगा कि वो एक एशिसन गेम्स, एक ओलिंपिक ओर खेल सकें तो सबसे बेहतर होगा।

# विधानसभा चुनाव के दृष्टिगत सक्रिय हुई पुलिस, सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी

एजेंसी

**हिसार।** पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन ने थाना प्रबंधकों को निर्देश दिए हैं कि चुनाव के दौरान किसी भी तरह की गड़बड़ी, दबंगई, शांति व्यवस्था को भंग करने, लड़ाई-झगड़ा, दंगा-फसाद करने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने थाना प्रबंधकों को ये भी निर्देश दिए कि वे अपने क्षेत्रों के लाइसेंसी ?हथियार शीघ्र जमा करवाएं।

पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन पर्यवेक्षण अधिकारियों व थाना प्रबंधकों की बैठक ले रहे थे। उन्होंने कहा कि लाइसेंसशुदा हथियार धारक अपने हथियार को बिना किसी देरी के अपने नजदीकी थाना या गन हाउस में जल्द से जल्द जमा कराएं। साथ ही उन्होंने सभी थाना व चौकी प्रभारियों को आदेश देते हुए कहा है कि सभी अपने अपने क्षेत्र में जिन-जिन लोगों के पास लाइसेंसी हथियार है उन सभी के हथियारों को पुलिस थाने या गन हाउस में जमा करवाना सुनिश्चित करें। गन हाउस में जमा किए गए हथियार की जमा पर्ची थाने में जमा करवाएं। हथियार जमा न करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रबंधकों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले में असामाजिक गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों और हिस्ट्रीशीटरों को पाबंद



कर उनकी गतिविधियों पर नजर रखें। यदि कोई भी किसी प्रकार से चुनाव प्रभावित करने का प्रयास करे तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें। पीओ, बेल जंपर की गिरफ्तारी के लिए चलाए गए अभियान के तहत उन्हें गिरफ्तार करे व गैर जमानती वारंट तामील करवाए। अपने अपने क्षेत्र ने लगाए नाकों पर पर्याप्त पुलिस बल को तैनात कर जाने वाले प्रत्येक वाहन की गहनता से जांच करने के बारे में उन्हें ब्रीफ करे। नाकों पर लगाए गए बेरीगेट्स पर रिफ्लेक्टर टेप लगवाएं। उन्होंने कहा कि जिले में अवैध हथियार, अवैध शराब, नशीले पदार्थों का व्यापार करने वालो पर कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा है कि अगर जिले में कही भी कोई अशांति की सूचना मिले तो संबंधित थाना प्रभारी तुरंत मौके पर पहुंचे। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि किसी भी सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक, भड़काऊ एवं धार्मिक विद्वेष/सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने से संबंधित पोस्ट कर अफवाह फैलाना दंडनीय अपराध है। पुलिस विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की निगरानी कर रही है। सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। आमजन किसी भी मैसेज/फोटो या वीडियो को बिना जांच-परखे किसी दूसरे व्यक्ति के पास फॉरवर्ड ना करें।

# लुवास में पशु चिकित्सा व डेयरी विज्ञान में उद्यमिता विकास पर संगोष्ठी का आयोजन

एजेंसी

**हिसार।** लाला लाजपत राय विश्वविद्यालय, पशु चिकित्सा और पशुपालन विज्ञान (लुवास) में भाकृअनुप-राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान प्रबंध अकादमी, हैदराबाद के सहयोग से पशु चिकित्सा और डेयरी विज्ञान में उद्यमिता विकास पर ऑनलाइन संगोष्ठी का आयोजन किया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम को लुवास के टेक्नोलॉजी इनक्यूबेशन सेंटर और इंस्टीट्यूशनल इनोवेशन काउंसिल के साथ-साथ नार्म के एग्रीकल्चर में उद्यमिता के विकास एसोसिएशन ने समर्थन प्रदान किया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पशु चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. गुलशन नारंग ने पशु चिकित्सा व्यवसायी की नवोन्मेषक और उद्योग अनुभवी के रूप में परिवर्तनीय संभावनाओं को उजागर किया। उन्होंने पशु चिकित्सा और डेयरी उद्योगों की



बदलती चुनौतियों का सामना करने के लिए उद्यमिता की सोच की आवश्यकता को सुदृढ़ किया। भाकृअनुप-नार्म निदेशक डॉ. च.श्रीनिवासराव और टेक्नोलॉजी इनक्यूबेशन सेंटर के अध्यक्ष एवं मानव संसाधन एवं प्रबंधन निदेशक डॉ. राजेश खुराना ने भविष्य के पशु चिकित्सा व्यवसायीयों में उद्यमिता की सोच को बढ़ावा देने के महत्व पर जोर दिया। उनके नेतृत्व और दृष्टिकोण ने भारतीय दुग्ध व्यवसाय और पशु चिकित्सा उद्यमिता की दिशा को आकार दिया है। अतिरिक्त सीईओ, ए-आईडिया डॉ. विजय अविनाशिलिंगम और प्रिंसिपल साइंटिस्ट एवं प्रमुख, मानव संसाधन प्रबंधन डॉ. बी. गणेश कुमार द्वारा दिए गए योगदानों के साथ-साथ सफल उद्यमियों की अंतर्दृष्टियों ने पशु चिकित्सा और डेयरी क्षेत्रों में उद्यमों को बनाने और बढ़ाने के लिए व्यवहारिकरण नीतियां प्रदान की।

## भारतपे ने लॉन्च की यूपीआई, उपभोक्ता भुगतान क्षेत्र में रखा कदम

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अग्रणी फिनटेक कंपनी भारतपे ने आज देश के लाखों ग्राहकों के लिए अपने यूपीआई टीपीएपी (थर्ड पार्टी एप्लीकेशन प्रोवाइडर) की पेशकश के साथ उपभोक्ता भुगतान के क्षेत्र में कदम रखने की घोषणा की। कंपनी ने बयान जारी कर कहा कि उसने पोस्टपे ऐप का नाम बदलकर भारतपे कर दिया है। इस लॉन्च के साथ भारतपे उन लाखों ग्राहकों की जरूरतों को पूरा कर सकेगा जो डिजिटल भुगतान का इस्तेमाल करते हैं। ग्राहक भारतपे ऐप पर अपना यूपीआई आईडी बना सकते हैं और लोगों के साथ-साथ कारोबारियों को भुगतान कर सकते हैं। साथ ही इस ऐप के माध्यम से सीधे कई बिलों का भुगतान भी कर सकते हैं। यूपीआई टीपीएपी सभी एंड्रॉइड यूजर के लिए प्ले स्टोर पर उपलब्ध है। कंपनी ने टीपीएपी को सक्षम करने के लिए यूनिटी बैंक के साथ साझेदारी की है। भारतपे के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नलिन नेगी ने कहा, हम भारतपे को पूरे भारत में ग्राहकों और कारोबारियों के लिए एक पसंदीदा वित्तीय मंच बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। पिछले कुछ वर्षों में हम भुगतान और ऋण के क्षेत्र में अपने नये उत्पादों के साथ 1.3 करोड़ से अधिक कारोबारियों को सशक्त बनाने में सक्षम रहे हैं। यूपीआई टीपीएपी के साथ हमारा लक्ष्य भारत भर में लाखों लोगों को उनकी व्यक्तिगत और व्यावसायिक आवश्यकताओं के लिए सहज और सुरक्षित यूपीआई लेनदेन करने में सक्षम बनाना है। उपभोक्ता भुगतान श्रेणी में प्रवेश करने से हमें डिजिटल भुगतान को अपनाने और देश भर में वित्तीय समावेशन को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी।

## अनिल अग्रवाल का बड़ा ऐलान, देश में बनेंगे 2 नए औद्योगिक पार्क, इकोनॉमी को ऐसे होगा फायदा

**नई दिल्ली।** देश का दिग्गज कारोबारी घराना वेदांता ग्रुप देश में दो नए औद्योगिक पार्क स्थापित करने जा रही है. यह जो औद्योगिक पार्क एल्युमीनियम, जिंक तथा सिल्वर की आपूर्ति करेगी. वेदांता ग्रुप के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ट्वीट कर यह जानकारी दी. उन्होंने कहा है कि ये औद्योगिक पार्क एल्युमीनियम, जिंक तथा सिल्वर की आपूर्ति के लिए स्थापित किया जाएगा. साथ ही दोनों पार्क नॉन प्रॉफिट आधार पर बनाए जाएंगे. पार्कों के बन जाने से कच्चे माल और रिन्यूएबल एनर्जी यानि सोलर एनर्जी वाले कंपनियों को मदद मिलेगी. वेदांता ग्रुप के चेयरमैनअनिल अग्रवाल ने कहा कि ये औद्योगिक क्लस्टर आर्थिक विकास का इंजन है. जो बड़े लेवल पर रोजगार पैदा करेगी. साथ ही इसके आस-पास हजारों उद्योग स्थापित होगें. इसके अलावा कंपनी तेल, गैस तथा लोहा और इस्पात के लिए भी इसी तरह का पार्क बनाने पर विचार कर रही है. जो आने वाल समय में कच्चे माल की लागत में कटौती करेगी. इससे देश में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में कंपिटिशन को बढ़ावा देगी. इसके बनने से देश में ऊर्जा सेक्टर को भी बढ़ावा मिलेगा. वेदांता ग्रुप के इस खबर के बाद कंपनी के शेयरों में तेजी देखने को मिली.

## टीईआरआई के साथ मिलकर माइकोराइजा पद्धति से हरितिमा को बढ़ावा देगा हिंदुस्तान जिंक

**नई दिल्ली।** भारत की सबसे बड़ी और दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी एकीकृत जिंक उत्पादक कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ने पर्यावरणीय स्थिरता एवं सरंक्षण के लिए प्रतिबद्ध दोहरायी है और इसके लिए कंपनी ने राजस्थान के चंदेरिया लेड जिंक स्मेल्टर में 16 हेक्टेयर जेरोफिक्स बंजर भूमि को पुनः हरितिमा में बदलने की महत्वाकांक्षी पहल कर रही है। कंपनी की ओर से जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि कंपनी द एनर्जी एंड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट के साथ मिलकर पर्यावरणीय स्थिरता और जैव विविधता के लिए अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करते हुए अनुपजाउ क्षेत्र को हरे भरे क्षेत्रों में बदलने के लिए अभिनव माइकोराइजा तकनीक का उपयोग कर रही है। कंपनी हेतु पर्यावारण सरंक्षण सदैव प्राथमिकता रहा है और औद्योगिक चुनौतियों को पारिस्थितिक सुधार के अवसरों में बदला है।

## यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने एमटीएनएल के सभी खातों पर रोक लगाई

**नई दिल्ली।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने बकाया भुगतान न करने पर कर्ज में डूबी सरकारी दूरसंचार कंपनी एमटीएनएल के सभी खातों पर रोक (फ्रीज) लगा दी है। महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड (एमटीएनएल) ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने कंपनी को ऋण न चुकाने पर उसके सभी खातों पर रोक लगाने की 21 अगस्त को जानकारी दी। दूरसंचार कंपनी ने कहा, ''आपको सूचित किया जाता है कि यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने 21 अगस्त के अपने पत्र के जरिये एमटीएनएल को सूचित किया है कि उसका खाता 12 अगस्त, 2024 से गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) में डाल दिया गया है। इस वजह से यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के साथ हमारे सभी खाते अपने-आप ही फ्रीज हो गए हैं।' अगस्त की शुरुआत में एमटीएनएल ने शेयर बाजारों को सूचित किया था कि उसने 422.05 करोड़ रुपये के बैंक कर्ज भुगतान में चूक की है। एमटीएनएल द्वारा साझा किए गए विवरण के मुताबिक, उसने लिए गए कर्जों पर यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को 155.76 करोड़ रुपये, भारतीय स्टेट बैंक को 140.37 करोड़ रुपये, बैंक ऑफ इंडिया को 40.33 करोड़ रुपये, पंजाब एंड सिंध बैंक को 40.01 करोड़ रुपये, पंजाब नेशनल बैंक को 41.54 करोड़ रुपये और यूको बैंक को 4.04 करोड़ रुपये का भुगतान नहीं किया है।

## डाकघर में रजिस्टर्ड डाक सेवा बंद होने से जनता की जेब पर स्पीड पोस्ट पड़ी भारी

एजेंसी

**बिजनौर।** जनपद के सभी डाकघरों में बारकोड के अभाव में रजिस्ट्री डाक सेवा बंद है। इससे आम लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

लोगों के बीच ऐसी चर्चा है कि सरकार रजिस्टर्ड डाक सेवा की जगह स्पीड पोस्ट को प्राथमिकता दे रही है, जिससे डाक विभाग को अधिक राजस्व अर्जित हो। रजिस्टर्ड डाक सेवा नहीं होने से जहां आम लोगों की जेब पर ज्यादा बोझ पड़ रहा है। वहीं प्रतियोगी परीक्षा में शामिल होने वाले छात्रों को अधिक परेशानी हो गई है। अधिकांश प्रतियोगी परीक्षाओं में अभ्यर्थियों से रजिस्टर्ड डाक सेवा से ही आवेदन पत्रों की मांग की जाती है। ऐसे में प्रतियोगी परीक्षाओं में




शामिल होने वाले अभ्यर्थी परेशान हैं । उधर, रजिस्टर्ड डाक सेवा के लिए डाक विभाग द्वारा न्यूनतम 26 रुपए निर्धारित किए हैं लेकिन रजिस्टर्ड डाक बुक बंद होने पर लोगों को 26 रुपए की जगह 42 रुपए खर्च कर स्पीड पोस्ट करना पड़ रहा है। इसका असर लोगों की जेब पर पड़ रहा है। जिसके चलते लोग कुरियर सेवा की तरफ रुख कर रहे हैं।

## कच्चा तेल 79 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार- चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य 79 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 75 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। देश में आज पेट्रोल-डीजल की कीमत पूर्ववत है।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के चौथे दिन गुरुवार को शुरुआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.12 डॉलर यानी 0.15 फीसदी की बढ़कर के साथ 78.77 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.18 डॉलर यानी 0.24 फीसदी की उछाल के साथ 74.67 यूएस डॉलर प्रति बैरल पर स्थिर है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक




दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 103.44 रुपये, डीजल 89.97 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 104.95 रुपये, डीजल 91.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर से उपलब्ध है।

## महंगा हुआ सोना, चांदी की भी बढ़ी चमक

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लगातार चार दिन तक गिरावट का सामना करने के बाद आज घरेलू सर्राफा बाजार में तेजी नजर आ रही है। इस तेजी की वजह से देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में आज 24 कैरेट सोना 73,410 रुपये से लेकर 73,260 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 67,310 रुपये से लेकर 67,160 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी आज तेजी का रुख बना हुआ है। कीमत में आई इस तेजी के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में ये चमकीली धातु आज 88,400 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है।देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 73,410 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 67,310 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 73,260 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 67,160 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।



इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 73,310 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 67,210 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 73,260 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 67,160 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 73,260 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 67,160 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर आ गया है।

लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 73,410 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 67,310 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 73,310 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 67,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 73,410 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 67,310 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में तेजी आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 73,260 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 67,160 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## गाला प्रिसिजन इंजीनियरिंग का आईपीओ दो सितंबर को खुलेगा

एजेंसी

**अहमदाबाद।** गाला प्रिसिजन इंजीनियरिंग लिमिटेड को प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओं) दो सितंबर को खुलेगा। कंपनी की ओर से यहां जारी बयान में बताया गया है कि कंपनी ने अपनी पहली इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग के लिए 10 रुपये फेस वैल्यू वाले प्रति इक्विटी शेयर का प्राइस बैंड 503 से 529 रुपये तय किया है। कंपनी का आईपीओं सोमवार दो सितंबर को सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा और और बुधवार, चार सितंबर को बंद होगा। निवेशक न्यूनतम 28 इक्विटी शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं। उसके बाद 28 इक्विटी शेयरों के मल्टीपल में बोली लगाई जा सकती है। आईपीओ में 25,58,416 इक्विटी शेयरों का फेस इश्यू और प्रमोटर ग्रुप सेलिंग शेयरधारकों और व्यक्तिगत सेलिंग शेयरधारकों द्वारा 6,16,000 इक्विटी शेयरों का ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) शामिल है। कंपनी के इश्यू से प्राप्त आय में से 37 करोड़ रुपये की सीमा तक का उपयोग तमिलनाडु के श्रीपेरंबदूर, एसआईपीसीओटी, वल्लम-वडागल में एक नई फेसिलिटी स्थापित करने के किया जाएगा। इस फेसिलिटी में उच्च तन्यता वाले फास्टनरों और हेक्स बोल्ट की मैन्युफैक्चरिंग होगी। इसके अलावा 11.06 करोड़ रुपये का इस्तेमाल कंपनी महाराष्ट्र में पालघर के वाडा स्थित प्लांट में उपकरण, संयंत्र और मशीनरी की खरीद के लिए पूंजीगत व्यय के रूप में किया जाएगा। साथ ही 45.43 करोड़ रुपये कंपनी की ओर से लिए गए कुछ उधारों के पुनर्भुगतान/पूर्व भुगतान और जनरल कॉर्पोरेट पर्पज के लिए किया जाएगा। गाला प्रिसिजन इंजीनियरिंग लिमिटेड टेक्निकल स्प्रिंग्स का कंपोनेंट मैन्युफैक्चरर है। कंपनी अपना बिजनेस वाडा, पालघर, महाराष्ट्र में स्थित अपनी दो मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी से ऑपरेट करती है। इसके अलावा, यह अपने मौजूदा प्रोडक्ट पोर्टफोलियो और नए प्रोडक्ट को जोड़ने के लिए विभिन्न हाई-टेंसाइल फास्टनर्स को डेवलप करने के लिए वल्लम-वडागल, एसआईपीसीओटी, श्रीपेरंबदुर, तमिलनाडु में एक नई मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी भी स्थापित कर रहा है।

## पेटीएम को पीपीएसएल में निवेश के लिए सरकार की मंजूरी मिली

एजेंसी

**नई दिल्ली।** वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी वन97 कम्युनिकेशन के पूर्ण स्वामित्व वाली ऑनलाइन पेमेंट मंच पेटीएम ब्रांड को पेटीएम पेमेंट्स सर्विसेज लिमिटेड (पीपीएसएल) में 'डाउनस्ट्रीम' निवेश के लिए केंद्र सरकार की मंजूरी मिल गई है।

कंपनी नेशेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि वह भुगतान एग्रीगेटर (पीए) लाइसेंस के लिए नए सिरे से आवेदन करेगी। पेटीएम ने कहा कि पीपीएसएल को भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के तहत आने वाले वित्तीय सेवा विभाग से 27 अगस्त, 2024 के एक पत्र के माध्यम से मूल कंपनी से निवेश के लिए मंजूरी मिल गई है। कंपनी ने कहा कि पेटीएम पीपीएसएल भुगतान एग्रीगेटर लाइसेंस के लिए फिर से आवेदन करेगी। इस बीच मौजूदा भागीदारों को ऑनलाइन भुगतान एग्रीगेटर सेवाएं प्रदान करना जारी रखेगी। दरअसल रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने नवंबर, 2022 में पेटीएम के भुगतान




एग्रीगेटर लाइसेंस परमिट आवेदन को खारिज कर दिया था। आरबीआई ने कंपनी को प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) मानदंडों के तहत प्रेस नोट-3 अनुपालन के साथ फिर से आवेदन करने का निर्देश दिया था।

गौरतलब है कि प्रेस नोट-3 के अनुसार सरकार ने भारत के साथ स्थलीय सीमा साझा करने वाले देशों से निवेश के लिए अपनी पूर्व स्वीकृति अनिवार्य कर दी थी। आवेदन खारिज होने के समय, चीन का अलीबाबा समूह कंपनी में सबसे बड़ा शेयरधारक था।

## बैंक ऑफ बड़ौदा की अर्थशास्त्री की रिपोर्ट में अतिवृष्टि से फसल-क्षति की चिंता

एजेंसी

**नई दिल्ली।** बैंक ऑफ बड़ौदा की अर्थशास्त्री सोनल बधान ने कहा है कि देश में वर्तमान सीजन में बारिश और बुवाई की प्रगति कुल मिलाकर अच्छी है, लेकिन अब चिंता अतिवृष्टि की हो गयी है क्योंकि उससे फसलों के नष्ट होने का संकट उत्पन्न होता है।

देश के दक्षिण प्रायद्वीप और मध्य भागों में वर्षा औसत से 17-18 प्रतिशत अधिक चल रही है। सुश्री बधान ने मानसून और फसल बुआई की प्रगति का विश्लेषण कहा है कि अब तक 'वर्षा और बुआई दोनों ही दृष्टिकोण से स्थिति अच्छी लग रही है। जैसे-जैसे बुआई और मानसून समाप्ति के करीब आ रहा है, अब ध्यान कटाई के मौसम की ओर जाएगा। अधिक/अत्यधिक वर्षा फसलों के लिए हानिकारक हो सकती है।' रिपोर्ट में कहा गया है कि इस बार 27 अगस्त तक वर्षा दीर्घकालिक औसत (एलपीए) से सात प्रतिशत अधिक है। अगस्त के अंत में वर्षा तेज हुई है और 21 से 27 अगस्त के बीच संचयी वर्षा 73.8 मिमी रही है। इससे पहले 13 से 20 अगस्त के



बीच 48.9 मिमी बारिश हुई थी।

रिपोर्ट में कहा गया है कि एक जून से 27 अगस्त 2024 के बीच, देश के कुल कृषि-जलवायविक 36 उप-विभागों में से 31 (देश का 84 प्रतिशत) में अब तक सामान्य या सामान्य से अधिक वर्षा हुई है। इस साल अब तक आठ राज्यों में कम बारिश हुई है।

विश्लेषण के मुताबिक दक्षिणी प्रायद्वीप में वर्षा 18 प्रतिशत तथा मध्य क्षेत्र में 17 अत्यधिक बारिश हुई है। इसके विपरीत, पूर्व और उत्तर पूर्व क्षेत्र में वर्षा औसत से 11 प्रतिशत कम है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सामान्य से अधिक वर्षा के कारण, दलहन, धान, तिलहन, गन्ना और मोटे अनाज के अधिक रकबे के साथ कुल बुवाई/रोपाई का रकबा पिछले साल इसी अवधि की तुलना में 1.9 प्रतिशत अधिक है। नवीनतम डेटा से पता चलता है कि पिछले वर्ष के सामान्य क्षेत्र की तुलना में, इस वर्ष अब तक लगभग 97 प्रतिशत बुवाई पूरी हो चुकी है। जैसे-जैसे बुवाई और मानसून समाप्ति के करीब आ रहे हैं, अब ध्यान कटाई के मौसम की ओर जाएगा।

## भारत विश्वस्तरीय किफायती स्वास्थ्य सेवा गंतव्य और वैश्विक फार्मा लीडर : जितिन प्रसाद

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा कि भारत एक विश्वस्तरीय किफायती स्वास्थ्य सेवा गंतव्य और वैश्विक फार्मा लीडर के रूप में उभरा है।

जितिन प्रसाद ने उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में फार्मा एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल ऑफ इंडिया और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के द्वारा आयोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय फार्मा एवं हेल्थकेयर प्रदर्शनी (आईपीएचईएक्स-2024) का उद्घाटन करते हुए यह बात कही। उन्होंने भारतीय फार्मास्युटिकल उद्योग से दुनिया का हेल्थकेयर संरक्षक बनने की दिशा में काम करने का आग्रह किया।

प्रसाद ने फार्मा उद्योग से निर्यात बढ़ाने और विकास के उभरते अवसरों का लाभ उठाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि भारत को पहले से ही 'दुनिया की फार्मेसी' के रूप में मान्यता प्राप्त है। वाणिज्य राज्य मंत्री ने कहा कि यह बेहद महत्वपूर्ण है कि हम न केवल जेनेरिक क्षेत्र में अपनी ताकत पर ध्यान केंद्रित करें, बल्कि अपने बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंकेज को भी सुनिश्चित करें। उन्होंने आगे कहा कि यह महत्वपूर्ण है कि हम उत्पाद विकास का प्रयास करें और नए क्षेत्र में कदम रखें।

मंत्री ने उद्योग जगत से नवाचार, गुणवत्ता पर ध्यान केंद्रित करने और विश्व बाजार के साथ काम करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा बहुत महत्वपूर्ण होगी। नए विकास और अच्छे विनिर्माण प्रथाओं से अवगत



रहना महत्वपूर्ण है। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र सरकार ने एपीआई और चिकित्सा उपकरणों के लिए पीएलआई जैसी कई योजनाएं शुरू की हैं।

प्रसाद ने कहा कि तीन दिवसीय फार्मा एक्सपो आईपीएचईएक्स भारत और दुनिया भर के घरेलू उद्योग के प्रमुखों को जुड़ने और व्यापार करने के लिए एक शानदार मंच प्रदान करेगा। यह आपको नए और मौजूदा ग्राहकों से मिलने का अवसर प्रदान करेगा जो सक्रिय रूप से नए आपूर्तिकर्ताओं की तलाश कर रहे हैं, या मौजूदा परियोजनाओं की वर्तमान प्रगति का आकलन करना चाहते हैं।

## मजबूती का रिकॉर्ड बनाने के बाद फिसला शेयर बाजार, मामूली बढ़त के साथ बंद हुए सेंसेक्स और निफ्टी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में एक बार फिर मजबूती का रिकॉर्ड बना। खरीदारी के सपोर्ट से निफ्टी ने आज ऑल टाइम हाई का नया रिकॉर्ड बनाया। इसी तरह सेंसेक्स भी ऑल टाइम हाई के रिकॉर्ड के काफी करीब पहुंचा लेकिन बाद में मुनाफा वसूली शुरू हो जाने की वजह से ऊपरी स्तर से गिरावट आ गई। इसके बावजूद सेंसेक्स 0.09 प्रतिशत और निफ्टी 0.14 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।

आज दिन भर के कारोबार के दौरान आईटी, फार्मास्यूटिकल और टेलीकॉम सेक्टर की कंपनियों में खरीदारी होती रही। बैंकिंग, ऑटोमोबाइल, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्युरेबल्स, एफएमसीजी, मेटल, ऑयल एंड गैस और पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज के शेयरों में




बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी आज दबाव नजर आया, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.04 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ। स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.12 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

आज ब्रॉडर मार्केट में बने दबाव की वजह से स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब 25 हजार करोड़ रुपये की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 462.89 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 463.14 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 25 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हो गया।

आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,056 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,831 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,133 शेयरों में गिरावट का रुख रहा और 92 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,342 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 944 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,398 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 11 शेयर बढ़त के साथ और 19 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 21 शेयर हरे निशान में और 29 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 68.08 अंक की मामूली बढ़त के साथ 81,779.84 अंक के स्तर पर खुला। शुरुआती कारोबार में बिकवाली का दबाव बनने की वजह से ये सूचकांक 133.44 अंक की कमजोरी के साथ 81,578.32 अंक तक गिर गया। इस गिरावट के बाद खरीदारों ने लिवाली शुरू कर दी। लगातार हो रही लिवाली के सपोर्ट से ये सूचकांक निचले स्तर से 460 अंक से अधिक की रिकवरी करके 327.50 अंक की मजबूती के साथ 82,039.26 अंक तक पहुंच गया। हालांकि, कारोबार के आखिरी घंटे में मुनाफा वसूली शुरू हो जाने की वजह से ये सूचकांक ऊपरी स्तर से फिसल कर 73.80 अंक की तेजी के साथ 81,785.56 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 13.05 अंक की बढ़त के साथ 25,030.80 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। शुरुआती कारोबार में बिकवाली का दबाव बनने की वजह से ये सूचकांक 53.10 की कमजोरी के साथ 24,964.65 अंक तक लुढ़क गया। इसके बाद खरीदारी शुरू हो जाने पर इस सूचकांक की चाल में भी तेजी आ गई। लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से निफ्टी 111.85 अंक की मजबूती के साथ अभी तक के सर्वोच्च स्तर 25,129.60 अंक तक पहुंच गया। हालांकि, आखिरी घंटे में बिकवाली शुरू हो जाने के कारण ये सूचकांक भी ऊपर स्तर से लुढ़क कर 34.60 अंक की मजबूती के साथ ऑल टाइम हाई क्लोजिंग का नया रिकॉर्ड बनाते हुए 25,052.35 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

पूरे दिन के कारोबार के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से एलटी माइंडट्री 6.54 प्रतिशत, विप्रो 3.37 प्रतिशत, डिवीज लेबोरेट्रीज 2.61 प्रतिशत, इंडसइंड बैंक 2.35 प्रतिशत और भारती एयरटेल 2.21 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए। एशियन पेंट्स 1.29 प्रतिशत, अडाणी एंटरप्राइज 1.27 प्रतिशत, नेस्ले 1.15 प्रतिशत, मारुति सुजुकी 1.12 प्रतिशत और ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज 1.06 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज के टॉप 5 लूजर्स की सूची में शामिल हुए।

## आरबीआई गवर्नर दास ने वित्तीय क्षेत्र के भविष्य के लिए रखीं पांच प्राथमिकताएं

एजेंसी

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने देश की वित्तीय प्रणाली के सशक्त भविष्य के लिए पांच प्राथमिकताएं गिनायीं। आरबीआई गवर्नर ने सम्मेलन के मुख्य भाषण में इंडिया-100 के लिए, वित्तीय समावेशन, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना, उपभोक्ता संरक्षण और साइबर सुरक्षा, सतत वित्त और वैश्विक स्तर के समन्वयएवं और सहयोग-इन पांच प्राथमिकताओं को अपनाए जाने पर बल दिया। आज यहाँ ग्लोबल फिनटेक फेस्ट (जीएफएफ) 2024 कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आरबीआई गवर्नर ने कहा,÷भाविष्य की यात्रा प्रौद्योगिकी, विनियमन, भू-राजनीति और बढ़ती सामाजिक अपेक्षाओं में गतिशील बदलावों से भरी होने वाली है। आर्थिक मजबूती को बढ़ावा देने में भारतीय वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र के सभी हितधारकों की भूमिका महत्वपूर्ण है। जीएफएफ-2024 का आयोजन इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (मेइटी), विदेश मंत्रालय, वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस), आरबीआई और अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (आईएफसीए) सहयोग से किया जाता है। इस सम्मेलन के आयोजनकमर्ताओं में पेमेंट्स काउंसिल ऑफ इंडिया (पीसीआई), नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) और फिनटेक कन्वर्जेंस काउंसिल (एफसीसी) शामिल हैं।

श्री दास ने कहा,भारत एक तेजी से उभरती हुई आर्थिक शक्ति है, जिसकी आबादी तकनीक के प्रति जागरूक है। भारत के वित्तीय क्षेत्र में फिनटेक क्षेत्र से प्रेरित उल्लेखनीय परिवर्तन हो रहे है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक रूप से उपलब्ध जानकारी के अनुसार भारत में स्थापित फिनटेक की संख्या लगभग 11,000 है, और पिछले दो वर्षों में ही फिनटेक क्षेत्र को लगभग छह अरब डॉलर का निवेश प्राप्त हुआ है।

इस सम्मेलन के मुख्य विषयों में वित्तीय क्षेत्र के लिए भविष्य प्रौद्योगिकी से जुड़े मुद्दे और फिनटेक के लिए नियामकीय व्यवस्था शामिल है।

# सेहत का बाल भी बांका नहीं होने देगा ये अनाज, हड्डियों को चटकने से बचाए, दिल की करे हिफाजत, 7 फायदे जान होंगे हैरान



**राजगिरा एक बेहद ही पौष्टिक अनाज है, जिसे अमरंथ के नाम से भी जाना जाता है. इसमें पौष्टिक तत्वों का खजाना होता है, जो वजन कम करने से लेकर हृदय, हड्डियों को स्वस्थ रखने में कारगर है. जानिए, राजगिरा खाने के फायदे क्या होते हैं.**

कई तरह के अनाज होते हैं, जिनमें से कुछ का ही आप सेवन करते होंगे. एक ऐसा ही पोषक तत्वों से भरपूर अनाज है राजगिरा, जिसे अमरंथ (amaranth) भी कहा जाता है. राजगिरा (Rajgira) एक ग्लूटन-फ्री अनाज है, जिसके सेवन से शरीर को ढेरों लाभ होते हैं. राजगिरा अनाज में फाइबर, प्रोटीन, आयरन, फॉस्फोरस, मैग्नीशियम, फोलेट, पोटैशियम, कैल्शियम, विटामिन सी आदि पोषक तत्व होते हैं. चलिए जानते हैं राजगिरा के सेवन के क्या-क्या फायदे होते हैं.

राजगिरा (अमरंथ) के फायदे (Health Benefits Of Rajgira)

1. हेल्थलाइन में छपी एक खबर के अनुसार, राजगिरा में ढेरों माइक्रोन्यूट्रिएंट्स और एंटी-इंफ्लेमेटरी प्रॉपर्टीज होती हैं, जो हाई कोलेस्ट्रॉल और वजन को घटाने में मदद कर सकती हैं. मैंगनीज होने के कारण ये ब्रेन फंक्शन को दुरुस्त बनाए रखने में कारगर है. राजगिरा के सेवन से खास तरह के न्यूरोलॉजिकल कंडीशन से बचा जा सकता है.

2. अमरंथ में फॉस्फोरस भी काफी अधिक होता है, जो हड्डियों की सेहत के लिए बहुत जरूरी मिनरल है. साथ ही आयरन से भरपूर होने के कारण शरीर को ब्लड के निर्माण में मदद करता है. इसमें एंटीऑक्सीडेंट्स भी होते हैं जो शरीर को हानिकारक फ्री रेडिकल्स से सुरक्षित रखते हैं. इससे आप क्रोनिक डिजीज से बचे रह सकते हैं.

3. जब आर राजगिरा यानी अमरंथ का सेवन करते हैं तो इंफ्लेमेशन की समस्या से भी बचाव होता है. क्रोनिक इंफ्लेमेशन कई तरह की क्रोनिक बीमारियों जैसे कैंसर, डायबिटीज, ऑटोइम्यून डिसऑर्डर के होने के जोखिम को बढ़ा सकता है.

4. कोलेस्ट्रॉल एक फैट की तरह पदार्थ है, जो पूरे शरीर में मौजूद होता है. कई बार खून में इसकी मात्रा बढ़ जाती है तो जिससे धमनियां सिकुड़ जाती हैं. इनमें ब्लॉकेज की समस्या हो सकती है. इससे हार्ट अटैक, स्ट्रोक, कार्डियक अरेस्ट आने का खतरा बढ़ जाता है. कुछ स्टडी में ये बात कही गई है कि राजगिरा में कोलेस्ट्रॉल को कम करने वाली प्रॉपर्टीज मौजूद होती हैं. अमरंथ का तेल बैड कोलेस्ट्रॉल को घटा सकता है और गुड कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाता है.

5. यदि आपका वजन बढ़ रहा है और इसे कम करने के लिए आप किसी ऐसे वेट लॉस फूड की तलाश में हैं तो आप अमरंथ का सेवन कर सकते हैं. चूंकि, राजगिरा में प्रोटीन और फाइबर की मात्रा बहुत अधिक होती है और ये दोनों ही वजन घटाने में कारगर होते हैं. फाइबर पेट को भरा होने का अहसास कराता है.

6. इतना ही नहीं राजगिरा अनाज को रेगुलर डाइट में शामिल करने से बोन डेंसिटी में सुधार होता है. इसमें आयरन, कैल्शियम, फॉस्फोरस, फाइबर काफी होते हैं, जो हड्डियों की समस्याओं को होने से रोकते हैं.

7. राजगिरा में मौजूद विटामिन सी एक एंटीऑक्सीडेंट है जो रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाता है. इससे आप कई तरह के इंफेक्शन, फ्री रैडिकल्स से होने वाले नुकसानों और इंफ्लेमेशन से बचे रह सकते हैं.

# देश में नैतिक पतन जारी है : इसे कैसे रोका जाए




केरल देश की संस्कृति, शिक्षा, स्वास्थ्य, आदि क्षेत्रों में देश का ही नहीं वरन् दुनिया में भी सर्वोपरि है। अभी हाल में जाहिर किए गए आंकड़े से पता लगा है कि एक लाख में से 19 माताएं या तो बच्चे के जन्म देने के तुरंत बाद या गर्भावस्था के दौरान मर जाती हैं। यह आंकड़ा अमेरिका से भी आगे है। उसके विपरीत उत्तरप्रदेश में 1 लाख में से 167, मध्यप्रदेश में 173 असम में 195 महिलाएं मृत्यु को प्राप्त होती हैं।पश्चिम बंगाल और केरल सांस्कृतिक दृष्टि से देश के सर्वोपरि राज्य हैं। दोनों राज्यों को देश के महान संस्कृतिकर्मियों ने योगदान दिया है। बंगाल में रवीन्द्रनाथ टैगोर, मदर टेरेसा, सुभाषचन्द्र बोस, ज्योति बसु, आदि शामिल हैं। अनेक कवि, सत्यजीत रे समेत अनेक फिल्मकर्मियों ने जन्म लिया है, ऐसे महान राज्य में एक महिला डाक्टर के साथ जो कुछ हुआ वह बंगाल के चेहरे पर कालिख है। इस महिला डाक्टर के साथ न सिर्फ दुष्कर्म किया गया वरन उसकी हत्या भी की गई। घटना के बाद जो तथ्य सामने आ रहे हैं उनसे लगता है कि वह अनेक गुप्त बातों की जानकार थी जो मेडिकल प्रोफेशन में नहीं होना थी। वह इन बातों को उजागर करे उसके पहले ही उसकी हत्या कर दी गई।

केरल देश की संस्कृति, शिक्षा, स्वास्थ्य, आदि क्षेत्रों में देश का ही नहीं वरन् दुनिया में भी सर्वोपरि है। अभी हाल में जाहिर किए गए आंकड़े से पता लगा है कि एक लाख में से 19 माताएं या तो बच्चे के जन्म देने के तुरंत बाद या गर्भावस्था के दौरान मर जाती हैं। यह आंकड़ा अमेरिका से भी आगे है। उसके विपरीत उत्तरप्रदेश में 1 लाख में से 167, मध्यप्रदेश में 173 असम में 195 महिलाएं मृत्यु को प्राप्त होती हैं। शिक्षा के क्षेत्र में लगभग 100 प्रतिशत आबादी शिक्षित हैं। स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी इसी तरह पूरे देश में वह सर्वोच्च शिखर पर है। ऐसे प्रदेश में वहां के फिल्म जगत में काम करने वाली महिलाओं ने अपने साथ दुष्कर्म की शिकायत की। उनकी शिकायत के चलते वहां की सरकार ने एक अवकाश प्राप्त हाईकोर्ट जज की अध्यक्षता में एक आयोग का गठन किया। इस आयोग ने वहां की सुप्रसिद्ध अभिनेत्रियों की शिकायत को सुना और यह आयोग इस नतीजे पर पहुंचा कि वहां की प्रसिद्ध अभिनेत्रियों की शिकायत सही है। इस आयोग की रिपोर्ट 2019 में मुख्यमंत्री को भेजी गई। परंतु किन्हीं कारणों से मुख्यमंत्री ने इस रिपोर्ट को सार्वजनिक नहीं किया। इस बीच उन पर दबाव बढ़ता रहा और इस माह में रिपोर्ट सार्वजनिक की गई। रिपोर्ट सार्वजनिक करने में इतनी देर क्यों हुई? इस संबंध में मुख्यमंत्री ने अनेक प्रकार के स्पष्टीकरण दिये हैं जिनमें एक स्पष्टकीरण के अनुसार उनका कहना था कि देरी के लिए आयोग के अध्यक्ष ने स्वयं रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं करने का सुझाव दिया था।कारण जो भी हो परंतु मलियालम में बनी फिल्में अद्भुत समझी जाती हैं। इन फिल्मों को बनाने में जिन अभिनेत्रियों का योगदान रहता है उनके साथ इस तरह का व्यवहार केरल को शर्मसार करने वाली घटना है।

हमारे प्रधानमंत्री कहते हैं कि भारतवर्ष शीघ्र ही विश्वगुरू बनेगा। परंतु जो विश्वगुरू बनने वाला है उसके 150 सांसदों एवं विधायकों के खिलाफ अपराधों के मामले दर्ज हैं। इन मामलों में कुछ दुष्कर्म के भी मामले हैं। जिस देश के 150 जनप्रतिनिधि अपराधों में शामिल हों वह कैसे विश्वगुरू बन पायेगा?

हमारे देश में इस समय महिलाओं के साथ दुष्कर्म और अनेक अपराधों की खबरें आ रही हैं। महाराष्ट्र में अभी हाल में जो घटना हुई उसकी तो कल्पना ही नहीं की जा सकती थी। एक स्कूल की 4 साल की दो बच्चियों के साथ उसी स्कूल में काम करने वाले एक कर्मचारी ने दुष्कर्म किया। उसी महाराष्ट्र में कुछ दिनों बाद एक 7 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना की खबर सामने आई। असम में भी ट्यूशन से घर वापिस आ रही एक बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना हुई। इसके विरोध में असम में पूरे राज्य में प्रदर्शन हुए। परंतु इस घटना को लेकर वहां के मुख्यमंत्री ने जो प्रतिक्रिया जाहिर की वह चौंकाने वाली है। इस बच्ची के साथ अपराध करने वाला व्यक्ति अल्पसंख्यक पाया गया। इस बात का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि असम में यहां के मूल निवासी अपने आपको असुरक्षित महसूस करते हैं। शायद उनका इशारा किसकी ओर है यह वही बता सकते हैं।समाज में आए दिन सभी रिश्तों को तोड़ते हुए घटनाएं हो रही हैं। एक समाचार के अनुसार एक पत्नी ने अपने बेटे के साथ मिलकर पति की हत्या कर दी। हत्या में तकिये का उपयोग किया गया। हत्या इसलिए की गई क्योंकि अपने पति की इस दूसरी पत्नी की निगाह अपने पति के रिटायर होने पर मिली भारी रकम पर नज़र थी। उसको डर था कि उसका पति उनकी पहली पत्नी की संतानों को रकम का भारी हिस्सा दे देंगे। ऐसी स्थिति पैदा हो इसके पहले ही उसने अपने पति की हत्या कर दी। जिस पत्नी ने हत्या की वह स्वयं अपने पहले पति को तलाक देकर दूसरी शादी की थी।

एक और मामले में एक पति ने अपनी पत्नी की हत्या करके स्वयं थाने को सूचित कर दिया कि उसने अपनी पत्नी की हत्या की है। कारण उसे अपनी पत्नी के चरित्र पर संदेह था। इस तरह की घटनाएं आए दिन हो रही हैं। पति-पत्नी का रिश्ता अत्यधिक विश्वास का रिश्ता होता है। परंतु उसमें भी कभी भी खटाई पड़ जाती है और हत्या के समान जघन्य अपराध हो जाते हैं। एक अखबार में खबर छपी है कि कुछ लोग महिलाओं के या बच्चियों के साथ दुष्कर्म का वीडियो बनाते हैं और फिर उस वीडियो को भारी कीमत पर बेचते हैं। इस अखबार के अनुसार यह एक बड़ा धंधा हो गया है। इसलिए इस तरह की खबरे पढ़ने को मिलती हैं कि महिला या बच्ची अपने को दुष्कर्म से मुक्त करने के लिए अपील करती हैं परंतु उसे बचाने के स्थान पर लोग उसका वीडियो बनाने में लगे रहते हैं। इस तरह की घटनाएं ही इस बात का सबूत है कि इंसान की संवेदनशीलता को क्या हो गया है? हम लाखों की संख्या में प्रवचन सुनने जाते हैं परंतु उस प्रवचन से हमारी आत्मा पर क्या असर हुआ यह ज्ञात नहीं होता है।अभी हाल में महाराष्ट्र में एक हिन्दू संत ने इस्लाम के पैगंबर के खिलाफ अपमानजनक बातें की। उसकी प्रतिक्रिया में मध्यप्रदेश के छतरपुर नाम के स्थान पर मुसलमानों ने रोष प्रकट किया। थाने का घेराव किया और पुलिसकर्मियों को घायल किया। इस घटना के विरोध में पुलिस और प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की। कार्रवाई के फलस्वरूप एक धनी मुस्लिम के मकान को नेस्तनाबूद कर दिया गया। न सिर्फ मकान को नेस्तनाबूद किया बल्कि जो वाहन वहां थे उनको

भी तोड़ डाला। क्या वाहन भी प्रदर्शन में शामिल थे? फिर मकान को नेस्तनाबूद करने के पहले इस बात की भी जानकारी नहीं ली गई उसकी कानूनी स्थिति क्या है। यह भी बताया गया कि इस विशाल मकान के भीतर जो मूल्यवान वस्तुएं थीं जैसे गहने, टीवी, फ्रिज उनका क्या हुआ? यदि मकान गैरकानूनी था तो जब वह बन रहा था तब उसका निर्माण क्यों नहीं रोका गया? इस तरह की घटनाएं मध्यप्रदेश के और स्थानों पर भी हुई हैं और उत्तरप्रदेश में तो बड़े पैमाने पर हो रही हैं।ऐसी घटनाओं के बारे में क्या रवैया अपनाया जाए? यह कहना मुश्किल है क्योंकि उसके पीछे बड़े-बड़े प्रभावशाली व्यक्तियों का हाथ है ऐसा आरोप लगाया जाता है। कुल मिलाकर समाज में चाहे महिलाओं के साथ दुष्कर्म हो या अन्य अपराध हों लगभग कानून अपने हाथ में लिया जा रहा है। इनको रोकने के लिए क्या किया जा सकता है? यह एक विचारणीय प्रश्न है?इस समय बुलडोजर ऐसे मकान पर भी चला दिया जाता है जिसमें रहने वाले परिवार के केवल एक सदस्य ने अपराध किया हो। एक व्यक्ति द्वारा किए गए अपराध की सज़ा पूरे परिवार को क्यों दी जाती है? फिर हमारे देश के कानून के अनुसार अपराधी को सज़ा देने का अधिकार न्यायपालिका का है न कि पुलिस का। परन्तु आये दिन बुलडोजर चलाकर सज़ा पुलिस वाले दे रहे हैं जो सरासर गैरकानूनी है।

संपादकीय

## प.बंगाल में छात्रों की आड़ में राजनीति

कोलकाता के आर जी कर सरकारी अस्पताल में हुए जघन्य अपराध को लेकर सियासत दिन ब दिन तेज होती जा रही है। मंगलवार को नबन्ना अभियान की शक्ल में सियासत का एक और रूप देखने मिला। नबन्ना भवन में प.बंगाल सरकार का सचिवालय है, जिसकी सबसे ऊपरी मंजिल पर मुख्यमंत्री का दफ्तर भी है। प.बंगाल छात्र समाज ने इसी भवन तक बलात्कार कांड के विरोध में रैली निकालने का आह्वान किया था, जिसे नबन्ना मार्च या नबन्ना अभियान नाम दिया गया। प्रत्यक्ष तौर पर इस अभियान में कोई राजनैतिक चेहरा नहीं था, लेकिन इसमें जिस तरह भाजपा ने समर्थन दिया और स्वयं राज्यपाल की तरफ से वीडियो संदेश जारी हुआ। उससे समझा जा सकता है कि यह सारा अभियान बलात्कार जैसे खौफनाक अपराध में पीड़िता और उसके परिजन को मिलने वाले इंसाफ से कहीं अधिक राजनैतिक लाभ हासिल करने की नीयत से छेड़ा गया था।

नबन्ना मार्च रवीन्द्रभारती विश्वविद्यालय के छात्र प्रबीर दास, कल्याणी विश्वविद्यालय के शुभंकर हलदर और सयान लाहिड़ी नामक छात्रों द्वारा बुलाया गया था, इन छात्रों का कहना है कि उनका राजनीति से लेना-देना नहीं है। हालांकि शुभंकर हलदर ने खुद ही कहा है कि वे आरएसएस से जुड़े हैं और उन्हें इस पर गर्व है। इस मार्च को पहले विपक्ष का समर्थन भी मिला था, लेकिन बाद में संघ के तार इससे जुड़ते देख कांग्रेस और वाममोर्चा दोनों ही इससे पीछे हट गए। छात्रों ने इस अभियान के लिए तीन मांगों को सामने रखा था, अभया के लिए न्याय, अपराधी के लिए मौत की सजा और ममता बनर्जी का इस्तीफा। यह अजीब बात है कि जब मामले की सुनवाई सीधे सुप्रीम कोर्ट ने ही करनी शुरु कर दी है, तब इस तरह की मांग को लेकर रैली निकालने का औचित्य क्या है। जहां तक सवाल ममता बनर्जी के इस्तीफे का है, तो फिर इसकी शुरुआत मणिपुर से होते हुए उत्तरप्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, उत्तराखंड जैसे तमाम राज्यों में भी होनी चाहिए, क्योंकि यहां की बेटियों के साथ भी इसी तरह के अक्षम्य अपराध हुए हैं।महाराष्ट्र के बदलापुर में नाबालिग बच्चियों के साथ हुए दुष्कर्म के विरोध में 24 तारीख को महाविकास अघाड़ी ने भी प्रदर्शन का आह्वान किया था, हालांकि अदालत में इसे रोकने के लिए एक जनहित याचिका दाखिल हुई और उसके बाद अदालत ने इस पर रोक लगाई तो फिर महाविकास अघाड़ी के नेताओं ने काली पट्टी मुंह पर बांध कर मौन प्रदर्शन कर सरकार के सामने अपना विरोध दर्ज कराया। ऐसा ही काम कोलकाता में भी हो सकता था, क्योंकि पुलिस के मुताबिक उसके पास खुफिया जानकारी थी कि कुछ उपद्रवी रैली के दौरान प्रदर्शनकारियों के बीच घुसने और बड़े पैमाने पर हिंसा व अराजकता फैलाने का प्रयास करेंगे। सरकार ने पहले ही बीएनएसएस की धारा 163 के तहत नबन्ना के निकट निषेधाज्ञा लागू कर दी थी, जिसके तहत पांच या अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने पर रोक लगती है। सोमवार को पुलिस ने एक संवाददाता सम्मेलन कर आंदोलन को गैरकानूनी करार देते हुए इसे अशांति फैलाने की साजिश करार दिया था। लेकिन सोमवार देर शाम राजभवन की ओर से जारी एक वीडियो संदेश में राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने राज्य सरकार से आग्रह किया कि वह छात्रों को रैली रोकने के लिए बल प्रयोग न करे।राज्यपाल पद पर बैठे व्यक्ति के लिए इस तरह के संदेश जारी करना कहां तक उचित है, यह भी विचारणीय है। इस अभियान को लेकर पुलिस की आपत्तियों पर भाजपा नेता दिलीप घोष ने कहा कि पुलिस को इसे वैध या अवैध कहने का क्या अधिकार है? लोकतांत्रिक देश में कोई भी विरोध कर सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने भी कहा है कि अगर कोई शांतिपूर्ण विरोध या मार्च निकाला जाता है तो पुलिस उसमें बाधा नहीं डाल सकती। काश दिलीप घोष यही बात तब कहते जब संसद की ओर अपनी मांगों को लेकर निकली महिला पहलवानों को पुलिस ने बलप्रयोग करते हुए ही रोका था और जेल में डाला था। इससे पहले किसानों के साथ भी यही सलूक किया गया।बहरहाल, पुलिस की अनुमति न मिलने के बावजूद जब नबन्ना मार्च निकाला गया, तब हालात संभालने के लिए करीब 5 हजार पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया। फिर भी विरोध भड़कते देख प्रदर्शनकारियों को काबू में लेने के लिए पुलिस को पानी की बौछार जैसे तरीके इस्तेमाल करने पड़े। इसके बाद सियासत और तेज हो चुकी है, अब भाजपा ने बंगाल बंद का आह्वान किया है। जाहिर है यह सब ममता बनर्जी सरकार की मुश्किलें बढ़ाने के लिए किया जा रहा है।

आर जी कर अस्पताल की घटना के बाद से पूरे देश में आक्रोश देखा जा रहा है। एक स्वस्थ और जागरुक समाज को इस तरह के अपराध और नाइंसाफी पर नाराज होना भी चाहिए।

# मुद्रास्फीति पर रिजर्व बैंक की बढ़ती जा रही दुविधा

जब अमेरिकी फेड बोलता है, तो दुनिया के अन्य केंद्रीय बैंकरों को सुनना पड़ता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि बाजार गतिशीलता के एक नये चरण में प्रवेश करेंगे। इसमें कोई संदेह नहीं है कि भारतीय रिजर्व बैंक अपना एंटीना उठायेगा और भारतीय बाजारों में होने वाले बदलावों पर नज़र रखेगा।अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल ने जैक्सन होल, व्योमिंग से स्पष्ट संदेश दिया है कि अमेरिकी केंद्रीय बैंक दर उलट चक्र में प्रवेश करने के लिए पूरी तरह तैयार है। फेडरल रिजर्व आखिरकार कम नीतिगत दरों की व्यवस्था की शुरुआत करेगा।

वित्तीय बाजारों ने इसे तुरंत उठाया और हाल के दिनों में गिरावट के बाद अमेरिकी शेयर बाजारों में एक बार फिर उछाल आया है। एक बार फेडरल रिजर्व अपनी नीति उलटने की पहल करता है, तो उम्मीद की जा सकती है कि वित्तीय बाजार आगे समायोजन करना शुरू कर देंगे।

जब अमेरिकी फेड बोलता है, तो दुनिया के अन्य केंद्रीय बैंकरों को सुनना पड़ता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि बाजार गतिशीलता के एक नये चरण में प्रवेश करेंगे। इसमें कोई संदेह नहीं है कि भारतीय रिजर्व बैंक अपना एंटीना उठायेगा और भारतीय बाजारों में होने वाले बदलावों पर नज़र रखेगा।यह उम्मीद भी की जा सकती है कि वैश्विक बाजारों के साथ तालमेल बिठाते हुए भारतीय शेयर भी बढ़ेंगे, जैसा कि व्यापक स्पेक्ट्रम ब्याज दरों में कमी आने पर होता है। आने वाले दिनों में शेयर बाजारों में और उछाल आना चाहिए। इसके साथ ही, बॉन्ड बाजार भी नये स्तरों की तलाश करेंगे। इस उछाल का लाभ उठाने के लिए विदेशी बाजारों से धन प्रवाह की भी उम्मीद की जा सकती है।

इस पृष्ठभूमि में, रिजर्व बैंक को अपने व्यापक नीति उपायों को कैसे फिर से निर्धारित करना चाहिए? जाहिर है, मार्गदर्शक कारक भारत में समग्र मूल्य स्थिरता के साथ-साथ भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास क्षमता और प्रदर्शन होना चाहिए।6 और 8 अगस्त के बीच रिजर्व बैंक ने अपनी पिछली मौद्रिक नीति समिति की समीक्षा बैठकों में नीति मापदंडों को अपरिवर्तित रखने का फैसला किया गया है। समिति की कार्रवाई की नवीनतम रपट के अनुसार, नीति दर को अपरिवर्तित छोड़ दिया गया था, हालांकि समिति के दो सदस्यों ने इस निर्णय के खिलाफ जोरदार तर्क दिया।आरबीआई के लिए जिन कारकों पर विचार करना वांछनीय हैं, वे हैं मुद्रास्फीति के रुझान और मूल्य प्रवृत्तियों में वृद्धि की संभावना। पिछले कुछ महीनों में कीमतों में नरम रुझान दिखाई दिये हैं। केंद्रीय वित्त मंत्रालय द्वारा जारी नवीनतम मासिक आर्थिक रिपोर्ट में इस सप्ताह काफी आरामदायक तस्वीर दिखाई गई।कुल मिलाकर, चालू वित्त वर्ष के पहले चार महीनों अप्रैल से जुलाई 2024 में खुदरा मुद्रास्फीति




धीमी होकर 4.6प्रतिशत हो गई, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 5.3 प्रतिशत थी। विशेष रूप से महीने-दर-महीने जुलाई में कीमतों में तेज गिरावट देखी गई।उपभोक्ता मूल्य सूचकांक-संयुक्तपर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति जून 2024 में 5.1 प्रतिशत से घटकर जुलाई 2024 में 3.5 प्रतिशत हो गई, जो सितंबर 2019 के बाद सबसे कम है। वित्त मंत्रालय ने इसका श्रेय खाद्य मुद्रास्फीति में उल्लेखनीय गिरावट को दिया।

खाद्य मुद्रास्फीति जून 2024 में 9.4प्रतिशत से घटकर जुलाई 2024 में 5.4प्रतिशत हो गई। खाद्य मुद्रास्फीति में देखी गई पर्याप्त गिरावट को मुख्य रूप से जून 2024 में 29.3प्रतिशत से जुलाई 2024 में 6.8प्रतिशत तक सब्जी मुद्रास्फीति में गिरावट से मदद मिली। हालांकि, यह देश भर के बाजारों में कीमतों के स्तर, खासकर सब्जियों की कीमतों के बारे में वास्तविक अनुभवों के विपरीत है।अब सवाल यह है कि क्या कीमतों में यह नरमी क्षणिक है या फिर लंबे समय तक चलने वाले रुझान का संकेत है? अगर यह अचानक मासिक गिरावट अल्पावधि में उलट जाती है, तो आरबीआई को अपने मुद्रास्फीति विरोधी रुख से पीछे नहीं हटना चाहिए। अगर ऐसा नहीं होता है और कीमतें निचले स्तरों की ओर बढ़ती हैं, तो आरबीआई के पास अपनी नीतिगत दरों को फिर से निर्धारित करने की गुंजाइश है। अभी तक, यह अनुमान लगाना मुश्किल है कि आने वाले महीनों में कीमतों का रुझान कैसा रहेगा।इस तरह के किसी भी आकलन में दो बातें महत्वपूर्ण हैं। पहला, ऐतिहासिक रुझान। आम तौर पर देखा गया है कि खाद्य कीमतें, खास तौर पर दो प्रमुख अनाज और फलों और सब्जियों की कीमतें गर्मियों के महीनों से लेकर मानसून अवधि तक बढ़ती हैं। फिर अक्टूबर से खरीफ की कटाई के बाद के मौसम में इनमें गिरावट आती है।

अनुभव के आधार पर, शायद हम कीमतों में उछाल से उबर चुके हैं और अप्रत्याशित उतार-चढ़ाव को छोड़कर आने वाले महीनों में रुझान और भी सहज होते जायेंगे। दूसरा अनुकूल कारक यह है कि मानसून अच्छी तरह से आगे बढ़ रहा है और पूर्वानुमान है कि इस वर्ष यह सामान्य स्तर पर रहेगा।इसलिए, इस मौसम में खराब मानसून और खाद्य उत्पादन पर संभावित प्रभाव की आशंकाओं को दरकिनार किया जा सकता है। मूल्य स्थिति, विशेष रूप से, खाद्य मुद्रास्फीति अभी स्थिर रह सकती है।

वित्त मंत्रालय ने इसे इस प्रकार संक्षेप में प्रस्तुत किया- %मध्यम कोर मुद्रास्फीति और मानसून में सकारात्मक प्रगति के साथ, हेडलाइन मुद्रास्फीति का दृष्टिकोण सकारात्मक है। सामान्य मानसून को मानते हुए,रिजर्व बैंक द्वारा 2024-25 के लिए मुद्रास्फीति 4.5प्रतिशत और दूसरी तिमाही में मुद्रास्फीति4.4प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है।% दूसरी ओर, वित्त मंत्रालय की मासिक रिपोर्ट अन्यथा अनुकूल आर्थिक आंकड़ों के बीच प्रतिकूल उपभोक्ता अपेक्षाओं पर ध्यान देती है।

वित्त मंत्रालय ने नोट किया कि %अनुकूल विकास के बीच, वर्तमान आर्थिक स्थिति, रोजगार, मूल्य स्तर और आय में उपभोक्ता विश्वास में गिरावट आई है, जैसा कि आरबीआई के उपभोक्ता विश्वास सर्वेक्षण के वर्तमान स्थिति सूचकांक में परिलक्षित होता है।%

पिछले सर्वेक्षण दौर की तुलना में आने वाले वर्ष के लिए आर्थिक स्थितियों के बारे में हाऊसहोल्ड आशावादिता में कमी आई है। इसके अलावा, %सामान्य आर्थिक स्थिति, रोजगार और कीमतों पर कम आशावाद के कारण उपभोक्ता विश्वास सर्वेक्षण के भविष्य की उम्मीदों के सूचकांक में भी कमी आई है।% आमतौर पर, आर्थिक मॉडल भविष्य की मुद्रास्फीति के लिए एक मार्गदर्शक संकेतक के रूप में उपभोक्ता की मुद्रास्फीति की उम्मीद को एक बड़ा महत्व देते हैं। एक बार जब मुद्रास्फीति की उम्मीदें स्थिर हो जाती हैं, तो कीमतों का भविष्य इससे प्रभावित होता है।स्पष्ट विरोधाभास को देखें। उपभोक्ता और बुनियादी आर्थिक इकाइयां भविष्य के बारे में निराशावादी हैं, हालांकि वर्तमान स्थिति का आकलन करना बुरा नहीं है। यह विरोधाभासी मूल्यांकन कैसे हुआ? हो सकता है, लोगों को शासन संरचनाओं में पर्याप्त विश्वास न हो। यह उन लोगों में विश्वास की कमी है जो ड्राइवर की सीट पर हैं। लेकिन, फिर, नीति निर्माण में रिजर्व बैंक की समस्या पर विचार करें। यह एक %पहेली% का सामना कर रहा है। यदि आप उदार नीति अपनाते हैं तो आप मुद्रास्फीति की आग को भड़काते हैं, लेकिन यदि आप ऐसा नहीं करते हैं तो आप विकास को पूरी गति से आगे बढ़ाने का अवसर खो देते हैं।



खूबसूरत दिखना हर कोई चाहता है। लोगों की यही चाहत ऐसे बहुत से रोजगार पैदा कर जाती है, जिसकी आमतौर पर सामान्य छात्र कल्पना नहीं करता। कॉस्मेटोलॉजी ऐसा ही क्षेत्र है। इसमें अनेक शाखाएं हैं, जहां भविष्य की संभावनाएं तलाशी जा सकती हैं। आप हेयर स्टाइलिस्ट, शैम्पू टेक्नीशियन, नख प्रसाधक, इस्थेटिशियन, ब्यूटी थेरेपिस्ट, नेल टेक्नीशियन और इलेक्ट्रोलॉजिस्ट तक बन सकते हैं और जॉब के रूप में हजारों तथा खुद का काम करके लाखों कमा सकते हैं।



# सौन्दर्य के संसार में खूबसूरत करियर

सुन्दर दिखने की चाहत और उसके लिए तरह-तरह के नुस्खों की आजमाइश जोरों पर है। इसके लिए बाजार में सौन्दर्य प्रसाधनों व लाइफ स्टाइल के उत्पादों की बाढ़ सी आ गई है। शेविंग क्रीम हो या टूथ पेस्ट, फेस क्रीम, स्क्रीन क्रीम या फिर शैम्पू, साबुन और तेल-ये सभी आम जीवन की जरूरतों में शामिल हैं। बाजार में रोजमर्रा की मांग ने इस क्षेत्र में रोजगार के अवसर भी खूब पैदा किए हैं। कॉस्मेटोलॉजी का कोर्स इन अवसरों के बीच ही ले जाता है। इसकी मांग को देखते हुए दिल्ली विश्वविद्यालय में भी इस कोर्स को करवाया जा रहा है।



## कॉस्मेटोलॉजी के रंग

इस कोर्स में छात्रों को पहले कॉस्मेटोलॉजी की विभिन्न ब्रांच और उसके विविध रूपों की जानकारी दी जाती है। ये ब्रांच हैं हेयर स्टाइलिस्ट, शैम्पू टेक्नीशियन, नख प्रसाधक, इस्थेटिशियन, ब्यूटी थेरेपिस्ट, नेल टेक्नीशियन और इलेक्ट्रोलॉजिस्ट। इसके बाद इन क्षेत्रों में काम आने वाले विभिन्न प्रोडक्ट्स के निर्माण के बारे में बताया जाता है। मसलन शेविंग क्रीम, टूथ ब्रश, पेस्ट, फेस क्रीम, सन्सक्रीम, नेल पॉलिश आदि। कोर्स से जुड़े विशेषज्ञों की मानें तो लाइफ स्टाइल और सौन्दर्य प्रसाधन से जुड़े जितने भी प्रोडक्ट प्रचलन में हैं, चाहे वे त्वचा संबंधी हों या आंख, नाक, कान, बाल, मुंह या शरीर के किसी और अंग से, इन सबके बारे में इस कोर्स में बताया जाता है। हेयर स्टाइलिस्ट को बालों के विभिन्न रूप, उनकी कटिंग और उनमें काम आने वाले कैमिकल्स की जानकारी दी जाती है। बालों को सुंदर बनाने की कला से भी रूबरू कराया जाता है।

शैम्पू टेक्नीशियन को आमतौर पर शैम्पू बनाने की विधियां, उसमें इस्तेमाल होने वाले रसायन और उसके इस्तेमाल की तरकीबें बताई जाती हैं। नख प्रसाधन के क्षेत्र में हाथ और पैर को सुन्दर बनाने वाली पॉलिश और क्रीम आदि के बारे में बताया जाता है। साथ ही देखभाल के बारे में जानकारी दी जाती है।

इस्थेटिशियन को आमतौर पर त्वचा की देखभाल की कला सिखाई जाती है। उसे नई तकनीक के इस्तेमाल से अंग लेपन, फेशियल मसाज आदि से अवगत कराया जाता है। इसमें दक्ष इस्थेटिशियन चाहे तो स्वतंत्र रूप से सैलून या स्पा में काम कर सकता है। वह चाहे तो किसी डॉक्टर को इस क्षेत्र की प्रैक्टिस में सहायता भी प्रदान कर सकता है। इस्थेटिशियन को त्वचा की देखभाल संबंधी उत्पाद की जानकारी के साथ-साथ उसके नफे-नुकसान के बारे में बताया जाता है। त्वचा की पूरी तरह से देखभाल के कारण इसे स्किन केयर थेरेपिस्ट भी कहा जाता है।

ब्यूटी थेरेपिस्ट को मशीन द्वारा बालों को हटाना, आंखों की पुतलियां सजाना, ठीक करना जैसी चीजों के बारे में दक्ष बनाया जाता है। इलेक्ट्रोलॉजिस्ट को इलेक्ट्रोलिसिस का इस्तेमाल करना सिखाया जाता है। विद्युत तरंगों से लैस मशीन से बाल को उखाड़ना या उसे उगाना जैसे काम इसमें बखूबी किए जाते हैं। कोर्स में छात्रों को सामान्य मेडिसिन की जानकारी भी दी जाती है। हालांकि डॉक्टर की तरह इलाज करना उसका काम नहीं होता। उसे सौन्दर्य प्रसाधन से जुड़े प्रोडक्ट्स का क्या-क्या असर होगा, यह भी पढ़ाया जाता है। मोटापा बढ़ने पर वजन कम करने और आकर्षक लुक व सुडौल शरीर कैसे बने, इसका भी ज्ञान दिया जाता है। यही नहीं, उसे मानव साइकोलॉजी का भी पाठ पढ़ाया जाता है। कोर्स में एनेलिटिकल कैमिस्ट्री का भी पाठ शामिल है।

## दाखिले की प्रक्रिया

दाखिले के लिए कहीं 12वीं पास तो कहीं बीएससी या स्नातक की मांग की जाती है। कैमिस्ट्री की पढ़ाई करने वालों के लिए यह और फायदेमंद हो जाता है। यह कोर्स सरकारी और गैर-सरकारी, दोनों तरह के संस्थानों में चल रहे हैं।



## रोजगार कहां

कोर्स को करने के बाद छात्र चाहे तो खुद बॉडी केयर सेंटर खोल सकते हैं। दिल्ली जैसे शहर में इस तरह के सेंटर से लोग प्रति माह हजारों रुपए कमा रहे हैं। आप ब्यूटीशियन के लिए बतौर कंसलटेंट काम कर सकते हैं। कॉस्मेटिक प्रोडक्ट बनाने वाली कंपनियों में भी काफी अवसर हैं। छात्र चाहे तो कॉस्मेटिक निर्माण की यूनिट भी लगा सकता है। जहां तक आय का सवाल है, कोई चाहे तो किसी के यहां काम करके 20 से 30 हजार रुपए भी कमा सकता है और स्वरोजगार में लाख, दो लाख रुपए महीना भी।

# क्या कहता है आपका एप्टीटयूड




**विषय अनेक और करियर भी अनेक, इतने कि किसे चुनें, किसे नहीं। इसी ऊहापोह में छात्र भटक कर रह जाते हैं। अपनी दुविधा लेकर काउंसलरों के पास आने वाले छात्रों के आंकड़े बताते हैं कि हाल-फिलहाल में छात्रों में यह असमंजस की स्थिति कहीं ज्यादा बढ़ी है। आपके इस असमंजस को सही दिशा दे सकता है एप्टीटयूड टैस्ट। किस-किस तरह के हैं ये एप्टीटयूड टैस्ट?**

अमोल संगीतज्ञ बनना चाहता है, लेकिन उसके माता-पिता उसे इंजीनियर के रूप में देखना चाहते हैं। पिता और अमोल के बीच करियर के चुनाव को लेकर काफी दिन तक खींचतान चलती रही। घर में इस कलह को दूर करने के लिए उसे काउंसलरों ने एप्टीटयूड टैस्ट कराने की सलाह दी। अमोल के एप्टीटयूड टैस्ट के बाद ही यह पता लगाया गया कि वह एक सफल संगीतज्ञ बन सकता है। टैस्ट में उसमें क्रिएटिव इनोवेशन के लक्षण ज्यादा पाए गये। इस क्षेत्र में उसकी विशेष रुचि भी देखी गई। अमोल अकेला ऐसा छात्र नहीं। उसकी तरह कई और भी छात्र हैं, जिनके जीवन को सही दिशा देने के लिए माता-पिता अब एप्टीटयूड टैस्ट कराने लगे हैं। किसी व्यक्ति की क्षमता का आकलन एप्टीटयूड टैस्ट से ही हो पाता है। उसमें इंजीनियर बनने की क्षमता है या ड्राइवर या कलाकार, इसे पता लगाने का सटीक उपाय है एप्टीटयूड टैस्ट। दिल्ली विश्वविद्यालय में मनोविज्ञान के प्रो. एनके चड्ढा कहते हैं, करियर का सही चुनाव और उसमें मौजूद क्षमता के आकलन के लिए एप्टीटयूड के साथ बच्चे की रुचि भी देखी जाती है। ऐसा करने पर करियर के चुनाव में खासी मदद मिलती है। एप्टीटयूड और इंटरेस्ट, दोनों एक-दूसरे के साथ जुड़े हैं और साथ-साथ चलते हैं। अगर एक है और दूसरा नहीं तो करियर को सही दिशा नहीं मिलती।

काउंसलर गीतांजलि कुमार करियर और जीवन को सही दिशा देने में एप्टीटयूड और इंटरेस्ट के साथ व्यक्ति के व्यक्तित्व और शारीरिक क्षमता को भी एक कड़ी मानती हैं। वह कहती हैं, इन सबको मिला कर ही किसी को करियर या जीवन में कोई राह चुनने की सलाह दी जाती है। अगर किसी में किसी कार्य के प्रति एप्टीटयूड है, पर रुचि या करने की इच्छा नहीं तो उस दिशा में भेजना बेकार है। इसी तरह पहली दोनों चीजें हैं, लेकिन शारीरिक क्षमता या व्यक्तित्व नहीं तो ऐसे करियर के चुनाव की सलाह देना बेकार है। वह कहती हैं, व्यक्तित्व भी पॉजिटिव मोटिव देता है, इसलिए तीनों को देखना जरूरी है।

## क्यों है जरूरी

एप्टीटयूड टैस्ट ही किसी छात्र या व्यक्ति के करियर और काम की दिशा बताता है। उसकी क्षमता और रुचि को बताता है। इसके बाद उसे सही प्रोफेशन चुनने की सलाह दी जाती है। विशेषज्ञों के मुताबिक अगर ऐसा नहीं होता तो अमुक व्यक्ति में आगे चल कर कुंठा का जन्म होता है। वह काम को एन्जॉय नहीं कर पाता। ऐसी स्थिति में उसके अंदर नकारात्मक सोच हावी हो जाती है। वह विध्वंसात्मक दिमाग का हो जाता है। उसमें पहचान का संकट भी पैदा होने लगता है। एप्टीटयूड, रुचि और व्यक्तित्व के हिसाब से काम नहीं मिलने पर वह अपने पेशे में उतना सक्षम साबित नहीं होता, जितना दूसरे लोग। ऐसे में वह दूसरों को नीचा दिखाने के लिए कई बार उलटे-सीधे हथकंडे भी अपनाता है। सफलता नहीं मिलने पर वह कई बार अवसाद की स्थिति में आ जाता है और आत्महत्या को मजबूर हो जाता है, इसलिए शिक्षण संस्थानों को सरकार ने बच्चों के करियर की दिशा तैयार करने को कहा है। शिक्षण संस्थाओं में करियर एंड काउंसलिंग सेंटर आए दिन इसी वजह से खोले जा रहे हैं। यह हर संस्थान और काम की जगह की जरूरत बनती जा रही है। प्रो. चड्ढा कहते हैं, भारत में इस तरह की समस्याओं के लिए निजी प्रैक्टिशनर की ओर से जगह-जगह नगरों व महानगरों में काउंसलिंग सेंटर खुल गए हैं, लेकिन इसे चलाने वाले लोग आमतौर पर क्वालिफाइड नहीं होते। काउंसलिंग के लिए कौन सा व्यक्ति उपयुक्त है या नहीं, इसके लिए नेशनल एजेंसी बनी है। वह क्वालिफिकेशन तय करती है। गाइडलाइंस भी तैयार किए हैं।

## एप्टीटयूड टैस्ट के रूप-रंग

**लॉजिकल रीजनिंग**- एप्टीटयूड टैस्ट के कई आयाम हैं, जिनमें एक है लॉजिकल रीजनिंग। इसके तहत कार्य-कारण संबंध पर जोर होता है। किसी व्यक्ति में मानसिक स्तर पर कैलकुलेशन की क्षमता कितनी है, इसका आकलन लॉजिकल रीजनिंग के माध्यम से किया जाता है। अगर वह लॉजिकल रीजनिंग में ज्यादा स्कोर करता है तो इससे पता चलता है कि वह कायदे-कानून में रह कर कठिन से कठिन समस्याओं को हल कर सकता है। इस क्षमता से लैस युवा मैनेजर, वैज्ञानिक और व्हाइट कॉलर जॉब में जाने के उपयुक्त होते हैं।

**एब्सट्रेक्ट रीजनिंग** - इसके तहत खरा उतरने वाला युवा बिखरी हुई चीजों को एकत्रित करके प्लान के साथ काम करने में विशेष हुनर रखता है। इसमें एप्टीटयूड किस तरफ जा रहा है, उसकी दिशा क्या है, वह एक एरिया से दूसरे एरिया में लिंक कर रहा है या नहीं, यह भी देखा जाता है। सिविल और इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरिंग में बेहतर करने वाले युवाओं में एब्सट्रेक्ट रीजनिंग हल करने की क्षमता ज्यादा पाई जाती है।

**न्यूमेरिकल रीजनिंग** - यह किसी व्यक्ति की गणितीय क्षमता की जानकारी देता है। वह गुणा-भाग करने और सांख्यिकीय सवालों को हल करने की कितनी क्षमता रखता है, इसका आकलन इसके द्वारा किया जाता है। इसे देख कर ही उसे इस विषय या क्षेत्र से जुड़े करियर में जाने की सलाह दी जाती है। मसलन सीए, गणितज्ञ और लेखाकार आदि बनने के लिए न्यूमेरिकल रीजनिंग में बेहतर होना चाहिए।

**आई-हैंड कोऑर्डिनेशन** - आमतौर टेक्निकल काम मसलन ड्राइविंग हो, पायलट या फिर किसी मशीन को चलाने के लिए मशीनमैन हो, उसमें यह एप्टीटयूड जरूर होना चाहिए। इसमें कोई व्यक्ति हाथ, पैर व आंख को काम करते वक्त कितना केन्द्रित कर पाता है, यह देखा जाता है। ऐसा व्यक्ति दुर्घटनाओं को कम करने में काफी मददगार साबित होता है। ड्राइवर, पायलट, मशीनमैन और मैकेनिकल जॉब के लिए यह एप्टीटयूड बढ़िया माना जाता है।

**क्रिएटिव इनोवेशन** - इसमें किसी व्यक्ति की रचनात्मक क्षमता का आकलन किया जाता है। उसमें कलात्मक रुझान व रुचि का पता लगाया जाता है। आमतौर पर व्हाइट कॉलर जॉब में इस तरह के लोगों की जरूरत पड़ती है। इसके तहत यह भी देखा जाता है कि वह निर्णय कितना शीघ्र और सही रूप में लेता है। उसमें फ्लेक्सिबिलिटी भी होनी चाहिए। कोई व्यक्ति स्वभाव में अड़ियल तो नहीं है। अगर उसमें फ्लेक्सिबिलिटी का स्तर बेहतर है तो उसे उच्चतम पदों की जिम्मेदारी दी जाती है। इसमें उसके अंदर बड़प्पन कितना है, इसका आकलन भी किया जाता है। एप्टीटयूड टैस्ट में ओरिजनेलिटी और मौलिकता को भी देखा जाता है। ऐसे चंद ही व्यक्ति होते हैं, जो अलग किस्म के आइडिया से लैस होते हैं। इस टैस्ट में ओरिजनल आइडिया को देखा व समझा जाता है। इसे बहुविध सोच के रूप में भी देखा जाता है। यह गुण जिसमें है, उसमें अध्यापक, लेखक, अभिनेता, संगीतज्ञ और आविष्कारक बनने की क्षमता होती है।



# प्रोफेशनल लाइफ में रख रहे हैं कदम अपनाएं ये टिप्स

कॉलेज लाइफ को अलविदा कहकर प्रोफेशनल वर्ल्ड में कदम रखने कम चुनौतीपूर्ण नहीं हैं। कई युवाओं के लिए कॉलेज ग्रेजुएशन पूरा होने और अपने पहले जॉब की शुरुआत काफी तनावपूर्ण होती है। कॉलेज पूरा करने के बाद आपको जॉब हंटिंग, इंटरव्यू देना होता है और वास्तविकता का सामना करना इतना आसान नहीं है। कॉलेज स्टूडेंट से एक प्रोडक्टिव एम्प्लॉई बनने का यह ट्रांजिशन सफल बनाने के लिए कुछ बातों को समझना जरूरी है। इन मुद्दों को समझकर और उनके लिए तैयार रहकर इस बदलाव को आसान बना सकते हैं।

कॉलेज जाने और नौकरी पर जाने में बहुत फर्क है। आप जॉब में बंक नहीं मार सकते। आप पैसे देकर ट्यूशन नहीं ले रहे बल्कि आपको पे किया जा रहा है। इसलिए ट्यूशन की तरह मन न होने पर आप काम पर नहीं जाने का मन नहीं बना सकते। आपको नौकरी में आठ घंटे तो काम करना ही पड़ता है।

कॉलेज का समय प्रयोग का समय होता है। हम यहां थोड़ा गैर जिम्मेदार हुए तो चलेगा लेकिन प्रोफेशनल लाइफ में ऐसा नहीं है। कॉलेज में गैर जिम्मेदार होने का मतलब खराब ग्रेड लेकिन वर्कप्लेस पर अनप्रोफेशनल होना मतलब आपके नौकरी की छुट्टी। प्रोफेशनल का मतलब ही सेल्फ-स्टार्टर होता है। कॉलेज से ज्यादा डेडलाइन का सामना आपको प्रोफेशनल वर्ल्ड में करना होगा।

ग्रेजुएशन या पोस्ट ग्रेजुएशन के बाद आपके दिमाग में अपना स्पष्ट करियर पाथ होना चाहिए लेकिन अगर आपका पहला जॉब अपनी योजना से मेल नहीं खाता है तो घबराइए नहीं।

कॉलेज छोड़ने और प्रोफेशनल दुनिया में कदम रखने में बहुत चीजें बदलती है। हां, अगर आप दोपहर तक सोते रहते हैं या देर रात फिल्में देखते हैं तो यह सब आपको बंद करना पड़ेगा। आपकी डाइट भी बदलेगी। लाइफस्टाइल के बदलावों के लिए तैयार रहें।

कॉलेज लाइफ खत्म होने का मतलब नही कि आपकी लाइफ से फन गायब हो गया। आप अभी भी ट्रेवल कर सकते हैं, दोस्तों के साथ समय बिता सकते हैं और नए व रोमांचक चीजें सीख सकते हैं। इस समय आपको देखना होगा कि किस तरह से मनोरंजन करें ताकि आप अपनी जॉब की जिम्मेदारी भी अच्छे से निभा पाएं।

## बारिश की वजह से 16 साल पुराने मकान का लैंटर गिरा,3 महिलाएं की मृत्यु



**एजेंसी**
**मैनपुरी।** उत्तर प्रदेश के मैनपुरी जिले में एक दर्दनाक हादसे में तीन महिलाओं की जान चली गई। लगातार हो रही बारिश के कारण एक 16 साल पुराने मकान का लैंटर गिर गया, जिससे यह हादसा हुआ। स्थानीय लोगों ने तुरंत घटना की सूचना पुलिस और राहत दल को दी, जो मौके पर पहुंचकर मलबे को हटाने में जुट गए। एडीएम रामजी मिश्रा ने कहा, सुबह 8ः15 बजे ये घटना घटी है...तीनों के लिए 4-4 लाख रुपए की सहायता प्रदान की गई है। सत्य प्रकाश शर्मा (डिप्टी एसपी) ने कहा, यहां रह रहे एक यादव के परिवार पर लैंटर गिर जाने से 3 महिलाएं की मृत्यु हो गई। ये घटना बारिश की वजह से हुआ है, 15-16 साल पुराना मकान था। तो ये लैंटर आज सुबह अचानक से गिर गया है। जांच जारी है।

## यूपी के सुल्तानपुर में सर्राफा की दुकान पर दिनदहाड़े डकैती

**सुल्तानपुर।** उत्तर प्रदेश में सुल्तानपुर के घंटाघर चौक पर सर्राफा की दुकान में दिनदहाड़े डकैती की घटना को अंजाम देकर बदमाश फरार हो गये। एसपी ने उन्हें पकड़ने के लिए छह टीमों का गठन किया है। उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर जिले में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। दिनदहाड़े हथियार के दम पर पांच बदमाशों ने सर्राफा व्यापारी की दुकान पर लूटपाट की और जेवरात से भरा बैग लेकर फरार हो गए।

मामले पर तुरंत संज्ञान में लेते हुए सुल्तानपुर के पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा मौके पर फॉरेंसिक टीम के साथ पहुंचे। उन्होंने बताया कि अपराधियों को पकड़ने के लिए पुलिस की छह टीमों का गठन किया गया है। आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। घटनाक्रम को लेकर एसपी ने बताया कि थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के चौक एरिया में ज्वेलर्स की दुकान है। वहां दोपहर के समय तीन-चार लड़के आए। दुकान में उस समय जो भी सामान था, वे पूरा लूटकर भाग गए। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। आरोपियों को पकड़ने के लिए छह टीमों का गठन कर दिया गया है। आरोपियों को जल्द पकड़ लिया जाएगा और उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## जोधपुर-पाली का बदलेगा आर्थिक परिदृश्य, युवाओं को मिलेगा रोजगार - भजनलाल शर्मा

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति द्वारा राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम (एनआईसीडीपी) के तहत 28 हजार 602 करोड़ रुपये के अनुमानित निवेश के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आभार व्यक्त किया है। सीएम शर्मा ने कहा कि कार्यक्रम के अंतर्गत 12 नई परियोजनाओं के प्रस्तावों को मंजूरी मिली है, जिसमें प्रदेश के जोधपुर-पाली भी शामिल है। इस निर्णय से हमारे जोधपुर-पाली क्षेत्र का औद्योगिक परिदृश्य बदलेगा। युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे और क्षेत्र का सामाजिक-आर्थिक उत्थान भी हो सकेगा। यह निर्णय विकसित भारत-विकसित राजस्थान के लक्ष्य को गति देने में महत्वपूर्ण साबित होगा। उल्लेखनीय है कि आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने देश में औद्योगिक नोड्स और शहरों का एक मजबूत नेटवर्क तैयार करने के लिए 12 नई परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इस नेटवर्क से आर्थिक विकास की गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री जनधन योजना से मिला आमजन को आर्थिक संबल

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि आज प्रधानमंत्री जनधन योजना के 10 वर्ष पूरे हो गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी की दूरदर्शी सोच से यह योजना देश में एक क्रांति बनकर उभरी है। गत 10 वर्षों में प्रधानमंत्री जन धन योजना के देश की जनता को अलग-अलग योजनाओं के तहत राशि स्थानांतरित कर लाभार्थियों को आर्थिक संबल प्रदान किया है।

## हिमंत बिस्वा सरमा ने की ममता बनर्जी के बयान की निंदा

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी के उस बयान को लेकर उन पर तीखा हमला किया जिसमें उन्होंने भाजपा पर तृणमूल कांग्रेस शासित राज्य में हिंसा की साजिश रचने का आरोप लगाया था। बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भाजपा नेताओं द्वारा पश्चिम बंगाल में हिंसा कराने का आरोप लगाते हुए कहा, अगर भाजपा बंगाल को जलाएगी, तो असम, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, ओडिशा और दिल्ली जैसे अन्य राज्य भी जलेंगे।असम के मुख्यमंत्री ने बनर्जी के बयान की कड़ी आलोचना की और अपने एक्स हैंडल पर लिखः दीदी, असम को धमकाने की आपकी हिम्मत कैसे हुई? हमें अपनी लाल आंखें मत दिखाइए। अपनी विभाजनकारी राजनीति से भारत में आग लगाने की कोशिश मत कीजिए। ऐसी भाषा आपके जैसी नेता को शोभा नहीं देती। कैबिनेट मंत्री और सरमा के करीबी सहयोगी पीयूष हजारिका ने भी अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री की आलोचना की।

## पीएम मोदी, अमित शाह, जेपी नड्डा ने राष्ट्रीय खेल दिवस की दी शुभकामनाएं

**एजेंसी**
**दिल्ली ।** राष्ट्रीय खेल दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बधाई दी। उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा, राष्ट्रीय खेल दिवस पर बधाई। आज हम मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि देते हैं। यह उन सभी लोगों को बधाई देने का अवसर है जो खेलों के प्रति जुनूनी हैं और जिन्होंने भारत के लिए खेला है।

प्रधानमंत्री ने आगे लिखा, हमारी सरकार खेलों को बढ़ावा देने और यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि अधिक से अधिक युवा खेल सकें और चमक सकें।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मेजर ध्यानचंद को नमन किया। लिखा, हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती पर उन्हें नमन करता हूं और समस्त देशवासियों को 'राष्ट्रीय खेल दिवस' की शुभकामनाएं देता हूँ। मेजर ध्यानचंद का जीवन इस बात का प्रतीक है कि अटूट लगन और अनवरत साधना से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने न सिर्फ भारतीय हॉकी को बुलंदियों पर पहुंचाया, बल्कि वे देश में खेलों के प्रति सकारात्मक चेतना की प्रेरणा भी बने। खेल जगत का यह दैदीप्यमान खिलाडी भावी पीढ़ियों को हमेशा दिशा दिखाता रहेगा। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय



मंत्री जेपी नड्डा ने लिखा, समस्त देशवासियों को राष्ट्रीय खेल दिवस की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं देता हूं। इस अवसर पर आइए, हम सभी मिलकर खेल के विभिन्न क्षेत्र को उत्कर्ष प्रदान करने के लिए संकल्पित हों। अपनी प्रतिभा और परिश्रम से मेजर ध्यानचंद ने भारतीय खेलजगत को विश्वपटल पर स्थापित किया, आज उनकी जंयती पर नमन करता हूं। हॉकी के लिए उनका अद्वितीय समर्पण सदैव देशवासियों की प्रेरणा है। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा, मेजर ध्यानचंद चंद को उनकी जयंती पर मेरी विनम्र श्रद्धांजलि। आज राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर हमने मेजर ध्यानचंद को पुष्पांजलि अर्पित की। मेजर ध्यानचंद की जन्म जयंती को हम राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मना रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने सही कहा है कि जो खेलेंगे, वो खिलेंगे। देश के नागरिक स्वस्थ रहें, स्वस्थ नागरिक स्वस्थ समाज का निर्माण करते हैं और स्वस्थ समाज समृद्ध राष्ट्र का निर्माण करता है।

## सीआईएसएफ और बीएसएफ को मिले नए महानिदेशक, मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने दी मंजूरी

**एजेंसी**
**नई दिल्ली ।** केंद्र सरकार ने सुरक्षाबलों में दो महत्वपूर्ण नियुक्तियों को मंजूरी दी। ये दोनों नियुक्तियां केंद्रीय सुरक्षा बलों में की गई है। मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने बिहार के डीजीपी आईपीएस राजविंदर सिंह भट्टी को केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के महानिदेशक के रूप में नियुक्त किया है। वह 30 सितंबर 2025 या अगले आदेश तक इस पद पर बने रहेंगे। इसके अलावा एसएसबी महानिदेशक आईपीएस दलजीत सिंह चौधरी को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिदेशक के रूप में नियुक्त किया है। वह 30 नवंबर 2025 या अगले आदेश तक अपने पद पर बने रहेंगे।

राजविंदर सिंह भट्टी 1990 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं, दिसंबर 2022 में वह बिहार के डीजीपी बने थे। यह पहली बार हुआ है कि किसी राज्य के डीजीपी को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर भेजा गया है। 19 दिसंबर 2022 को एस के सिंघल के सेवानिवृत्त होने के बाद आरएस भट्टी को बिहार का नया डीजीपी नियुक्त किया गया था। बिहार में विभिन्न पदों पर कार्यरत रहे भट्टी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर अपने पहले कार्यकाल के दौरान सीबीआई के संयुक्त निदेशक के पद पर तैनात किए गए थे। राजविंदर सिंह भट्टी





पंजाब के रहने वाले हैं, लेकिन इनका कैडर बिहार है। उनकी छवि शुरू से ही एक सख्त और कठोर पुलिस अधिकारी की रही है। ये आम लोगों के साथ विनम्र और सहज रहते हैं, लेकिन अपराधियों के साथ उनका बर्ताव बेहद सख्त और कठोर होता है। वे काम में लापरवाही बरतने वाले पुलिस अधिकारियों को बिल्कुल पसंद नहीं करते हैं।

दलजीत सिंह चौधरी 1990 बैच के यूपी कैडर के अधिकारी हैं। चौधरी का नाम तेज तर्रार अधिकारियों की लिस्ट में शामिल है। उन्हें राष्ट्रपति पदक से सम्मानित किया गया है। यूपी में अखिलेश यादव की सरकार के दौरान उनकी बहादूरी को देखते हुए उन्हें अपर पुलिस महानिदेशक कानून एवं व्यवस्था बनाया गया था। वह लंबे समय से केंद्र में बड़ी-बड़ी जिम्मेदारी संभाल रहे हैं।

## राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए उच्च शैक्षिक संस्थानों और पॉलिटेक्निक के 16 शिक्षकों का चयन

**एजेंसी**
**नई दिल्ली ।** शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2024 के लिए उच्च शैक्षिक संस्थानों और पॉलिटेक्निक के 16 शिक्षकों का चयन किया है। अब तक यह पुरस्कार केवल स्कूल शिक्षकों तक ही सीमित था। अब उच्च शैक्षिक संस्थानों (एचईआइ) और पॉलिटेक्निक के लिए भी पुरस्कारों की दो श्रेणियां स्थापित करने का निर्णय लिया गया है।

शिक्षा मंत्रालय का कहना है कि जिन शिक्षकों का चयन किया गया है उनमें आईआईटी के शिक्षक भी शामिल हैं। इसके अलावा कृषि विश्वविद्यालय समेत अन्य उच्च शिक्षण संस्थानों के शिक्षकों को भी इस बार राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए चुना गया है। नई शिक्षा नीति 2020 के अनुसार, विद्यार्थियों, संस्थान और शिक्षा की उन्नति के लिए प्रेरित, ऊर्जावान और सक्षम संकाय महत्वपूर्ण हैं। इसमें शिक्षा इकोसिस्टम में उत्कृष्टता की संस्कृति विकसित




करने के लिए पुरस्कार और मान्यता जैसे प्रोत्साहनों की भी परिकल्पना की गई है।

राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी, वास्तुकला की श्रेणी से उच्च शिक्षा संस्थानों के शिक्षकों को चुना गया है। गणित, भौतिकि विज्ञान, जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान, चिकित्सा, फार्मेसी भी इसमें शामिल हैं।

उप-श्रेणी में कला और सामाजिक विज्ञान, मानविकी, भाषाएं, कानूनी अध्ययन, वाणिज्य, प्रबंधन शामिल हैं। वहीं, पॉलिटेक्निक संस्थानों के शिक्षकों को कुल 10 पुरस्कार श्रेणियों में चुना गया है। चयनित 16 शिक्षक पॉलिटेक्निक, राज्य विश्वविद्यालयों और केंद्रीय उच्च शिक्षा संस्थानों से हैं।शिक्षा मंत्रालय के मुताबिक, राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2024 में दो चरणों वाली प्रक्रिया शामिल है। पहली प्रक्रिया के तहत नामांकित व्यक्तियों की प्रारंभिक छंटनी के लिए प्रारंभिक खोज-सह-स्क्रीनिंग समिति द्वारा मूल्यांकन किया गया। अगली प्रक्रिया के अंतर्गत छंटनी किए गए नामांकित व्यक्तियों में से पुरस्कार विजेताओं के चयन के लिए 'निर्णायक' समिति द्वारा मूल्यांकन किया गया है।सभी नामांकन राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आमंत्रित किए गए थे। इसमें जनभागीदारी के हिस्से के रूप में स्वयं, संस्थागत और सहकर्मी द्वारा नामांकन का प्रावधान शामिल था।

## बीजेपी में शामिल होकर आदिवासी के अस्तित्व को बचाएंगे-चंपई सोरेन

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** बीजेपी में शामिल होने पर झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कहा, हम बहुत सोच समझकर उस पार्टी में शामिल होने जा रहे हैं और वहां से हम आदिवासी के अस्तित्व को बचाएंगे।

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता चंपई सोरेन के भाजपा में शामिल होने का रास्ता साफ हो गया है। वह 30 अगस्त को झारखंड की राजधानी रांची में भाजपा की सदस्यता ग्रहण करेंगे।

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झटका देकर उनकी पार्टी के वरिष्ठ नेता चंपई सोरेन को भाजपा के साथ जोड़ने में अहम भूमिका निभाने वाले असम के मुख्यमंत्री एवं झारखंड प्रदेश के चुनाव सह-प्रभारी हिमंत बिस्वा सरमा ने उनके भाजपा में शामिल होने की घोषणा की। हिमंत बिस्वा सरमा ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह,चंपई सोरेन और अपनी मुलाकात की तस्वीर को शेयर करते हुए एक्स पर पोस्ट कर बताया,



झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और देश के प्रतिष्ठित आदिवासी नेता चंपई सोरेन जी ने थोड़ी देर पहले माननीय केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी से मुलाकात की। वह 30 अगस्त को रांची में आधिकारिक तौर पर भाजपा में शामिल होंगे।

## आय से अधिक संपत्ति मामले में कोर्ट के फैसले को करेंगे स्वीकार : डीके शिवकुमार

**एजेंसी**
**बेंगलुरु ।** कर्नाटक के डिप्टी सीएम और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार ने आय से अधिक संपत्ति मामले में प्रतिक्रिया दी है। डीके शिवकुमार ने गुरुवार को कहा कि वह आय से अधिक संपत्ति के मामले में कोर्ट के फैसले को भगवान की इच्छा मानकर स्वीकार करेंगे।

कर्नाटक हाई कोर्ट द्वारा गुरुवार को आय से अधिक संपत्ति मामले में फैसला सुनाए जाने की संभावना है। कर्नाटक के हासन जिले में यतिनाहोल परियोजना कार्य का निरीक्षण करने के बाद उन्होंने मीडिया से बात की। शिवकुमार ने कहा, आय से अधिक संपत्ति के मामले में कोर्ट का जो भी फैसला होगा मैं उसे ईश्वर की इच्छा मानकर स्वीकार करूंगा। मुझे भगवान और न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है।

शिवकुमार ने सीएम सिद्धारमैया की पत्नी के खिलाफ दर्ज शिकायत को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए कहा, ÷मुझे नहीं पता कि हर कोई मुख्यमंत्री सिद्धारमैया पर क्यों हमला कर रहा है। उन्हें कुछ नहीं होगा। भाजपा ने खुद ही जमीन के मुआवजे के रूप में उन्हें जमीन दी है। मुख्यमंत्री ने किसी भी चीज को प्रभावित नहीं किया है और न ही किसी दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए हैं। उन्होंने जमीन की अधिसूचना रद्द करने के एचडी कुमारस्वामी के मांग पर पलटवार करते हुए कहा, मैं किसी कॉपी का जवाब नहीं दूंगा, सिर्फ मूल प्रति का ही जवाब दूंगा। शिवकुमार ने सिंचाई परियोजना के बारे में बताया और कहा, बुधवार शाम को येत्तिनाहोल लिफ्ट सिंचाई परियोजना का ट्रायल रन किया गया। इस परियोजना से तुमकुरु, चिक्कमगलुरु, चिक्कबल्लापुर, चित्रदुर्ग और रामनगर के कुछ हिस्सों सहित सात जिलों के 7.5 मिलियन लोगों को लाभ होगा। ज्ञात हो कि सीबीआई ने 25 सितंबर, 2019 को येदियुरप्पा के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार द्वारा शिवकुमार के खिलाफ आय से अधिक मामले की जांच के लिए सहमति दी थी।

## झारखंड के सरायकेला में डॉक्टर का अपहरण कर हत्या

**एजेंसी**
**सरायकेला ।** झारखंड के सरायकेला-खरसावां जिले के राजनगर निवासी प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ बी. मंडल की गुरुवार सुबह अपहरण करने के बाद हत्या कर दी गई। उनका शव पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) जिले के कवाली थाना क्षेत्र से बरामद किया गया है।

वारदात की जानकारी मिलते ही पुलिस ने पीछा कर दो अपराधियों को पकड़ा है। उनसे पूछताछ की जा रही है। किन लोगों को गिरफ्तार किया गया है, इसकी पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। बताया जाता है कि वे दोनों सिजुलता के के रहने वाले हैं। अपहरण और हत्या की वजहों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है। वारदात के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। बताया गया कि डॉ बी. मंडल राजनगर में अपने आवास पर ही क्लिनिक चलाते थे। गुरुवार सुबह करीब दस बजे हथियारबंद अपराधियों ने क्लिनिक पर धावा बोलकर उनका अपहरण कर लिया और उन्हें एक व्हाइट रंग की एसयूवी में बिठाकर निकल भागे।इसकी जानकारी मिलते ही सरायकेला और आसपास के जिलों की पुलिस एक्टिव हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने अपराधियों के भागने की दिशा में पीछा किया।

## जबलपुर में मकान की दीवार गिरने से दंपति की मौत

**एजेंसी**
**जबलपुर ।** मध्य प्रदेश के जबलपुर में गुरुवार को एक बड़ा हादसा हो गया। यहां मकान की दीवार गिरने से दंपति की मौत हो गई। यह हादसा शहर के मझौली क्षेत्र में हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार, मझौली के वार्ड क्रमांक 12 में रहने वाले अशोक दहिया और उनके परिवार ने बुधवार की रात को खाना खाया। उसके बाद अशोक दहिया तथा उनकी पत्नी विमल भाई एक कमरे में सोने चली गई जबकि दो बच्चे अपनी दादी के साथ सोने गए।

गुरुवार की सुबह अचानक उस कमरे की दीवार गिर गई जिसमें अशोक और उसकी पत्नी सो रहे थे। मलबे में दबे दंपति की आवाज सुनकर लोग राहत और बचाव कार्य में जुटे। दोनों को बाहर निकाल गया लेकिन तब तक उनकी मौत हो गई थी। बताया गया है कि बुधवार की रात को तेज बारिश हुई थी और अशोक का मकान कच्चा है। बारिश के कारण कमरे की कच्ची दीवार गिर गई और दंपति उसके मलबे में दब गए। दूसरे कमरे में सो रहे बच्चे और दादी सुरक्षित हैं। अशोक के अन्य नाते रिश्तेदारभी इस इलाके में रहते हैं



और उनकी रात को ही अशोक से बात हुई थी। राज्य में बारिश के मौसम में लगातार हादसे हो रहे हैं। इससे पहले रीवा के गुण में स्कूल की दीवार गिरने से चार बच्चों की मौत हो गई थी। वहीं सागर में शिवलिंग निर्माण कार्य में लगे 9 बच्चे एक दीवार के मलबे की चपेट में आ जाए और उनकी भी मौत हो गई थी।

राज्य में जर्जर और कमजोर मकान के खिलाफ मुहिम चलाई जा रही है। कई मकानों को जमींदोज भी किया जा चुका है। कई इमारतें को सील किया गया है और कच्चे तथा जर्जर मकानों में रहने वाले परिवारों को दूसरे स्थान पर जाने की सलाह दी गई है। राज्यव्यापी यह अभियान दिल्ली के कोचिंग सेंटर में पानी भरने से हुए हादसे के बाद से चलाया जा रहा है।

## मऊ में भू-माफिया अफजाल अहमद पर बड़ी कार्रवाई, 3 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क

**एजेंसी**
**मऊ ।** उत्तर प्रदेश के मऊ जिले में भू-माफिया और अपराध जगत से जुड़े अफजाल अहमद की संपत्ति को कुर्क किया गया है।

'आईएस 191 नामक' गैंग के सदस्य अफजाल पर यह कार्रवाई उसकी दो अचल संपत्तियों के लिए की गई। इस कुर्की और जब्ती के तहत लगभग 3 करोड़ रुपए की संपत्ति को जब्त किया गया है। यह संपत्ति अफजाल द्वारा अवैध तरीके से अर्जित की गई थी।

शहर कोतवाली के सहादतपुरा इलाके में हुई इस कार्रवाई में पुलिस की टीम के साथ सीओ, तहसीलदार और तीन थानों की फोर्स मौजूद रही। इस मौके पर पूरे मोहल्ले में लोगों को ढोल बजाकर और माइक से जानकारी दी गई। सीओ सिटी अंजनी कुमार पांडेय ने बताया, एक भूमाफिया अफजाल द्वारा अवैध तरीके से अर्जित की गई अचल संपत्ति की कुर्की एवं जब्तीकरण की जा रही है। अफजाल आईएस 191 गैंग का सदस्य है। इसी के चलते



अफजाल ने अपने प्रभाव को दिखाते हुए अवैध संपत्ति अर्जित करने का काम किया था।

वह आगे कहते हैं, इसमें एक भूखंड की कीमत दो करोड़ 12 लाख रुपए के आसपास बताई जा रही है। इसके अलावा एक अन्य रकबे की कीमत 70 लाख रुपए है। दोनों मिलाकर कुल 3 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्तियां हैं। इस मामले के आरोपी चार अभियुक्त पहले ही जेल जा चुके हैं।

यह कार्रवाई पुलिस और प्रशासन की ओर से की गई है, जो विशेष रूप से अपराधियों और भू माफिया के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान का हिस्सा है।

बता दें, उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की सरकार पूरे प्रदेश में गुंडा- माफियाओं पर पहले से ही सख्त है। प्रदेश सरकार भू-माफियाओं के खिलाफ कई बार अभियान भी चला चुकी है, जिसके तहत पूरे प्रदेश में कई बार भू-माफियाओं की संपत्ति जब्त कर उन पर कार्रवाई की गई है। भू-माफियाओं पर लगाम लगाने के लिए प्रदेश सरकार ने सरकार के ऑनलाइन पोर्टल पर इसकी शिकायत के लिए अलग से कॉलम बनाया है।

## ढाई हजार किमी. के 8 ग्रीनफिल्ड एक्सप्रेस वे की डीपीआर की स्वीकृति जारी

**जयपुर।** प्रदेश में सड़क नेटवर्क को मजबूत करने की दिशा में एक ओर महत्वपूर्ण कदम उठाते हुये उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने प्रस्तावित 2406 किमी. के 8 नये



ग्रीनफिल्ड एक्सप्रेस वे निर्माण की डीपीआर की स्वीकृति जारी कर दी है। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि बजट घोषणा 2024-2025 के क्रियान्वयन में प्रदेश में 8 नये ग्रीनफिल्ड एक्सप्रेस वे चरणबद्ध रूप से बनाये जाने है। डीपीआर बनाने के लिये 30 करोड रू की राशि स्वीकृत की गई है। उपमुख्यमंत्री ने कहा है कि इन एक्सप्रेस वे के निर्माण से प्रदेश के आर्थिक विकास को पंख लगेगें। तेज और सीधी कनेक्टीविटी स्थापित होने से प्रदेश में निवेश को बढावा मिलेगा और औद्योगिक विकास के नये अवसर सृजित होगे। इससे प्रदेश के कृषकों की पंहुच सीधी बडे बाजारों तक स्थापित होगी जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी। एक्सप्रेस वे से पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों की आवाजाही बढेगी जिससे भी रोजगार के नये अवसर सृजित होगे तथा राजस्व में वृद्धि होगी।

## मध्य प्रदेश में कांग्रेस नेताओं का पद पाने का लंबा होता इंतजार

**एजेंसी**
**भोपाल ।** मध्य प्रदेश में कांग्रेस और गुटबाजी का गहरा नाता है, दोनों एक दूसरे के पर्याय भी हैं। यह बात चुनाव में होने वाले टिकट वितरण से लेकर जिम्मेदारियां सौंपे जाने तक नजर आती है। इसका ताजा उदाहरण प्रदेश कार्यकारिणी है। प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाले जीतू पटवारी को लगभग आठ माह हो गए हैं, मगर अब तक कार्यकारिणी का गठन नहीं हो पाया है। राज्य में किसी दौर में कांग्रेस सत्ता में थी, संगठन भी मजबूत हुआ करता था, मगर वर्ष 2003 के बाद ऐसी स्थितियां बनी कि कांग्रेस लगातार कमजोर होती गई। पार्टी विधानसभा के लगातार तीन चुनाव हार गई और वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में पार्टी ने अन्य दलों के सहयोग से सत्ता हासिल की। पार्टी को सत्ता जरूर मिल गई, मगर गुटबाजी के रोग ने उसे ज्यादा दिन सत्ता हाथ में नहीं रहने दिया। 15 महीने ही कमलनाथ के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार ने काम किया। इसी तरह पार्टी को 2023 के विधानसभा चुनाव में एक बार फिर हार मिली और उसके बाद कमलनाथ की प्रदेश अध्यक्ष पद से विदाई हो गई। पार्टी ने दिसंबर 2023 में नतीजे आने के बाद प्रदेश अध्यक्ष की कमान जीतू पटवारी को सौंपी।

नए प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद पार्टी के सक्रिय नेताओं को जिम्मेदारी का इंतजार है, मगर कांग्रेस का फिर वही गुटबाजी का रोग नई कार्यकारिणी के गठन में बाधक बना हुआ है। मीडिया विभाग के अलावा कुछ नेताओं के पास जिम्मेदारी है, मगर ज्यादातर पद अब भी खाली हैं और दावेदार जोर आजमाइश कर रहे हैं, साथ में जिम्मेदारी का इंतजार भी। पार्टी लगातार सत्ता के खिलाफ आंदोलन, धरना, प्रदर्शन कर रही है, मगर वैसी ताकत दिखाने में असफल है जो पार्टी के नेता और कार्यकर्ता करते हैं। कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता का कहना है कि राजनीति में कोई भी व्यक्ति अपने रुतबे को बढ़ाने के लिए आता है और यह तभी संभव है जब उसे कोई पद हासिल हो। संबंधित नेता के पास अगर कोई पद नहीं है तो वह न तो सक्रिय रहता है और न ही कार्यकर्ताओं के बीच उसकी पकड़ होती है। इसका असर पार्टी की गतिविधियों पर पड़ता है और राज्य में यही हो रहा है।



# ये तेरा मेरा रिश्ता

**भागदौड़ भरी जिंदगी और उसमें वर्कलोड की अधिकता रिश्तों में मीलों की दूरियां बढ़ा रहा है। बढ़ती महंगाई और आपके भौतिकवादी विचार ने आज रिश्तों के बीच दूरियां कायम कर दिया है।**

आज जीवन पद्धति ने इंसान को व्यस्त कर दिया है, जिससे वो अपने किसी रिश्ते को सही से समय नही दे पा रहा है। आज के वैवाहिक जीवन में कपल्स शौक, जरूरत और उन्नति के लिए जॉब को प्राथमिकता देने लगे हैं। ऐसे में उनको एक दूसरे के साथ रहने के लिए बहुत ही कम समय निकल पाता है। इतने कम समय में वे अपने घरेलू कामों में ही लगे रहते हैं और एक-दूसरे के लिए बहुत ही कम समय दे पाते है, कई बार तो ऐसा भी होता है कि ऑफिस का वर्कलोड ये अपने घर तक ले आते हैं। ये काम ऑफिस में तो इनके प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन दिला देता है, लेकिन अपने साथी से दूरियां बढ़ा देता है। ऐसी दशा में रिश्तों की शुरुआत में ही दूरियां आने लगती हैं और बहुत ही थोड़े समय में टेंशन उनके बीच आ जाती है। आजकल कपल्स मैरिड लाइफ को ज्यादा महत्व नहीं देते। ये अपने साथी को थोड़ा बहुत समय देते हैं, तो मात्र शारिरिक सुख के लिए, लेकिन ये उनका स्वार्थ होता है, प्यार नहीं।

## आपका साथ है उसका विश्वास

आपका साथी हमेशा आपका साथ मांगता है, क्योंकि आपका साथ ही उसमें आत्म विश्वास भरता है, और ये आत्म विश्वास जहां रिश्तों में सम्मान लाता है, वहीं हर कदम पर आपके साथ भी रहता है। रिश्तों को जुड़े चाहे कितना भी समय हो चुका हो, उनमें रोमांस हमेशा बने रहना चाहिए। यदि आपको लग रहा कि कुछ बदलाव आ रहा है और स्थितियां पहले कि तरह नहीं है, तो आपको इस तुरंत सोचने की जरूरत है। रिश्तों को बनाने में सालों लगते है और टूटने में एक पल भी नही लगता। कई बार हम अपनी दिनचर्या में इतने व्यस्त हो जाते हैं कि अपने आस-पास हो रहे परिवर्तनों पर भी ध्यान नहीं दे पाते। रिश्ते में कड़वाहट आ जाए या दूरियों के बाढ़ में ये तलाक या दो बेडरूम तक पहुंच जाए, इसके पहले ही हमें कुछ संकेत मिलने लगते हैं। यह अलग बात है कि हम लापरवाही के चलते इन पर ध्यान नहीं दे पाते। यदि आप अपने रिश्तों को टूटने से बचाना चाहते हैं तो उन संकेतों को समझने की कोशिश करें, जिनसे दूरियां बढ़ने का पता चलता है। ये संकेत आपके रिश्तें को बचाने का एक जरिया हो सकता है। इसमें कहीं हद तक आपकी समझदारी आपकी हेल्प करती है।

## जब साथी कर रहा नजरअंदाज

आप ये जान लीजिए कि समाज हो या आपका घर, कहीं भी अचानक कुछ नहीं होता, चीजें धीरे-धीरे बदलती हैं। इसमें आपको थोड़ा समझदारी और संयम से काम लेना चाहिए। आपकी समझदारी ही आपके परिवार को इस आग की चपेट से निजात दिला सकती है। आपके व्यस्त जीवन के कारण ही आपका दांपत्य जीवन इस कंडीशन में आ गया है, ऐसे में आपकी सार्थक सोच ही आपके घर को फिर से हरा- भरा कर सकता है। सबसे पहले तो आपको अपने पिछले कार्यों को एक बार सोचना चाहिए। आखिर ऐसी दशा कहा से बन गयी और जल्दी अपने में सुधार ला दे, इसके साथ यदि आप अपने साथी को सॉरी बोल दे तो ज्यादा बेहतर है। इसके अलावा आप अपने साथी के शारिरिक संकेतों को समझने की कोशिश करिए। क्या आपका साथी पहले की तरह आप पर ध्यान नहीं दे रहा और आपकी बातों में रुचि नहीं ले रहे हैं?

आपके करीब आने पर आपका साथी असहज महसूस करता है। बेडरूम में आपको अनदेखा कर रहा है। बच्चों के मसले के अलावा और कोई विषय बातचीत का नहीं रह गया है। ये सब आप व्यक्त करना चाहें या नहीं लेकिन आपके शारीरिक संकेत बहुत कुछ कह देते हैं।

## कोई और आ जाए जीवन में

ऐसे में आप दोनों पति-पत्नी के बीच प्रेम और लगाव की कमी भी रिश्तों में दूरियों के बढ़ने में अहम रोल निभाती है। अगर पहले जैसे प्यार की गरमाहट अब कहीं ढूंढ़ने से भी नजर नहीं आ रही तो समझिए कि यह खतरे का संकेत है। यह ठीक है विवाह के शुरुआती दिनों के बाद रोमांस का खुमार धीरे-धीरे कम होता चला जाता है। लेकिन ऐसा भी नही होता कि प्रेम बिलकुल नजर ही न आए। लेकिन आप दोनों चाहे तो आपका वैवाहिक जीवन फिर से भर सकता है।




## आपसी अंडर स्टैंडिंग को बढ़ाएं

व्यवहार में बदलाव आपके बीच दूरियां बढ़ने का तीसरा संकेत है। क्या आपके साथी का अब आपकी बातों पर ध्यान नहीं जाता। गंभीर बातों को सुनकर भी अनसुना कर देते हैं। आपकी बातों का जवाब झुंझलाकर देते हैं। बेवजह गुस्सा करना इत्यादि। यदि ये सारे लक्षण उनके व्यवहार में नजर आ रहे हैं तो आप समझ लें कि ये खतरे की घंटी है। ऐसे में आप अपने साथी से प्यार से बात करें, आखिर वो क्यों आपसे रूठा हुआ है। यदि आपको कोई जवाब नहीं मिले तो आप गुस्सा होने की बजाय सही समय का इंतजार करें और बात करने का कोई भी मौका न गंवाएं।

## जब वो रहने लगे चुप-चुप

साथी का मौन सबसे खतरनाक व्यवहार होता है, इसका आपके व्यक्तित्व पर सबसे ज्यादा असर पड़ता है। यदि आपका साथी आपके साथ अंतरंग पल नही बिताना चाहता तो समझे कि दूरियां बढ़ रही हैं। बेहद कठिनाई से बाहर जाने के बने कार्यक्रम में देखते हैं कि वहां केवल आप दोनों ही नही, कुछ और भी परिचित हैं, जिनके बारे में आपको पता भी नहीं था।



# जब रहे तनाव

जिंदगी एक खूबसूरत एहसास है। इसे संजीदगी से जीएं, तो इसका अपना ही मजा है। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी और उसमें काम का प्रेशर, जिंदगी को जहन्नुम बनाते जा रहे हैं। मंहगाई की मार ने आज जहां दामपत्य जीवन को प्रभावित किया है वहीं महिलाओं को भी घर से बाहर निकलने को मजबूर कर दिया है। हर कंपनी आज अधिकाधिक मुनाफे के लिए अपने कर्मचारियों का भरपूर शोषण करती है। घर की जिम्मेदारी, बच्चों का ख्याल, परिवार का पोषण इनके साथ में आफिस की टेंशन, ये जहां आपकी निजी जिंदगी को प्रभावित कर रहे हैं, वहीं आपके शरीर को भी अस्वस्थ कर रहे हैं। एक सर्वे के अनुसार प्रेशर में काम करने से आपको हृदय रोग जैसी घातक बीमारी भी हो सकती है। क्या आपको पता है कि तनाव आपको जहां सही से काम करने से रोकता है वहीं इससे अवसाद होने की भी पूरी संभावना होती है। ऐसे में आपकी थोड़ी सी समझदारी ही आपको तनाव से मुक्ति दे सकती है। तनाव के हालात में काम करने से महिलाओं में हृदय रोग की आशंका पुरुषों की तुलना में दोगुनी होती है। यह बात एक नए अध्ययन में सामने आई है। अध्ययन में पाया गया है कि काम का तनाव पुरुषों के मुकाबले महिलाओं को अधिक नुकसान पहुंचाता है। ऐसे में आपको अपना काम करते समय धैर्य की आवश्यक्ता होती है। आपका धैर्य ही आपको कठिन से कठिन परिस्थिति में जीने की राह का निर्माण करती है।



# एल्यूमीनियम को करें एवाइड

हाल ही में इस संदर्भ में हुए शोध कार्यों से जो तथ्य सामने आए हैं उनसे पता चलता है कि एल्यूमीनियम के बर्तनों को खाना बनाने के लिए प्रयुक्त करने से भोजन में भी एल्यूमीनियम के अंश शामिल हो जाते हैं। जो बाद में हमारे शरीर में जाकर हमें नुकसान पहुंचाते हैं।

## इसे जानना जरूरी है

असल में एल्यूमीनियम एक क्रियाशील धातु होती है। यही वजह है कि वायु के सम्पर्क में आने से इसके ऊपर एल्यूमीनियम ऑक्साइड की पर्त जम जाती है। जब टमाटर, इमली, आम, नमक, मसाले, सिरका, दही या नीबू जैसी अम्लीय वस्तुएं इन बर्तनों में डाली जाती हैं, तो ये एल्यूमीनियम ऑक्साइड भोजन में मिल जाते हैं। इनसे मस्तिष्क के अलावा हृदय तथा पाचन तंत्र पर भारी असर पड़ता है। अत: एल्यूमीनियम के बर्तन इस प्रकार के अम्ल युक्त खाद्य पदार्थ बनाने या रखने के लिए बहुत खतरनाक हो जाते हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि एल्यूमीनियम की अधिकता मस्तिष्क की विचार क्षमता एवं स्मरण शक्ति को क्षीण कर देती है। यदि शरीर में एल्यूमीनियम अधिक मात्रा में पहुंच जाए, तो इससे मस्तिष्क की कोशिकाओं के नष्ट होने या क्षतिग्रस्त होने का भय रहता है। इनसे अल्जाइमर्स या डिमेंशा जैसे भयानक स्नायु रोग, गुर्दों व अस्थि रोगों का खतरा सबसे ज्यादा होता है।

## ये हो सकता है सुरक्षित

इतना ही नहीं, बल्कि एल्यूमीनियम के बर्तनों में बनाई जाने वाली चाय भी मस्तिष्क के लिए हानिकारक हो सकती है। एक शोध में पाया गया है कि यदि एल्यूमीनियम के बर्तनों में फलोराइड युक्त पानी उबाला जाता है, तो पानी में एल्यूमीनियम की और अधिक मात्रा घुल जाती है। बताया जाता है कि यदि एल्यूमीनियम के बर्तनों को विद्युतलेपन करके प्रयोग में लाया जाए, तब ये बर्तन अपेक्षाकृत ज्यादा सुरक्षित हो जाते हैं। इसी तरह अगर इन बर्तनों का प्रयोग अम्लीय पदार्थों के लिए नहीं किया जाता, तो भी इनसे उतना खतरा नहीं रहता।

# आया ई-बाइक्स का जमाना

**इन दिनों बाइक के प्रति युवाओं का रूझान देखते ही बनता है। जहां कंपनियां एक से बढ़कर एक मॉडल लांच कर रही हैं, वही मॉडीफाइड बाइकों का भी चलन तेज हुआ है। लेकिन अगर आप कुछ ऐसा लेना चाहते हैं, जो आपकी जेब के साथ ही पर्यावरण को रास आए। तो बेशक तैयार हो जाइए, कुछ ऐसे ही अनुभव के लिए ई-बाइक्स के साथ। जिसको बच्चे भी काफी पसंद कर रहे हैं। आइए जानते हैं, ई-बाइक्स की खासियतों के बारे में इन दिनों युवाओं के साथ बच्चों में ई-बाइक्स को लेकर भी काफी क्रेज देखा जा सकता है। जिसमें कई ऐसी विशेषताएं है, जिनसे आप बाइक का बिल्कुल एक नया अनुभव पा सकते हैं। वैसे इस बाइक का चलन कॉलेज के लड़कों में ज्यादा देखने को मिलात है। जिसे दिलाने में पैरेंट्स को भी कोई परेशानी नहीं होती है।**

## लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन से फुर्सत

इस वक्त बाजार में दो तरह की ई-बाइक्स हैं- लो स्पीड और हाई स्पीड की बाइक। हाई स्पीड बाइक चलाने के लिए ड्राइविंग लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन की जरूरत होती है, लेकिन लो स्पीड बाइक्स में इसकी कोई जरूरत नहीं है। इनकी यही खूबी इन्हें 14-18 साल तक के बच्चों के लिए बेस्ट गिफ्ट बनाती है। तो फिर देरी किस बात की, इस बर्थ-डे पर अपने बच्चे को दीजिए, ऐसा ही कुछ प्यारा सा तोहफा।

## फ्यूल नो प्राब्लम

आजकल हर कोई पेट्रोल के बढ़ते दामों से परेशान है, लेकिन ई-बाइक खरीदकर आप पेट्रोल के खर्चे से आसानी से बच सकते हैं, क्योंकि इन बाइक्स को चार्ज करके आसानी सफर किया जा सकता है। जिसको चार्ज करने में भी बिजली की खपत काफी कम होती है। यानि की इस बाइक को जरूरत पड़ने पर बड़ों के साथ बच्चे भी इस्तेमाल कर सकते हैं।



# हर कदम पर साथ

**आज के आधुनिकता के समय में बैंकों कि भूमिका दिनोदिन बढ़ती जा रही है। ऐसे में महिलाएं इससे कहां तक अछूती रह सकती हैं। पिछले कुछ वर्षों में भी फाइनेंस मैटर्स में रुचि लेना शुरू कर दिया है और वे इन्वेस्टमेंट्स, टैक्स प्लानिंग आदि पर ध्यान देने लगी हैं। महिलाओं में बैक और पैसे के मैनेजमेंट को लेकर बढ़ रही रुचि को देखते हुए आजकल बैंक वगैरह भी कई लेडीज स्पेशल योजनाओं को बाजार में ला रहे हैं।**

## आपकी अपनी योजनाएं

- कई बैंक्स न्यूनतम बैलेंस से लेकर फ्री क्रेडिट या डेबिट कार्ड का ऑफर देते हैं।
- कुछ में ज्वेलरी इंश्योरेंस की स्कीम्स हैं, तो कुछ में एक्सीडेंट इंश्योरेंस की।
- चडीएफसी बैंक का ईजी शॉप वूमेंस एडवांटेज कार्ड एक वर्ष तक लॉकर फीस पर 50 प्रतिशत छूट देता है और साथ ही फ्री बिल पेमेंट सर्विस भी देता है।
- महिलाओं को दिए जाने वाले ज्यादातर कार्डस पर सोने की खरीदारी पर विशेष छूट से कुछ खास खरीदारी पर कैश बैंक स्कीम तक शामिल हैं।
- सिटी बैंक के वूमेंस वीजा सिल्वर कार्ड फ्री कार्ड के साथ एक अतिरिक्त फ्री कार्ड देता है, साथ ही हर 200 रुपए पर एक रिवॉर्ड पॉइंट के अलावा कुछ खास खरीदारी पर भी छूट देता है।
- एबीएन एम्रो की शक्ति सेविंग एकाउंट योजना में 5000 रुपए के न्यूनतम बैलेंस के साथ एक क्रेडिट कार्ड फ्री की सुविधा भी है।
- एक्सिस बैंक की स्मार्ट प्रीविलेज में न्यूनतम बैलेंस 10,000 रुपए हैं और जीरो बैलेंस माइनर एकाउंट के साथ-साथ डेबिट कार्ड पर ज्वेलरी इंश्योरेंस की सुविधा है।
- इनके अलावा बैंकों द्वारा महिलाओं को विशेष तौर पर लोन में भी कई सुविधाएं दी जाती हैं।
- ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स महिलाओं के लिए लोन पर 0.5 प्रतिशत का छूट देता है।
- कुछ बैंक्स जैसे कॉर्पोरेशन बैंक आदि सोना या गहने खरीदने के लिए कम ब्याज दर पर कामकाजी और गृहणियों को लोन मुहैया करवाते हैं।
- लड़कियों की शिक्षा के लिए भी एजुकेशन लोन कम ब्याज दर पर मुहैया करवाते हैं।
- प्रधानमंत्री रोजगार योजना के तहत भी कई बैंक्स खास स्कीम्स व ऑफर्स देते हैं। जिनमें लोन क्रेडिट कार्ड, एकाउंट्स पर लोन उपलब्ध कराते हैं।
- कन्या विवाह सुविधा स्कीम के तहत स्टेट बैंक ऑफ हैदराबाद धन उपलब्ध कराता है। सोने के गहनों की खरीदारी पर भी विशेष छूट मिलती है।
- कामकाजी व घरेलू महिलाओं को भी आंध्रा बैंक स्वर्णभरण स्कीम के तहत सोने की खरीदारी पर विशेष छूट व लोन उपलब्ध कराता है।
- स्त्री शक्ति पैकेज के तहत भी कुछ बैंक महिला रोजगार या व्यापार को बढ़ावा देने के लिए खास छूट देते हैं।
- कॉर्पोरेशन बैंक की वनिता उद्योग स्कीम और केनरा बैंक की महिला निधि स्कीम छोटे व्यापार के लिए महिलाओं को सॉफ्ट लोन उपलब्ध कराते हैं।



- एसएमई यानी स्मॉल एंड मीडियम एंटरप्राइज के लिए इलाहाबाद बैंक और आंध्रा बैंक कम ब्याज दरों पर लोन उपलब्ध कराता है।
- स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक ' स्व रोजगार में शामिल महिलाओं व कामकाजी महिलाओं को प्राइमरी दिवा कार्ड भी कामकाजी या घरेलू महिला को उपलब्ध कराता है।
- इसी तरह से सिटी बैंक का वुमन वीजा मनी कार्ड, एचडीएफसी का वुमेंस गोल्ड कार्ड, आईसीआईसीआई का बिग बाजार शक्ति क्रेडिट कार्ड, महिलाओं को विशेष छूट देता है।
- आपको बता दें कि कुछ कार्ड्स कैश बैंक की सुविधा देते हैं तो कुछ गिफ्ट्स ऑफर करते हैं। खास खरीदारी पर जैसे एचडीएफसी का ईजी शॉप वुमेंस एडवांटेज डेबिट कार्ड, सिटी बैंक का ग्रॉसरी डेबिट कार्ड और यूटीआई का स्मार्ट प्रीविलेज एकाउंट वुमेंस स्पेशल कार्ड उपलब्ध कराता है।

## नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स के खिलाफ आतिशी पारी खेलने के बाद मयंक गुसाईं ने कहा- अभ्यास से किया मुमकिन

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** अरुण जेटली स्टेडियम में आयोजित दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) में अपने पिछले मैच में शानदार जीत दर्ज करने वाली पुरानी दिल्ली 6 के बल्लेबाज मयंक गुसाईं के अनुसार डेथ ओवरों में छक्के लगाना काफी आसान था। नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स के खिलाफ ताबड़तोड़ पारी खेलते हुए उन्होंने सिर्फ 12 गेंदों में 40 रन बनाए। पुरानी दिल्ली 6 ने मंगलवार को नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स को 20 रन से हराकर दिल्ली प्रीमियर लीग में अपनी तीसरी जीत दर्ज की थी। पुरानी दिल्ली 6 को 190 रन के आंकड़े तक पहुंचाने में मयंक की पारी ने अहम भूमिका निभाई। डेथ ओवरों में अपनी बल्लेबाजी को लेकर मयंक ने एक बयान में कहा, छक्के जड़ना मुश्किल नहीं था, मैंने इसके लिए बहुत अभ्यास किया है और मुझे खुशी है कि कल का दिन अच्छा रहा। मैं खुद को एक अच्छा फिनिशर मानता हूं और टीम में भी मुझे यही भूमिका दी गई है। मैं चीजों को सरल रखता हूं और बस गेंद को अच्छे से देखकर उसे मारता हूं। उन्होंने आगे कहा, हां टीम को वह गति मिल गई है जिसकी हमें सबसे ज्यादा जरूरत थी। सभी लड़के अच्छे फॉर्म में दिख रहे हैं। देखा जाए तो सब कुछ वास्तव में अच्छा चल रहा है, अब हमें बस अगले गेम का इंतजार है। मैच की बात करें तो अर्पित राणा, 42 (26 गेंद) और सनथ सांगवान ने 47 (28 गेंद) रनों की धुएंधार पारी खेली तो मयंक गुसाईं ने 5 छक्के लगाकर पुरानी दिल्ली 6 को 20 ओवरों में 192 तक पहुंचने में मदद की। वहीं आयुष सिंह ने टीम के लिए पांच विकेट झटके।

## भारतीय-अमेरिकी रेसर युवेन सुंदरमूर्ति ने वर्ल्ड वाइड टेक्नोलॉजी रेस-वे में जीता तीसरा स्थान

**नई दिल्ली।** भारतीय मूल के युवा अमेरिकी रेसिंग स्टार युवेन सुंदरमूर्ति ने 2024 फायरस्टोन इंडी एनएक्सटी सीरीज़ सीज़न में अपना पहला पोडियम फिनिश कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। युवेन ने वर्ल्ड वाइड टेक्नोलॉजी रेस-वे की 11वीं रेस में तीसरा स्थान हासिल किया। आठवें स्थान से शुरुआत करते हुए सुंदरमूर्ति ने असाधारण दौड़ कौशल और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया, और धीरे-धीरे मैदान में आगे बढ़ते गए। 75 लैप्स के दौरान उन्होंने एक मजबूत गति बनाए रखी और प्रभावशाली प्रदर्शन ने उन्हें तीसरा स्थान दिलाया। इस प्रश्न से सुंदरमूर्ति ने सीज़न टैली में 35 मूल्यवान अंक प्राप्त किए। सीज़न के अपने पहले पोडियम फिनिश पर उत्साहित युवेन सुंदरमूर्ति ने आभार व्यक्त करते हुए कहा, यह पोडियम फिनिश मेरी टीम और मुझ पर विश्वास करने वाले सभी लोगों के वर्षों की कड़ी मेहनत, समर्पण और अटूट समर्थन का परिणाम है। 2024 फायरस्टोन इंडी एनएक्सटी सीरीज में पोडियम हासिल करने वाला पहला भारतीय अमेरिकी बनना एक सम्मान की बात है। यह एक ऐसा क्षण है जिसे मैं हमेशा संजो कर रखूंगा। यह परिणाम एबीईएल मोटरस्पोर्ट्स के अथक प्रयासों का प्रमाण है। उन्होंने आगे कहा कि यह मंच आगे बढ़ने, सुधार जारी रखने और आगामी दौड़ में और भी ऊंचे लक्ष्य रखने की मेरी इच्छा को बढ़ावा देता है।

## राजौरी के मंजाकोट में वॉलीबॉल टूर्नामेंट आयोजित

**राजौरी।** राजौरी के मंजाकोट की आवाम की लंबे समय से प्रतीक्षित इच्छा को उस समय नया सवेरा मिला जब भारतीय सेना ने राजौरी जिले के मंजाकोट हायर सेकेंडरी स्कूल में अत्यधिक मांग वाली वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया। टूर्नामेंट एक जीवंत आयोजन था जिसमें गहन मैच और जीवंत सामुदायिक समारोह शामिल थे। तीन दिवसीय चैंपियनशिप में विभिन्न गांवों की कुल आठ टीमें खेलने जा रही हैं। भारतीय सेना ने सौहार्द और शारीरिक फिटनेस के निर्माण में खेलों के महत्व को पहचानते हुए कोर्ट, उपकरण और कोचिंग सत्रों की स्थापना सहित सभी आवश्यक रसद सहायता प्रदान की। यह टूर्नामेंट केवल एक खेल आयोजन नहीं था बल्कि स्थानीय संस्कृति और एकता का उत्सव भी था। आस-पास के गांवों से बड़ी संख्या में दर्शक एकत्रित हुए, अपनी टीमों का उत्साहवर्धन किया और उत्सव के माहौल का आनंद लिया। स्थानीय लोगों ने भारतीय सेना की भागीदारी की सराहना की जिन्होंने अपनी प्रतिभा दिखाने और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा में शामिल होने के अवसर के लिए आभार व्यक्त किया। स्थानीय खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक मंच प्रदान करने के अलावा इस आयोजन ने समुदाय पर एक अमिट छाप छोड़ी तथा इस क्षेत्र में समर्थन और सद्भावना के एक स्तंभ के रूप में भारतीय सेना की भूमिका को सुदृढ़ किया।

## हाकी चैंपियनशिप : गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कालेज ने नार्दर्न रेलवे को दी मात

**लखनऊ।** लखनऊ हाकी लीग सीनियर मेन चैंपियनशिप में दो मैच खेले गये। पहले मैच में स्पार्ट्स हास्टल ने साइ लखनऊ को 2-0 से मात दे दी। वहीं दूसरे मैच में गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कालेज ने नार्दर्न रेलवे को 5-1 से हरा दिया। मोहम्मद शाहिद स्टेडियम विजयंत खंड में बुधवार दोपहर बाद खेले गये पहले मैच में स्पोर्ट्स हास्टल और साइ लखनऊ के बीच बहुत ही जबरदस्त भिड़ंत हुई। पहले हाफ तक कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी। दूसरे हाफ में 26वें मिनट में स्पोर्ट्स हास्टल ने एक गोलकर बढ़त बना ली। साइ लखनऊ की टीम अभी बराबर करने के लिए मशक्कत कर रही।

# मंडाविया और खडसे ने राष्ट्रीय खेल दिवस पर मेजर ध्यानचंद को पुष्पांजलि अर्पित की

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया और खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे ने गुरुवार को 'राष्ट्रीय खेल दिवस' के अवसर पर हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को पुष्पांजलि अर्पित की।

यहां मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में आयोजित समारोह में श्री मंडाविया और सुश्री खडसे ने मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और 'एक पेड़ माँ के नाम' मुहिम के तहत वृक्षारोपण भी किया। इस दौरान दोनों मंत्रियों ने भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के अधिकारियों के साथ रस्साकशी और एक मैत्री फुटबॉल मैच भी खेला।

इस अवसर पर केन्द्रीय खेल मंत्री फिटनेस और स्वास्थ्य के महत्व पर बल देते हुए कहा, देश के नागरिक को फिट और स्वस्थ्य रहना चाहिए। एक स्वस्थ्य नागरिक ही स्वस्थ्य राष्ट्र का निर्माण करता है। 2047 में विकसित भारत के निर्माण के लिए हर नागरिक को स्वस्थ्य और फिट रहना आवश्यक है।

उन्होंने कहा, फिट रहने के लिए खेलों में शामिल होना जरूरी है। इसलिये सभी नागरिको को अपनी रूचि के अनुसार एक घंटे खेलना



चाहिए। मैं आज एक घंटा फुटबॉल खेलूंगा।

श्रद्धांजलि देने के बाद, डॉ. मंडाविया और सुश्री खडसे फिटनेस और खेल के संदेश को बढ़ावा देने के लिए जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम गए। वहां एक सभा को सम्बोधित करते हुए डॉ. मंडाविया ने अपना संदेश दोहराया और सभी नागरिकों से राष्ट्रीय खेल दिवस पर कम से कम एक घंटा आउटडोर खेलों के लिए समर्पित करने का आग्रह किया, जो पूरे भारत में खेल और शारीरिक फिटनेस की संस्कृति को बढ़ावा देने की व्यापक पहल को दर्शाता है।

उन्होंने कहा, माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 'जो खेलेंगे, वो खिलेंगे' के दृष्टिकोण के अनुरूप, हम सभी को खेलों को सक्रिय रूप से अपनाना चाहिए। दुनिया भर में सबसे युवा देशों में से एक के रूप में, खेलों के जरिए शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखना हमारी प्रगति के लिए महत्वपूर्ण है।

उन्होंने नागरिकों के स्वास्थ्य और पर्यावरण को लेकर साइकिल चलाने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा, ÷साइकिल चलाना न केवल सबसे अच्छा व्यायाम है, बल्कि यह छोटी दूरी के लिए परिवहन का एक पर्यावरण-अनुकूल साधन भी है। यह ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के खिलाफ एक शक्तिशाली उपकरण है। साइकिल चलाना प्रदूषण का सबसे अच्छा समाधान है। उल्लेखनीय है कि हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के रुप में मनाया जाता है। ध्यानचंद का जन्म 29 अगस्त 1905 को प्रयागराज में हुआ था। उन्हें हॉकी के जादूगर के नाम से भी जाना जाता है।

## साथियान चमके, दिल्ली ने गोवा चैलेंजर्स को 9-6 से हराया

**एजेंसी**

**चेन्नई।** दबंग दिल्ली टीटीसी के कप्तान साथियान ज्ञानसेकरन ने एथलीड गोवा चैलेंजर्स के मिहाई बोबोसिका के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया, जिससे उनकी टीम इंडियनऑयल यूटीटी 2024 में



पहली जीत की नींव रखने में सफल रही। जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में बुधवार को ओलंपियनों की लड़ाई में, बोबोसिका ने पहला गेम 11-8 से जीता। उन्होंने 23 शॉट की रैली के ज़रिए यह जीत हासिल की। यह इस सीज़न की अब तक की सबसे लंबी रैली थी। हालांकि, साथियान ने शानदार वापसी करते हुए गेम दो और तीन जीतकर मैच अपने नाम कर लिया। इस मुकाबले के पहले महिला एकल में, दबंग दिल्ली टीटीसी की ओरावन परनांग ने यांग्जी लियू को हराने वाली पहली पैडलर बनकर इतिहास रच दिया। इसके बाद मिश्रित युगल मुकाबले में, परनांग ने अपने साथी साथियान के साथ मिलकर लियू को फिर से हराया। दूसरे पुरुष एकल मुकाबले में, एथलीड गोवा चैलेंजर्स के कप्तान हरमीत ने एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए एंड्रियास लेवेंको को 2-1 से हराया।

# जैकब ओरम बनाये गये न्यूजीलैंड पुरुष्ट टीम के गेंदबाजी कोच

**एजेंसी**

**वेलिंग्टन।** भारत दौरे से पहले न्यूजीलैंड ने पूर्व ऑलराउंडर जैकब ओरम को पुरुष टीम का गेंदबाजी कोच बनाया है वह सात अक्टूबर को अपना कार्यभार ग्रहण करेंगे।

अपनी नियुक्ति पर ओरम ने कहा, मैं ब्लैककैप्स के साथ फिर से जुड़ने का अवसर पाकर वास्तव में उत्साहित हूं। उन्होंने कहा, एक ऐसी टीम के साथ फिर से जुड़ना जो मेरे लिए बहुत मायने रखती है और मेरे जीवन का एक बड़ा हिस्सा रही है, वास्तव में सम्मान की बात है।

उन्होंने कहा, हाल ही में मुझे जो अवसर मिले हैं, उनसे मुझे इस बात का अंदाजा हुआ है कि यह टीम कहां जा रही है और मैं आने वाले सत्रों में उस पर काम जारी रखने के लिए उत्साहित हूं। उन्होंने कहा, ब्लैककैप्स की गेंदबाजी में प्रतिभा की एक नई लहर आ रही है और मुझे उम्मीद है कि मैं उनके साथ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की चुनौतियों के लिए बेहतरीन तरीके से तैयार करने में मदद करने के लिए अपना ज्ञान और अनुभव साझा कर सकता हूं।उल्लेखनीय है ओरम ने वर्ष



2014 में न्यूजीलैंड ए के साथ अपने कोचिंग करियर की शुरुआत की और फिर 2018 से न्यूजीलैंड महिला टीम के साथ गेंदबाजी कोच के रूप में काम किया। पिछली गर्मियों में उन्हें सेंट्रल हिंड्स का मुख्य कोच बनाया गया था और टीम सुपर स्मैश फाइनल में पहुंची थी। ओरम अबू धाबी टी-10 में सहायक कोच और एसए-20 में एमआई केप टाउन के गेंदबाजी कोच भी रह चुके हैं। उन्होंने अपने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट करियर में कीवी टीम के लिए कुल 229 मुकाबले खेले हैं। उन्होंने अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में छह शतक और 21 अर्धशतकों के साथ कुल 4688 रन बनाये है। वहीं गेंदबाजी में 252 विकेट चटकाए हैं।

# जहीर खान बने लखनऊ सुपर जाइंट्स के मेंटर

**एजेंसी**

**कोलकाता।** भारतीय टीम के पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान मार्गदर्शक (मेंटर) के रूप में लखनऊ सुपर जाइंट्स (एलएसजी) से जुड़ गए। कोलकाता स्थित आरपीएसजी ग्रुप के मुख्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में ग्रुप के चेयरमैन और एलएसजी फ्रेंचाइजी के मालिक डॉ. संजीव गोयनका ने यह घोषणा की। इस मौके पर जहीर खान ने कहा कि वह एलएसजी टीम का मार्गदर्शन करने के साथ ही गेंदबाजी कोचिंग की कमी भी पूरी करेंगे। डॉ. गोयनका ने कहा कि जहीर खान के साथ एलएसजी के खिलाड़ी आईपीएल के अगले सीजन में मजबूत वापसी करेंगे। टीम के बैकरूम स्टाफ में उनका शामिल होना एक नई गतिशीलता लाता है, क्योंकि वह मुख्य कोच जस्टिन लैंगर के साथ ही मजबूत कोचिंग टीम के साथ जुड़े हैं। इस टीम में लांस क्लूजनर, एडम वोग्स, व जोंटी रोड्स शामिल हैं। जहीर ने कहा कि आईपीएल में लखनऊ सुपर जाइंट्स का सफर महज तीन साल का रहा है, इसमें दो बार टीम ने प्लेऑफ में जगह बनाकर प्रतिद्वंदियों को कड़ी चुनौती दी। लखनऊ आएंगे

आरपीएसजी ग्रुप के वाइस चेयरमैन शाश्वत गोयनका ने लखनऊ




अब टीम को आगे कैसे ले जाना है, इस बाबत प्रयास किए जाएंगे। जहीर ने कहा कि उन्हें लखनऊ आए हुए काफी अरसा हो गया है। अब लखनऊ से विशेष जुड़ाव हो गया है तो जल्द ही वह सुपर जाइंट्स में शामिल होने के लिए जहीर खान का स्वागत किया और कहा कि उनके आने से आईपीएल के अगले सीजन की तैयारियों के लिए खिलाड़ियों को काफी मदद मिलेगी।

# करन शर्मा के करिश्मायी प्रदर्शन से काशी ने कानपुर को रौंदा

**एजेंसी**

**लखनऊ।** कप्तान करन शर्मा (12 रन पर तीन विकेट और 24 नाबाद) के हरफनमौला प्रदर्शन की मदद से काशी रुद्रास ने यूपी टी20 लीग के एक मुकाबले में कानपुर स्टार्स को नौ विकेट से रौंद दिया। अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम पर कानपुर स्टार्स की पूरी टीम पहले बल्लेबाजी करते हुये मात्र 90 रन पर ढह गयी जिसके जवाब में काशी रुद्रास ने महज 12 ओवर के खेल में एक विकेट खोकर विजय लक्ष्य को हासिल कर लिया।

काशी की जीत में उनके कप्तान करन शर्मा का अहम योगदान रहा। उन्होने घातक गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुये मात्र 12 रन खर्च कर कानपुर के तीन महत्वपूर्ण विकेट चटकाये जबकि बाद में 27 गेंदो में 24 रन बनाकर अपनी टीम को विजय के द्वार तक पहुंचा दिया। करन के अलावा अलमस शौकत ने आतिशी बल्लेबाजी का मुजाहिरा करते हुये चार छक्कों की मदद से 39 रन ठोके। वह भी करन के साथ टीम को जीत दिला कर नाबाद वापस लौटे। इससे पहले कानपुर की शुरुआत बेहद खराब रही जब महज 5.1 ओवर के खेल में उनके चार शीर्ष बल्लेबाज 23 रन जोड़ कर पवेलियन लौट गये। कप्तान समीर रिजवी (33) ने काशी के सामने लड़ने का जज्बा दिखाया मगर अंकुर मलिक (20 नाबाद) के अलावा कानपुर का कोई भी लड़ाका काशी के गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सका।

## मेघालय के नोंगिरी प्रेस्बिटेरियन सेकेंडरी स्कूल ने जीता सुब्रतो कप सब-जूनियर्स का खिताब

**एजेंसी**

**बेंगलुरु।** मेघालय के नोंगिरी प्रेस्बिटेरियन सेकेंडरी स्कूल ने यहां आर्मी स्पोर्ट्स कॉर्प्स सेंटर में खेले गए 63वें सुब्रतो कप सब-जूनियर बॉयज अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में उत्तर प्रदेश के मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स कॉलेज को 3-0 से हराकर खिताब अपने नाम किया। प्रोस्परवेल रिंटोंग ने दो गोल किए, जबकि नेमबनलाम नोंगकसेह ने तीसरा गोल कर जीत सुनिश्चित की।एयर मार्शल नागेश कपूर, एवीएसएम, वीएम, एओसी-इन-सी, ट्रेनिंग कमांड ने भारतीय बैडमिंटन स्टार ओलंपियन एच.एस. प्रणॉय और भारतीय एथलीट अश्विनी अक्कुंजी के साथ विजेताओं को ट्रॉफी प्रदान की। नोंगिरी प्रेस्बिटेरियन ने मैच की शुरुआत के 30 सेकंड के भीतर ही उत्तर प्रदेश की टीम को चौंका दिया, जब उन्होंने पहले ही हमले से बढ़त हासिल कर ली। प्रोस्परवेल ने पहले मिनट में ही शानदार तरीके से गोल किया, जिससे गोलकीपर को कोई मौका नहीं मिला और फाइनल में शुरुआती बढ़त मिल गई।

# वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शैनन गेब्रियल ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शैनन गेब्रियल ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। गेब्रियल ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर अपने संन्यास की जानकारी देते हुए कहा, पिछले 12 सालों से मैंने स्वयं को अंतराष्ट्रीय क्रिकेट के लिए समर्पित कर दिया था और इस दौरान क्रिकेट के सर्वोच्च स्तर पर खेलना मेरे लिए सबसे बेहतरीन था। अपने पसंदीदा खेल में वेस्टइंडीज का प्रतिनिधित्व करना मुझे बहुत खुशी देता है। लेकिन जैसा कहा जाता है कि हर चीज का अंत होता है, लिहाजा आज मैं भी अपने अंतरराष्ट्रीय करियर से संन्यास ले रहा हूं।

उन्होंने कहा, सबसे पहले मैं भगवान का शुक्रिया अदा करना चाहता हूं और साथ ही अपने परिवार का भी शुक्रगुजार हूं जिसने इस दौरान मेरा हर कदम पर साथ दिया। इसके अलावा मैं क्रिकेट वेस्टइंडीज,




मेरे कोच और सभी स्टाफ का भी आभारी हूं। शब्दों में मैं उनके योगदान को नहीं समेट सकता जिन्होंने सालों तक मेरा साथ दिया। आखिर में मैं अपने उन सहयोगियों को भी धन्यवाद देना चाहूंगा जो हर पल मेरे साथ थे और उन्होंने मेरे इस सफर को यादगार बनाया। मैं ये भी कहना चाहूंगा कि आगे मैं अपने देश (त्रिनिदाद और टोबैगो), क्लब और दुनिया भर की फ्रैंचाइजी टीम के लिए उसी प्यार और समर्पण के साथ खेलना जारी रखूंगा जैसे अपने पूरे करियर में करता आया हूं। ग्रेब्रियल ने वर्ष 2012 में अपने क्रिकेट करियर की शुरुआत की थी। उन्होंने अपने करियर में 59 टेस्ट, 25 एकदिवसीय और दो टी-20 मैच वेस्टइंडीज के लिए खेले है और उनके नाम 202 विकेट है। गेब्रियल को टेस्ट में कामयाबी उनकी लंबाई और ताकत से मिलती थी अक्सर बेजान पिचों पर भी गेब्रियल विशेष प्रभावशाली हुआ करते थे। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन श्रीलंका के खिलाफ घरेलू मैदान पर 121 रन देकर टेस्ट मैच में 13 विकेट का रहा है ये कारनामा उन्होंने जून 2018 में किया था।

# पियूष की फिरकी पर नाचा लखनऊ फाल्कन्स, नोएडा किंग्स जीता

**एजेंसी**

**लखनऊ।** अनुभवी पियूष चावला (16 रन पर तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी की मदद से नोएडा किंग्स ने यूपी टी20 लीग के वर्षा बाधित मुकाबले में लखनऊ फाल्कन्स को पांच विकेट से हरा दिया।

अटल बिहारी इकाना स्टेडियम पर लखनऊ ने पहले बल्लेबाजी करते निर्धारित 12 ओवरों में 100 रन बनाये, जवाब में नोएडा किंग्स ने विजय लक्ष्य पांच विकेट खोकर हासिल कर लिया। लखनऊ फाल्कन्स के सलामी बल्लेबाज समर्थ सिंह 32 रन बनाये जबकि कार्तिग्ये सिंह ने 21 रनो का योगदान दिया।

नोएडा के कप्तान नितीश राणा का टॉस जीत कर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला सही साबित हुआ जब कुणाल त्यागी ने पहले ही ओवर में अभय चौहान को पीयूष चावला के हाथों कैच कराकर आउट कर दिया। शुरुआती ओवरों में लखनऊ के बल्लेबाजों ने आक्रामक बल्लेबाजी का मुजाहिरा किया और लखनऊ का स्कोर तीन ओवर में 30 रन पर पहुंच गया था मगर नितीश राणा ने अपने सबसे अनुभवी गेंदबाज का चतुराई से उपयोग किया। चावला ने अपने पहले ही ओवर में विकेट हासिल किया जब लेग स्पिनर को स्वीप करने के प्रयास में हर्ष त्यागी पगबाधा आउट हो गए। इसके



बाद लखनऊ के कप्तान प्रियम गर्ग ने समर्थ के साथ मिलकर 30 रनों की साझेदारी बनाई। समर्थ ने अपनी पारी में तीन छक्के लगाए। गर्ग ने भी अपनी पारी को आगे बढ़ाने के लिए स्वीप और रिवर्स स्वीप का प्रयास किया। मुख्य आकर्षण चावला की गेंद पर लॉन्ग ऑफ पर लगाया गया छक्का था। पारी के आठवें ओवर में प्रशांत वीर ने समर्थ को हवा में छकाकर स्टंप आउट कर दिया। अगले ही ओवर में चावला ने गर्ग को 16 रन पर गुगली ने बोल्ड कर दिया। इसके बाद राणा ने आराध्या यादव को डीप में कैच कराया। आठवें ओवर में लखनऊ का स्कोर दो विकेट पर 63 रन था, जो 10वें ओवर में छह विकेट पर 70 रन हो गया। लखनऊ को अंत में कुछ गति मिली और वह तीन अंकों के करीब पहुंच गया। अनुभवी भुवनेश्वर कुमार ने पारी की आखिरी गेंद पर चौका लगाकर लखनऊ का स्कोर सात विकेट पर 100 रन पूरा किया। लखनऊ के लिये गेंदबाजी की शुरुआत भुवनेश्वर ने की मगर नोएडा के बल्लेबाजों के मिजाज को भांपते हुये गर्ग ने दूसरे ओवर में अपने स्पिनरों की ओर रुख किया। पर्व सिंह ने अपने पहले ही ओवर में हन्नान रिजवान को पगबाधा आउट कर दिया। कृतज्ञ को अंततः अपनी कड़ी मेहनत का फल मिला जब उन्होंने अपने तीसरे और अंतिम ओवर में नितीश राणा का बड़ा विकेट हासिल किया।

# उरुग्वे के डिफेंडर जुआन इजक्विएर्डो की मैच के दौरान गिरने से मौत

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** उरुग्वे फुटबॉल क्लब नैशनल के डिफेंडर जुआन इजक्विएर्डो, जो पिछले सप्ताह अनियमित हृदयगति के कारण मैदान पर गिर पड़े थे, की मृत्यु हो गई है। वह 27 वर्ष के थे। उरुग्वे क्लब ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

22 अगस्त को साओ पाउलो के खिलाफ नैशनल के मैच के दौरान अनियमित दिल की धड़कन के बाद इजक्विएर्डो अस्पताल में अपनी ज़िंदगी के लिए संघर्ष कर रहे थे। यह घटना खेल के 84वें मिनट में हुई, जब इजक्विएर्डो अन्य खिलाड़ियों से संपर्क किए बिना ही बेहोश हो गए। चिकित्सा कर्मी उनकी सहायता के लिए दौड़े, उन्हें गहन चिकित्सा इकाई में ले जाने से पहले मैदान पर ही तत्काल उपचार दिया गया।

डॉक्टरों के बेहतरीन प्रयासों के बावजूद, इजक्विएर्डो की हालत अगले कुछ दिनों में बिगड़ती चली गई, जिसके कारण उनकी मृत्यु हो गई। सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म एक्स पर जारी एक बयान में नैशनल ने इस खबर की पुष्टि की। क्लब ने पोस्ट किया, क्लब नैशनल अपने प्रिय खिलाड़ी जुआन इजक्विएर्डो के मृत्यु की घोषणा करते हुए बहुत दुख और सदमे में है। हम उनके परिवार, दोस्तों, सहकर्मियों और प्रियजनों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं। नैशनल के सभी लोग उनके अपूर्णीय नुकसान के लिए शोक में हैं।

इस घटना के बाद उरुग्वे के फुटबॉल अधिकारियों ने सप्ताहांत में सभी प्रथम और द्वितीय श्रेणी के मैच स्थगित कर दिए। इंटर मियामी के स्ट्राइकर और उरुग्वे के पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी लुइस सुआरेज़ ने इस खबर पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा, दर्द, दुख, इसे बयां करना मुश्किल है। भगवान उनकी आत्मा को शांति दे। मैं उनके परिवार और दोस्तों के लिए ढेर सारी शक्ति की कामना करता हूँ।

# अल-हिलाल ने मैनचेस्टर सिटी से जोआओ कैंसेलो को किया अनुबंधित

**एजेंसी**

**पेरिस।** सऊदी प्रो लीग क्लब अल-हिलाल ने प्रीमियर लीग चैंपियन मैनचेस्टर सिटी से पुर्तगाली अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी जोआओ कैंसेलो को तीन साल के सौदे पर अनुबंधित किया है। कैंसेलो 2019 की गर्मियों में जुवेंटस से सिटी में शामिल हुए और क्लब में अपने पहले दो सत्रों में से प्रत्येक में प्रीमियर लीग खिताब और काराबाओ कप जीता। जनवरी ट्रांसफर विंडो में लोन पर बायर्न म्यूनिख में जाने से पहले उन्होंने 2022/23 सीज़न में 26 मैच भी खेले। 30 वर्षीय खिलाड़ी ने फिर पूरे 2023/24 अभियान को बार्सिलोना के साथ स्पेन में लोन पर बिताया। कुल मिलाकर, कैंसेलो ने सिटी के लिए 154 प्रदर्शन किए, पेप गार्डियोला की टीम के लिए नौ गोल किए और अब एक नई चुनौती के लिए सऊदी प्रो लीग में चले गए हैं।

### टाइट हगिंग ड्रेस में

# दिशा पाटनी

## की मदमस्त अदाएं देख फटी रह जाएंगी आंखें, लोग बोले- हॉटनेस का जवाब नहीं



बॉलीवुड की बोल्ड और ब्यूटिफुल एक्ट्रेस में दिशा पाटनी का नाम जरूर शामिल है, जो अपनी कातिलाना अदाओं से हर बार लोगों का दिल जरूर चुराती हैं। कभी टाइगर श्रॉफ की गर्लफ्रेंड के तौर पर जानी जाने वालीं दिशा आज बॉलीवुड की लीडिंग लेडी में से एक हैं।नाग अश्विन की कल्कि 2898 एडी में दिशा का कम स्क्रीन टाइम कम रहा, लेकिन उनकी छोटी सी परफॉर्मेंस ने कहानी में दमदार इम्पैक्ट डाला। एक्ट्रेस अब अपनी अपकमिंग फिल्मों के लिए तैयारी कर रही हैं। इस बीच सोशल मीडिया पर उनकी कुछ सिजलिंग तस्वीरें सामने आई हैं, जिसे देखते ही यूजर्स एक बार फिर दिल हार बैठे हैं।



**टाइट फिटिंग ड्रेस में दिखाया ग्लैमर**

दिशा पाटनी अक्सर छोटे कपड़ों में अपना ग्लैमर दिखाती हैं। समंदर किनारे बिकिनी में वह कई बार अपना जलवा दिखा चुकी हैं। वहीं, अब एक्ट्रेस ने ब्लैक बॉडीकॉन ड्रेस में कुछ तस्वीरें शेयर की हैं।कभी नजरें झुकाए, तो कभी नेक लाइन पर हाथ रखते हुए एक्ट्रेस ने एक से बढ़कर एक पोज फोटोशूट में दिए हैं।

**फैंस हुए दीवाने**

इन तस्वीरों के देख फैंस दिशा की सुंदरता पर मर मिटे हैं। किसी ने उन्हें सबसे खूबसूरत महिला कहा, तो किसी ने उनके लिए प्रिटी कमेंट किया। एक यूजर ने लिखा, आपकी हॉटनेस की कोई लिमिट नहीं। एक अन्य ने लिखा, सेंशुअल, हॉट दिशा पाटनी।

**दिशा पाटनी की फिल्में**

एक्ट्रेस की आने वाली फिल्मों की बात करें, तो उनकी झोली में साउथ की %कंगुवा% है। इस मूवी में उनके अलावा बॉबी देओल भी होंगे, जो %एनिमल% के बाद एक बार फिर नेगेटिव रोल में नजर आएंगे। इसके अलावा वह वेलकम टू द जंगल में भी नजर आएंगी।

# तमन्ना भाटिया

## संग रिलेशनशिप को पब्लिक करने पर Vijay Varma का बड़ा बयान, कहा - हर किसी के अंदर एक बुआ छिपी है



विजय वर्मा और तमन्ना भाटिया का रिलेशनशिप किसी से छिपा नहीं है। दोनों कई बार पब्लिक एपियरेंस में भी साथ नजर आ चुके हैं और अक्सर सोशल मीडिया पर साथ में तस्वीरें शेयर करते हैं। लेकिन एक ऐसे समय में जहां कपल्स अपने रिलेशनशिप को सीक्रेट रखना पसंद करते है ऐसे में तमन्ना और विजय ने अपना रिलेशनशिप क्यों पब्लिक किया ?

**क्यों नहीं छुपाया रिलेशनशिप ?**

अब इस पर एक्टर ने जवाब दिया है। विजय वर्मा ने शुभांकर मिश्रा के यूट्यूब चैनल को दिए इंटरव्यू में कहा, हमने अपना रिलेशन इसलिए ओपन किया क्योंकि हम अपनी फीलिंग्स को दबाना नहीं चाहते थे। मैं और तमन्ना दोनों इस पर राजी हुए कि अगर हमें एक दूसरे के साथ समय बिताना अच्छा लगता है और हम एक-दूसरे को पसंद करते हैं तो इस फीलिंग को छुपाने की जरूरत नहीं है। रिलेशनशिप छुपाने में बहुत मेहनत लगती है। आप साथ में बाहर नहीं जा सकते, फ्रेंड्स आपकी फोटो नहीं क्लिक कर सकते। मुझे ऐसा बंदिशें पसंद नहीं।



**दूसरे की जिंदगी के बारे में जानने के लिए रहते हैं इच्छुक**

एक्टर ने आगे कहा, हालांकि कई ऐसी चीजें भी हैं जो मैं पब्लिक के सामने नहीं लाता। जैसे मेरी और तमन्ना की साथ में करीब 5000 फोटोज हैं लेकिन वो पब्लिक में कहीं नहीं हैं क्योंकि ये सिर्फ हमारे लिए हैं। विजय ने हंसते हुए कहा कि हर किसी के अंदर एक छिपी हुई बुआ है और वो जानना चाहते हैं कि सामने वाले की जिंदगी में क्या हो रहा है? वहीं जब उनसे सवाल किया गया कि क्या कभी रिलेशनशिप का असर उनके काम पर पड़ा इस पर एक्टर ने कहा कि मुझे अपने काम की तारीफ मिलती है और इस बात से मना नहीं कर सकता।तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा ने साल 2023 में लस्ट स्टोरीज 2 के दौरान अपना रिलेशनशिप कंफर्म किया था। इस फिल्म में दोनों साथ नजर आए थे।

## मलयालम सिनेमा के एक्टर्स ही नहीं, इन पांच बॉलीवुड स्टार्स पर भी लग चुके हैं यौन शोषण के आरोप



फिल्म इंडस्ट्री अक्सर किसी न किसी वजह से चर्चा में रहती है. इस वक्त मलयालम सिनेमा के कुछ एक्टर्स पर काफी गंभीर आरोप लग रहे हैं. हेमा कमेटी रिपोर्ट सामने आने के बाद मलयालम फिल्म इंडस्ट्री में महिलाओं के साथ कास्टिंग काउच और यौन उत्पीड़न जैसे खुलासे हुए. अब तक इस मामले में कई बड़े नाम सामने आए हैं, जिन्होंने इस केस को और बड़ा बना दिया है. न सिर्फ एक्टर्स बल्कि फिल्ममेकर्स-डायरेक्टर्स पर भी आरोप लग रहे हैं.ये पहली बार नहीं है इससे पहले भी कई एक्टर्स के नाम सेक्शुअल हैरेसमेंट के आरोप लग चुके हैं. साल 2017 में अमेरिका में वायरल हुआ हैशटेग MeToo जब भारत तक पहुंचा तो इसने 2018 के बाद जोर पकड़ा और देखते ही देखते कई बॉलीवुड एक्ट्रेसेस ने फिल्म इंडस्ट्री के कई बड़े लोगों पर यौन शोषण के आरोप लगाए थे.

**नाना पाटेकर**

बॉलीवुड के दिग्गज एक्टर नाना पाटेकर 'क्रांतिवीर', 'तिरंगा', 'वेलकम', 'काला', 'अब तक छप्पन', 'राजनीति' और 'नटसम्राट' जैसी फिल्मों में में काम कर चुके हैं. 25 दिसंबर 2018 को मीटू मूवमेंट के दौरान एक इंटरव्यू में 2004 की मिस इंडिया यूनिवर्स रहीं एक्ट्रेस तनुश्री दत्ता ने उनपर सेक्शुअल हैरेसमेंट के आरोप लगाए थे.तनुश्री का आरोप था कि 2008 में आई फिल्म 'हॉर्न ओके प्लीज' के एक गाने की शूटिंग के दौरान नाना ने उनके साथ बदसलूकी की थी. हालांकि, नाना ने तनुश्री के आरोपों को झूठा ठहराया था.

**आलोक नाथ**

बॉलीवुड फिल्मों में अपने संस्कारी किरदारों के लिए मशहूर दिग्गज एक्टर आलोक नाथ 'हम आपके हैं कौन', 'हम साथ-साथ हैं', 'जीत' और 'गांधी जैसी फिल्मों में काम कर चुके हैं. इन पर यौन शोषण के अब तक चार आरोप लग चुके हैं. इनमें राइटर और प्रड्यूसर विंता नंदा, एक्ट्रेस संध्या मृदुल, एक्ट्रेस दीपिका अमीन और एक अन्य महिला ने उन पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था. इन आरोपों पर उन्होंने कहा था कि ये उनकी छवि खराब करने की कोशिश है.

**साजिद खान**

डायरेक्टर और कोरियोग्रफर फराह खान के भाई डायरेक्टर और स्क्रिप्ट राइटर साजिद खान, जोकि 'हे बेबी', 'हाउसफुल' फ्रेंचाइज़ी और 'हमशकल्स' जैसी फिल्में डायरेक्ट कर चुके हैं, उनपर भी ऐसे गंभीर आरोप लगे हैं.

## अब Big Boss 18 में होगा सरकटे का आतंक? सलमान के शो में कंटेस्टेंट बनेगा 'स्त्री 2' का एक्टर!



श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव स्टारर फिल्म 'स्त्री 2' बॉक्स ऑफिस पर धूम मचाए हुए है. 'स्त्री 2' इस साल की बॉलीवुड की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है. ये फिल्म 15 अगस्त को रिलीज हुई है, तब से ही ताबड़तोड़ कमाई कर रही है. हॉरर-कॉमेडी इस फिल्म में पंकज त्रिपाठी, अपारशक्ति खुराना और अभिषेक बनर्जी भी नजर आए हैं. वहीं अक्षय कुमार, वरुण धवन और तमन्ना भाटिया ने कैमियो किया है.इस फिल्म में एक सिर कटे भूत की कहानी दिखाई गई है, जिसे लोग बहुत पसंद कर रहे हैं. फिल्म में 'सरकटे' का किरदार निभाने वाले एक्टर जम्मू के सुनील कुमार हैं. सुनील ने अब इस बात का खुलासा किया है कि उन्हें 'बिग बॉस 18' के लिए संपर्क किया गया है. पिंकविला से बातचीत के दौरान जब सुनील से ये पूछा गया कि फिल्में या फिर 'बिग बॉस' जैसा टीवी रिएलिटी शो, उन्हें क्या करने में ज्यादा दिलचस्पी है. इस पर सुनील ने 'बिग बॉस' से कॉल आने का जिक्र किया. उन्होंने कहा, बिग बॉस से फोन आया है मुझे, अक्टूबर में शो करने के लिए बोल रहे हैं.

**क्या शो में नजर आएंगे सुनील ?**

सुनील ने कहा, मैं फिलहाल 'बिग बॉस' में शामिल होने के बारे में सोच रहा हूं, लेकिन मैं पुलिस में काम करता हूं तो छुट्टी के लिए समस्या होती है. ऐसे में मुझे इसके लिए सोचना पड़ेगा. छुट्टी लेने के लिए पूछना पड़ता है. हालांकि, जो मेरे सीनियर अधिकारी हैं. वो मुझे बहुत सपोर्ट करते हैं. वो मुझे इसके लिए मना नहीं करेंगे. सुनील ने कहा कि उनके सर उन्हें फिल्म के लिए, ऐड के लिए या कुश्ती के लिए कहीं भी जाना हो तो उन्हें सपोर्ट करते हैं, छुट्टी के लिए कभी मना नहीं करते हैं. सुनील ने शो में शामिल होने की इच्छा तो जताई, लेकिन उन्होंने शो में शामिल होने की बात को कंफर्म नहीं किया है.

**कौन हैं सुनील कुमार ?**

सुनील को कुश्ती जगत में द ग्रेट अंगार के रूप में भी जाना जाता है. वो 7.7 फीट लंबे हैं. वो जम्मू-कश्मीर पुलिस में कांस्टेबल के पद पर हैं. उन्हें जम्मू का ग्रेट खली भी कहा जाता है. 'स्त्री 2' में उनके किरदार को काफी पसंद किया जा रहा है. फिल्म में 'सरकटे' का जो चेहरा देखने को मिल रहा है, वो CGI जनरेटेड है. कुमार ने इससे पहले 2019 में WWE ट्रायआउट में भी हिस्सा लिया था.

**छह साल पहले आया था पहला पार्ट**

'स्त्री 2' जिस दिन रिलीज हुई थी, उस दिन अक्षय कुमार और जॉन अब्राहम की फिल्मों से उसकी टक्कर हुई थी, लेकिन इसके बावजूद फिल्म की कमाई पर कोई असर नहीं पड़ा. 'स्त्री 2' में चंदेरी के भूतिया शहर की कहानी है.